संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें
02 दिसंबर 2025, मंगलवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 08, अंक - 069
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

### तीन करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाने का है लक्ष्य : शिवराज

**नई दिल्ली ।** केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि लखपति दीदी ने अपने कर्मठ प्रयासों से समृद्धि से अपनी भविष्य की दास्तान लिखी है। आज देश में दो करोड़ लखपति दीदी बन चुकी हैं। अब तीन करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। वो दिन दूर नहीं हर जब देश की सभी दीदी लखपति होंगी।

## संसद राष्ट्र निर्माण का मंच, न कि पराजय-विजय की राजनीति का अखाड़ा : पीएम



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले संसद परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए विपक्ष और सत्ता पक्ष- दोनों से आग्रह किया कि यह सत्र न तो पराजय की बौखलाहट का मैदान बने और न ही विजय के अहंकार का मंच। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और अर्थतंत्र की मजबूती को आज दुनिया बड़ी बारीकी से देख रही है, ऐसे में संसद का हर क्षण राष्ट्र निर्माण के लिए उपयोग होना चाहिए, न कि राजनीतिक नकारात्मकता में व्यर्थ जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि संसद देश को प्रगति की नई गति देने और भविष्य की दिशा तय करने का अहम माध्यम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संसद का शीतकालीन सत्र भी देश की विकास यात्रा में नई ऊर्जा भरेगा।
उन्होंने कहा कि भारत ने लोकतंत्र को जिया है। लोकतंत्र की उमंग और उत्साह को समय-समय पर इस तरह प्रकट किया है कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास और मजबूत होता रहता है।
प्रधानमंत्री ने हाल ही में हुए बिहार विधानसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां मतदान का जो आंकड़ा आया है, वह लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत का प्रमाण है। विशेष रूप से माताओं-बहनों की बढ़ती भागीदारी को उन्होंने देश की बदलती सोच और बढ़ते विश्वास का प्रतीक बताया।
प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दल ऐसे हैं जो अपने पराजय भाव को पचा नहीं पाते। उन्होंने कहा कि उम्मीद थी कि बिहार के नतीजों के बाद समय के साथ सब संभल जाएंगे, लेकिन हाल की बयानबाजी से यह स्पष्ट है कि पराजय की पीड़ा अभी भी उन्हें विचलित कर रही है। यह दुखद है कि इस निराशा को वे संसद में लेकर आते हैं। उन्होंने बिना किसी दल का नाम लिए कहा कि संसद देश की नीतियों और भविष्य पर केंद्रित होनी चाहिए, न कि किसी राज्य की राजनीति का मंच बने। उन्होंने इस प्रवृत्ति को देश के लिए अस्वस्थ परंपरा करार दिया। मोदी ने कहा कि कुछ समय से संसद या तो चुनावों के लिए वार्म-अप अखाड़ा बन जाती है या फिर चुनावी हार के बाद गुस्सा निकालने का स्थल। यह परंपरा बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ÷नेगेटिविटी की राजनीति की कुछ उपयोगिता हो सकती है, लेकिन राष्ट्र निर्माण के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अनिवार्य है। आइए, नकारात्मकता को सीमित रखें और अपना ध्यान राष्ट्र निर्माण पर केंद्रित करें। प्रधानमंत्री ने युवा सांसदों को अधिक अवसर देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संसद में नई पीढ़ी के प्रतिनिधि नए विचारों और ताजगी भरे दृष्टिकोण के साथ आते हैं। देश को भी उनके अनुभव और ऊर्जा से लाभ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद नाटक का मंच नहीं, बल्कि डिलीवरी का स्थान है- वहां से निकलने वाला हर निर्णय देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन को प्रभावित करता है।
देश की आर्थिक प्रगति पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था आज नयी ऊंचाइयों को छू रही है और यह गति विकसित भारत के सपने को और मजबूत बनाती है। विश्व आज यह देख रहा है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था किस तरह विकास को गति दे सकती है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से अपील की कि शीतकालीन सत्र को सकारात्मकता, सहयोग और रचनात्मक बहस का मंच बनाएं, ताकि संसद की ऊर्जा देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उपयोग हो सके। उन्होंने कहा, ÷संसद देश के लिए क्या सोच रही है और क्या करने वाली है-यही इस सत्र का केंद्र होना चाहिए। विपक्ष भी अपना दायित्व निभाए, मजबूत मुद्दे उठाए और पराजय की निराशा से बाहर आए।

## झारखंड में आदिवासी समुदायों के साथ आपका रिश्ता देखा : मोदी

### पीएम ने सभापति राधाकृष्णन को दी बधाई

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत में पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में संबोधन दिया। उन्होंने सभापति सी पी राधाकृष्णन को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि आदरणीय सभापति जी आज से शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है और यह सदन के सभी सदस्यों के लिए गर्व का पल है। आपका स्वागत करना गर्व का पल है...सदन की ओर से मैं आपको दिल से बधाई देता हूं और आपको शुभकामनाएं देता हूं।
राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा कि मैंने झारखंड में आदिवासी समुदायों के साथ आपका रिश्ता देखा। जिस तरह से आप छोटे-छोटे गांवों में भी गए, झारखंड के सीएम जब भी मुझसे मिलते थे, तो गर्व से इन बातों का ज़िक्र करते थे।
आपके पास हेलीकॉप्टर हो या न हो, आप जो भी गाड़ी होती थी, उसी में घूमते थे, रात में छोटी-छोटी जगहों पर रुकते थे। हम सब आपकी सेवा की भावना और गवर्नर के तौर पर आपने इसे नई ऊंचाइयों तक कैसे



पहुंचाया, यह हम जानते हैं...मैंने एक बात महसूस की है कि लोग कभी-कभी अपने पद का बोझ महसूस करते हैं, और कभी-कभी वे प्रोटोकॉल से दब जाते हैं, लेकिन मैंने देखा है कि आपका प्रोटोकॉल से कोई लेना-देना नहीं है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि राधाकृष्णन ने कभी आसान रास्ता नहीं चुना। आपातकाल के दौरान उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए साहस और दृढ़ता के साथ संघर्ष किया। उन्होंने कहा, ÷वह लड़ाई अलग तरह के साहस की थी। उस कठिन दौर में जिस मजबूती से आप डटे रहे, वह उन सभी के लिए प्रेरक अध्याय है जो लोकतंत्र को महत्व देते हैं।

## राज्यसभा में एसआईआर पर विपक्ष का हंगामा

**नई दिल्ली ।** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्यसभा में सभापति सीपी राधाकृष्णन के स्वागत सत्र के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराने की मांग की।इस पर सरकार के जवाब को संतोषजनक न मानते हुए विपक्ष ने हंगामा किया और सदन से वॉकआउट कर गए।सभापति ने सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी।
सभापति ने शून्यकाल में कई सदस्यों को बोलने का मौका दिया। कार्यवाही शुरू करते हुए सभापति ने राज्यसभा में सदन के पूर्व सदस्यों- पश्चिम बंगाल से दो बार राज्यसभा सदस्य रहीं चंद्रकला पाण्डेय और प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा के निधन की सूचना दी। उन्होंने दिवंगत सदस्यों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। शून्यकाल और स्पेशल मेंशन की शुरुआत करते हुए उन्होंने कई सदस्यों को अपने मुद्दे उठाने के लिए कहा। इस बीच राज्यसभा में विपक्ष दलों ने एसआईआर, आंतरिक सुरक्षा और श्रम संहिता पर चर्चा कराने की मांग की। टीएमसी के डेरेक ओब्रायन ने कहा कि हम सभी विपक्षी पार्टियां इस बात पर सहमत हैं कि चुनाव सुधार पर चर्चा होनी चाहिए। यह मांग कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में भी की थी। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कोई भी विपक्ष की उठाई गई किसी भी बात को कम नहीं आंक रहा है। यह सरकार के पास विचाराधीन है लेकिन इस पर चर्चा आज ही चर्चा कराने की मांग को पूरा करना मुश्किल है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली ब्लास्ट में 8 जगहों पर एनआईए की रेड

**श्रीनगर ।** दिल्ली आतंकी ब्लास्ट मामले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में 8 जगहों पर छापेमारी की। एजेंसी ने कश्मीर में मौलवी इरफान अहमद, डॉ. आदील, डॉ. मुजम्मिल, आमिर राशिद और जसीर बिलाल और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शाहीन के घर पर धावा बोला। एनआईए की छापेमारी शोपियां के नादिगाम गांव, पुलवामा के कोइल, चंदगाम, मलंगपोरा, संबूरा और कुलगाम में की गई। इसके अलावा डॉ. उमर नबी के साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश के घर पर भी छानबीन की गई। उस पर हमास की तरह भारत में ड्रोन हमलों की साजिश रचने का आरोप है।

### तमिलनाडु में दो बस टकराई, 12 की मौत

**शिवगंगा ।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में रविवार शाम कुम्मनगुडी के पास पिल्लैयारपट्टी से करीब पांच किलोमीटर दूर तिरुपत्तूर इलाके में दो बसों की आमने-सामने टक्कर में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया टक्कर इतनी भीषण थी कि कई यात्री गाड़ियों में फंस गए। स्थानीय लोगों ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त बसों से यात्रियों को बाहर निकाला। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक बस का ड्राइवर साइड का हिस्सा पूरी तरह से फट गया।

### विधानसभा के प्रभारी सचिव हुए सेवानिवृत, रंजीत कुमार ने संभाला पदभार

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव मणिक लाल हेंब्रम के सेवानिवृत होने पर विधानसभा सभागार में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में विधानसभा के संयुक्त सचिव रंजीत कुमार ने हेंब्रम की जगह प्रभारी सचिव का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विधानसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) रबीन्द्रनाथ महतो ने माणिक लाल हेंब्रम के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके अच्छे भविष्य एवं बेहतर स्वास्थ्य की कामना की।

## डिजिटल अरेस्ट स्कैम की जांच अब सीबीआई करेगी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट स्कैम को बेहद गंभीर मानते हुए इसके सभी मामलों की जांच सीबीआई को सौंप दी है। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के साइबर फ्रॉड पर तुरंत कार्रवाई की आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि डिजिटल अरेस्ट स्कैम पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अन्य स्कैम से अलग सीबीआई अब सबसे पहले डिजिटल अरेस्ट स्कैम के मामलों की जांच करेगी।
डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े सभी मामलों की जांच अब सीबीआई



करेगी। साइबर क्राइम में जिन बैंक अकाउंट्स का इस्तेमाल हुआ है, उनकी जांच के लिए सीबीआई को पूरी स्वतंत्रता दी गई है। संबंधित बैंक अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जा सकेगी। यह फैसला देशभर में बढ़ते डिजिटल फ्रॉड पर नकेल कसने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में तेजी से बढ़ रहे डिजिटल अरेस्ट स्कैम को बेहद गंभीर मुद्दा मानते हुए इसकी जांच अब सीबीआई को सौंप दी है और इसके साथ ही एजेंसी को कई खास अधिकार भी प्रदान किए हैं। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने सीबीआई को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत उन बैंक अधिकारियों की जांच करने की भी पूरी अनुमति दी है, जिनके बैंक खातों का इस्तेमाल डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड में किया गया है।

**सभी एजेंसियां देंगी सीबीआई को सहयोग**

कोर्ट ने निर्देश दिया है कि आईटी इंटरमीडियरी रूल्स के तहत सभी प्राधिकरण सीबीआई को पूरा सहयोग देंगे। जिन राज्यों ने अभी तक सीबीआई को सामान्य अनुमति नहीं दी है, उन्हें आईटी एक्ट 2021 के मामलों की जांच के लिए विशेष मंजूरी देनी होगी ताकि देशभर में कार्रवाई एक साथ चल सके। कोर्ट ने सीबीआई को यह भी कहा है कि जरूरत पड़ने पर इंटरपोल के साथ समन्वय कर कार्रवाई करें।

## भूमि घोटाले के आरोपी विनय चौबे की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई, फैसला सुरक्षित

एजेंसी

**हजारीबाग ।** हजारीबाग में हुए वन भूमि घोटाले के आरोप में जेल में बंद आईएएस अधिकारी हजारीबाग के तात्कालीन उपायुक्त विनय चौबे की जमानत याचिका पर हजारीबाग एसीबी की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई।सोमवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने एसीबी के विशेष लोक अभियोजक और विनय चौबे के अधिवक्ता की बहस एवं दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।हजारीबाग के पूर्व डीसी विनय चौबे की जमानत याचिका पर सुनवाई सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय सह विशेष न्यायालय (निगरानी) आशा देवी भट्ट के कोर्ट में हुई। बचाव पक्ष और अभियोजन



पक्ष की बहस को सुनने के बाद कोर्ट ने यह फैसले पर आदेश के लिए तीन दिसंबर की तिथि निर्धारित की है।बचाव पक्ष की ओर से बहस अधिवक्ता शंकर बनर्जी ने की थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला निगरानी वाद संख्या 11/25 से संबंधित है।इससे पूर्व इस मामले में निगरानी विभाग ने पूछताछ के लिए उन्हें रिमांड पर भी लिया था।रिमांड पर लेने के बाद इस मामले में निगरानी विभाग के द्वारा उनसे विस्तार से पूछताछ की गई है।यह मामला हजारीबाग डीसी रहते हुए भुमि घोटाला में शामिल रहने से संबंधित है।आरोपी विनय चौबे के जमानत याचिका की ओर से चौदह नवंबर को जमानत आवेदन दायर किया गया था।जिसमें एसीबी हजारीबाग कोर्ट में पहली सुनवाई सत्रह नवंबर को हुई थी।जहां कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से केस डायरी की मांग की थी।केश डायरी के आ जाने के बाद उसका अवलोकन करते हुए और अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष दोनों को सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश के लिए अगली तिथि निर्धारित किया है।

## राजबल्लभ की पत्नी विभा देवी नहीं पढ़ पाईं शपथ

### पास बैठी जदयू विधायक से बोलीं- छुटकी पढ़ ना, बता ना

एजेंसी

**पटना ।** 18वीं विधानसभा के पहले सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली। राजबल्लभ की पत्नी और नवादा से जदयू विधायक विभा देवी शपथ पत्र नहीं पढ़ पाईं। अटक-अटक के किसी तरह से शपथ पढ़ रही थीं। इस बीच उन्होंने पास बैठी विधायक मनोरमा देवी से बताने को कहा। फिर मनोरमा देवी के प्रॉम्प्ट करने के बाद उन्होंने टूट-फूटे शब्दों में शपथ ली।
वहीं बाहुबली अशोक महतो की पत्नी और वारिसलीगंज विधायक अनीता देवी ने बहुजन के नेताओं कोट करते हुए शपथ लेना शुरू किया। उन्होंने कहा, मैं बहुजन समाज की बेटी अनीता, रुहानी आशीर्वाद लेते हुए बाबा साहब को याद करते हुए शपथ लेती हूं.... जिसके बाद प्रोटेम स्पीकर ने उन्हें टोका। उन्होंने दोबारा अपना नाम लेते हुए शपथ पढ़ी। बेतिया से बीजेपी विधायक और पूर्व डिप्टी



सीएम रेणु देवी ने सदन में गलत शपथ ली। जिसके बाद प्रोटेम स्पीकर ने उन्हें टोका और फिर से शपथ पढ़वाई।

**आज होगा विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव**

प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई । मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। 3 दिसंबर को दोनों सदनों की बैठक को राज्यपाल संबोधित करेंगे। 4 दिसंबर को राज्यपाल के भाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर सरकार जवाब देगी। आखिरी दिन 5 दिसंबर को द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी पर चर्चा होगी।

## दुमका : होटल राधिका में देर रात ताबड़तोड़ फायरिंग, इलाके में भय का माहौल

दुमका ब्यूरो

**दुमका ।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के होटल राधिका में रविवार देर रात हुई ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना ने पूरे शहर को दहला दिया है। असामाजिक तत्वों ने आईजी, डीआईजी और कमिश्नर के आवास से मात्र कुछ कदम की दूरी पर स्थित इस होटल को निशाना बनाते हुए बेरहमी से फायरिंग की। अंधेरे का फायदा उठाकर अपराधी घटना स्थल से फरार हो गए। इस दुस्साहसिक वारदात ने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं और सुरक्षा तंत्र की कार्यप्रणाली पर लोगों में असंतोष बढ़ गया है।
यह घटना इसलिए भी चौंकाने वाली मानी जा रही है क्योंकि वारदात स्थल पुलिस लाइन और कई आला अधिकारियों के आवास से सटा हुआ है। इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होने के बावजूद, अपराधी बेखौफ होकर आधी रात को फायरिंग करने में कामयाब रहे। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को देर से मिली, जिससे जांच शुरू होने में देरी हुई और




इससे क्षेत्र में भय का माहौल पैदा हो गया।
घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ और मुफस्सिल थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से फायरिंग में इस्तेमाल किए गए तीन खाली खोखे बरामद किए हैं। इसके साथ ही, होटल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। होटल संचालक प्रतुल मंडल ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात एक ग्राहक से विवाद हुआ था, हालांकि रविवार शाम तक मामला सुलझ गया था। बावजूद इसके, रविवार रात करीब 11¬30 बजे होटल बंद होने के बाद फायरिंग की गई। संचालक ने किशोर, मुकेश, विक्रम और बाबुल नामक चार व्यक्तियों को इस वारदात का जिम्मेदार बताया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है और सभी पहलुओं से मामले की गहनता से जांच कर रही है।
इस बीच, इस वारदात का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ युवक हथियार लेकर फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## झारखंड में फिर शुरू होगा शीतलहर का दौर

### तापमान 4 डिग्री तक गिरने की संभावना

संवाददाताट

**रांची ।** झारखंड में 3 दिसंबर से शीतलहर जैसी स्थिति का एक और दौर शुरू हो सकता है। आईएमडी के अनुसार न्यूनतम तापमान मौजूदा तापमान से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है। सोमवार को राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला में 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।मौसम अधिकारी ने बताया कि हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ, पूर्वी हवा और चक्रवाती सिस्टम दितवाह के प्रभाव से बादल छाए रहने के कारण झारखंड में पिछले कुछ दिनों से ठंड से आंशिक राहत मिल रही थी। राज्य के अधिकांश हिस्सों में सोमवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। सोमवार को जारी दैनिक मौसम बुलेटिन के अनुसार, राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला में 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में सबसे अधिक 15.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।झारखंड की राजधानी रांची में न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। अगले 48 घंटों के दौरान रांची के न्यूनतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। डाल्टनगंज में न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि जमशेदपुर में यह 13.8 डिग्री सेल्सियस रहा।इन सर्दियों में उत्तराखण्ड के किसी खूबसूरत होम स्टे में गुनगुनी धूप में प्राकृतिक सौन्दर्य का आनंद उठायें।रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने पीटीआई-भाषा को बताया कि हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ, पूर्वी हवा और चक्रवात दितवाह के प्रभाव सहित विभिन्न कारणों से झारखंड में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है।

## महाराष्ट्र के नगर निगमों के चुनाव में व्यापक अनियमितता, 25 से ज़्यादा चुनाव स्थगित

एजेंसी

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के कई जिलों में 25 से ज़्यादा नगर निगमों के चुनाव राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) द्वारा अस्वीकृत नामांकन पत्रों से संबंधित अपील प्रक्रिया में व्यापक अनियमितताओं का पता चलने के बाद स्थगित किए गए हैं। पहले 2 दिसंबर को होने वाले मतदान अब इन क्षेत्रों में 20 दिसंबर को कराए जाएंगे।
एसईसी ने ठाणे, बारामती, अमरावती, अहिल्यानगर, नांदेड़, सोलापुर, यवतमाल, धाराशिव, चंद्रपुर, अकोल और पुणे सहित कई स्थानों पर मतदान स्थगित किया है। चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही यह निर्णय कई उम्मीदवारों के लिए बड़ा झटका है। वहीं, महाराष्ट्र के पालघर में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव में टिकट के लिए कथित रूप से 10 लाख रुपये मांगने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो समूहों के बीच झड़प हो गई। पुलिस अधिकारियों ने गैर-संज्ञेय शिकायत (एनसी) में दर्ज विवरण के हवाले से बताया कि भाजपा की शहर इकाई के पूर्व अध्यक्ष अशोक अंबुरे ने चुनाव लड़ने की इच्छुक पार्टी कार्यकर्ता वैशाली चव्हाण से कथित रूप से 10 लाख रुपये मांगे थे।
चव्हाण का समर्थन कर रहे समूह ने अपनी शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि लोकमान्य नगर क्षेत्र में शनिवार को हुई इस झड़प के दौरान अंबुरे और उनके सहयोगियों ने उनसे छेड़छाड़ की और लाठियों से हमला किया।

## गृह मंत्री से मिले आदित्य साहू



संवाददाता

**रांची ।** झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। आदित्य साहू ने बताया कि मुलाकात के दौरान गृह मंत्री से संगठनात्मक मामलों और झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा हुई।

**Dev Sangha Institute of Professional Studies and Educational Research**
NCTE Recognised • UGC Recognised • SKMU Affiliated • JAC Affiliated (JAC) • NAAC Accredited

**Walk–in-Interview**
On: 11th December, 2025
For the Post of:
**Asst. Professor Physical Education - 2**
Qualification: As per NCTE Norms
Venue: Dev Sangha Institute of Professional Studies and Educational Research, Dev Sangha, Bompas Town, Deoghar, Jharkhand – 814114
[M] 7908886884

Note: Please attend with your application detailing therein Date of Birth, Qualification Details (With Percentage of Marks), Teaching Experience, Present Position Held, Salary Drawn, Special Achievements, , Recent Passport Size Colour Photograph, and Self-Attested Copies of Certificates & Testimonials.

# युवा शक्ति को नशे से बाहर रखना हमारी जिम्मेदारी : इरफान



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) में सोमवार को उभरते तंबाकू एवं निकोटिन उत्पादों से सुरक्षा, चुनौतियां एवं आगे की राह विषय पर राष्ट्रीय परामर्श का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. इरफान अंसारी ने युवाओं को नशे से दूर रहने की हिदायतें दीं। उन्होंने कहा कि देश की युवा शक्ति को नशे की जद से बाहर रखना हमारी जिम्मेदारी है। यहां बैठे युवा कल के वकील और जज हैं। समाज आप सभी की ओर उम्मीद भरी नजरों से देखता है। नशे की लत में सैकड़ों जानें जा रही हैं, इसलिए विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका तीनों के समन्वित प्रयास बेहद जरूरी हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि सशक्त कानून तभी असरदार होते हैं, जब उनका ईमानदारी से पालन और क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।विशिष्ट अतिथि डॉ. एल स्वस्तिचरण, उप महानिदेशक एवं निदेशक, स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार ने देश में उभरते निकोटिन उत्पादों के नियमन की चुनौतियों, खामियों और आगे की दिशा पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कानून प्रवर्तन और जागरूकता को और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।गौरव गुप्ता, सीनियर रिसर्च कंसल्टेंट ने नशे को लेकर भारत में किए गए कई सर्वेक्षणों के निष्कर्षों को साझा किया। डॉ. सिद्धार्थ सेन्याल, निदेशक-इन-चीफ ने स्वास्थ्य सेवाएं, झारखंड निकोटिन उत्पादों के उपयोग के आंकड़े और राज्य में बढ़ती चुनौतियों पर प्रकाश डाला। डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. आनंदकुमार आर शिंदे, एसोसिएट प्रोफेसर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# वर्तमान शैक्षणिक सत्र समाप्त होने के पहले छात्रवृत्ति का वितरण करें : मंत्री

**बोकारो,चतरा , गिरिडीह में छात्रवृत्ति वितरण की धीमी गति पर जताई चिंता , अधिकारियों को फटकार**



संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** सोमवार को कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निदेश दिया कि किसी भी हाल में छात्रों की छात्रवृत्ति मिलने में देर नहीं होनी चाहिए । बोकारो,चतरा , गिरिडीह जिला में वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 1-8 और कक्षा 9-10 तथा पोस्ट मैट्रिक में शत -प्रतिशत छात्रवृत्ति वितरण की धीमी गति पर जताई चिंता । उन्होंने बोकारो,चतरा , गिरिडीह जिला के जिला कल्याण पदाधिकारियों से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया । ससमय करें छात्रवृत्ति भुगतान संबंधी कार्रवाई कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने जिला कल्याण पदाधिकारियों को यथाशीघ्र वर्तमान शैक्षणिक सत्र समाप्त होने के पहले छात्रवृत्ति भुगतान संबंधी कार्रवाई करने का सख्त निदेश दिया साथ ही सभी जिलों के उपायुक्तों को ससमय जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित कर लम्बित छात्रवृति के आवेदनों पर स्वीकृति प्रदान करने का निदेश दिया।

# बोकारो में वृद्ध दंपती की बेरहमी से हत्या

संताल एक्सप्रेस

**बोकारो।** बोकारो जिले के हरला थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक वृद्ध दंपती की बेरहमी से हत्या कर दी गई। यह घटना जोशी कॉलोनी स्थित बाली होटल में हुई, जहां 65 वर्षीय महावीर साव और उनकी 60 वर्षीय पत्नी कौशल्या देवी अपने घर में मृत पाए गए। इस दोहरे हत्याकांड से पूरे शहर में भय का माहौल है। महावीर साव और कौशल्या देवी मूल रूप से चिदरी, चतरोचट्टी के निवासी थे। वे बोकारो के गेट नंबर तीन, सेक्टर-9 जोशी कॉलोनी में रहते थे और लंबे समय से राशन और चाय-पकौड़ी की दुकान चलाते थे। सोमवार सुबह जब स्थानीय लोग नाश्ते के लिए दुकान पर पहुंचे, तो वह बंद मिली। कई बार आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं आया। दंपती का शव खून से लथपथ मिला। दंपती का शव खून से लथपथ मिला।आंगन खून से लथपथ था संदेह होने पर पड़ोसियों ने घर का मुख्य दरवाजा धकेला। अंदर का दृश्य देखकर वे स्तब्ध रह गए। आंगन खून से लथपथ था। भीतर महावीर साव का शव पड़ा था, जबकि उनकी पत्नी कौशल्या देवी का गला रेता हुआ था। घटना की खबर तेजी से पूरे क्षेत्र में फैल गई। सूचना मिलते ही हरला थाना प्रभारी खुर्शीद आलम, बोकारो सिटी डीएसपी आलोक रंजन, डॉग स्क्वॉड और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़। घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़। हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया दंपती की बहू अनीता देवी ने आरोप लगाया कि उनके सास-ससुर की बेरहमी से हत्या की गई है। हालांकि, हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# पति ने पहले की पत्नी की हत्या, फिर उसी हथियार से काटा खुद का गला

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** जिले के अनगड़ा थाना क्षेत्र के रिंगरोड स्थित हेहल टोल प्लाजा के पास हत्या की घटना सामने आई है। सोमवार को आपसी विवाद में एक पति लालू करमाली ने पहले अपनी पत्नी ममता देवी की धारदार हथियार से मारकर निर्मम हत्या कर दी और फिर उसी हथियार से खुद का गला काट लिया। गंभीर अवस्था में लालू करमाली को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार, लालू और ममता ने लव मैरिज किया था। पति-पत्नी के बीच लंबे समय से आपसी विवाद चल रहा था।लालू टोल प्लाजा पर काम करता था।वहीं पर उसका घर भी था।इसी दौरान सोमवार को विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने आवेश में आकर अपनी पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।जिससे पत्नी की मौके पर मौत हो गई।पति ने घटनास्थल से भागने की कोशिश नहीं की, बल्कि उसने उसी धारदार हथियार का इस्तेमाल कर खुद का गला काट लिया। घटना की सूचना मिलते ही अनगड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की जांच में जुटी हुई है।

# 21 दिसंबर को ओबीसी अधिकार सम्मेलन




**रांची।** राज्य में ओबीसी समुदाय के उत्थान, संगठित प्रयासों और सामाजिक समानता की दिशा में सार्थक विचार-विमर्श के लिए सामाजिक न्याय और ओबीसी अधिकार सम्मेलन आयोजित किया जाएगा । उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी-कर्मचारी मोर्चा की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। प्रदेश कार्यालय हरमू में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 21 दिसंबर को राज्य स्तरीय सम्मेलन में लगभग 500 अधिकारी, कर्मचारी और बुद्धिजीवी वर्ग के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके लिए संगठन के पदाधिकारियों को विभिन्न जिलों का प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो 7 दिसंबर तक अपने-अपने जिलों में बैठक कर समाज के अधिकारियों, कर्मचारियों और बुद्धिजीवियों को आमंत्रित करेंगे।जिला प्रभार अध्यक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी को पूर्ण निष्ठा एवं सहयोग से कार्य करना होगा। महासचिव डॉ. शिवानंद काशी ने बैठक के दौरान राज्यभर में ओबीसी अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु संगठन के स्तर पर किए जा रहे प्रयासों का विवरण प्रस्तुत किया। अंत में उपाध्यक्ष लोकेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# दुग्ध उत्पादन के साथ तेलहन की खेती में बड़कीटांड़ ने बनाई पहचान

संताल एक्सप्रेस

**गिरिडीह।** दुग्ध उत्पादन के अलावा तेलहन की खेती में ग्राम पंचायत बड़कीटांड़ गांव की एक अलग पहचान है। यहां के शत प्रतिशत लोग दुग्ध व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। बड़े पैमाने पर यहां दुग्ध का उत्पादन होता है। प्रखंड क्षेत्र के लिए दुग्ध उत्पादन का हब के अलावा श्वेत नगरी के नाम से जाना जाता है। दूध के अलावा यहां के किसान तेलहन में सरसों की व्यापक खेती करते हैं। किसानों द्वारा उत्पादित सरसों से सालोंभर तेल घर का उपयोग में लाते हैं और शेष सरसों की बिक्री कर दी जाती है। बड़ी आबादी वाली ग्राम पंचायत बड़कीटांड़ के किसान सरसों की खेती में अछूता नहीं है।सरसों के अलावा बड़े पैमाने पर रबी में गेहूं की भी खेती करते हैं। धान काटने के बाद खेतों को खाली नहीं छोड़ा जाता है। गांव के खेतों में सरसों फसल की हरियाली फैली हुई है।किसानों की कई एकड़ जमीन पर सरसों की खेती की जा रही है। जो प्रखंड क्षेत्र के लिए प्रेरणा से कम नहीं है। हालांकि बेंगाबाद प्रखंड के कुछ हिस्सों में किसान तेलहन की खेती करते हैं लेकिन सिंचाई की सुविधा नहीं होने के कारण अधिकांश जगहों पर धान कटने के बाद विशाल भू खंड खाली पड़ा रह जाता है। बतला दें कि बड़कीटांड़ गांव में कुआं और नदी के सहारे रबी की खेती की जाती है। बड़कीटांड़ के किसानों की मानें तो धान गेहूं से लेकर हरी साग सब्जी और तेलहन के लिए ज्यादातर लोग बाजार पर आश्रित नहीं हैं। लोग मेहनत के बलबूते इन सारी चीजों की खेती करते हैं। घरेलू उपयोग के बाद बाजार में इसे बिक्री कर लोग अच्छा मुनाफा भी कमा लेते हैं।

# आईआईटी के शताब्दी स्थापना सप्ताह की तैयारियां पूरी, 3 दिसंबर को शुरु

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।।** झारखंड के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान आईआईटी (आईएसएम) धनबाद अपनी गौरवशाली यात्रा के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। शताब्दी स्थापना सप्ताह का भव्य शुभारंभ 3 दिसंबर को किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्र मुख्य रूप से शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी होंगे। डॉ. पीके मिश्र की भागीदारी यह दर्शाती है कि विज्ञान, तकनीक और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में संस्थान की भूमिका कितनी अहम रही है। समारोह में डीआरडीओ, ऊर्जा और खनन कंपनियों, सार्वजनिक प्रशासन, वैश्विक तकनीकी संगठनों और विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से कई विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।'विकसित भारत ञ्च2047' पर अमृतकाल विमर्श कार्यक्रम में 'विकसित भारत ञ्च2047' विषय पर अमृतकाल विमर्श आयोजित किया जाएगा। यह विमर्श आने वाले वर्षों में भारत की तकनीकी, औद्योगिक और सामाजिक दिशा तय करने के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करेगा। ज्ञान-विज्ञान प्रांगण होगा मुख्य आकर्षण समारोह में ज्ञान-विज्ञान प्रांगण का उद्घाटन प्रमुख आकर्षण रहेगा। यहां अत्याधुनिक तकनीकों का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा, जिनमें 3डी मेटावर्स माइनिंग, उन्नत सिस्मोलॉजी प्रणालियां, एआई संचालित डिजिटल ट्विन डैशबोर्ड, रोबोटिक्स, स्वच्छ ऊर्जा तकनीक शामिल हैं। यह प्रांगण संस्थान की उस सौ वर्षीय यात्रा का प्रतीक होगा, जिसने इसे एक पारंपरिक खनन विद्यालय से आधुनिक तकनीकी संस्थान में परिवर्तित किया है। राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक आयोजन पूरे सप्ताह के दौरान महत्वपूर्ण खनिज संसाधन, सतत ऊर्जा संक्रमण, भारतीय ज्ञान परंपरा आदि।

# विधायक राज सिंहा ने नगर निगम मुख्यालय पर दिया धरना



**धनबाद।** नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों के ठप होने का आरोप लगाते हुए धनबाद विधायक राज सिंहा ने सोमवार को निगम मुख्यालय के मुख्य द्वार पर समर्थकों संग धरना दिया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए।विधायक राज सिन्हा ने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से शहर में न तो सड़कों का निर्माण हो रहा है और न ही नालियों की मरम्मत। उन्होंने कहा कि धनबाद नगर निगम पूरी तरह से बेपरवाह हो चुका है, जबकि टैक्स के नाम पर आम नागरिकों से लगातार वसूली की जा रही है।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर अगले 48 घंटे के भीतर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे निगम कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। राज सिन्हा ने कहा कि जनता से लिया जा रहा टैक्स तभी जायज है जब उन्हें उसके बदले मूलभूत सुविधाएं मिलें, लेकिन वर्तमान में स्थिति इसके उलट है।राज सिन्हा ने हेमंत सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राज्य का वित्तीय प्रबंधन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न विभागों से फंड को सरेंडर कर 'मइया सम्मान योजना' में लगाया जा रहा है, जिससे सभी विकास कार्य रुक गए हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के पास इतना भी बजट नहीं बचा है कि वह शहरी क्षेत्र में छोटे-छोटे विकास कार्य भी कर सके।

# 284 बोतल शराब के साथ ड्राइवर गिरफ्तार

**गिरिडीह।** तिसरी पुलिस ने रविवार शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए तिसरी थाना क्षेत्र के चन्दौरी के पहले नईटांड़ के पास तस्करी कर बिहार ले जाई जा रही भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गाड़ी ड्राइवर सह शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े अवैध शराब कारोबारी सह गाड़ी ड्राइवर की राजेश मंडल के रूप में पहचान की गई है। पुलिस के हत्थे चढ़े गाड़ी ड्राइवर राजेश मंडल बिहार के बेगूसराय के विशुनपुर गांव के रहनेवाले हैं। बताया जाता है कि बिहार नम्बर की कार से शराब की खेप चन्दौरी, पलमरूआ और थानसिंहडीह के रास्ते से बिहार के बेगूसराय ले जानी थी।तभी अवैध शराब लोड कार ने तिसरी के बरमसिया के पास ऑटो को धक्का मार दिया।जिसके बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई।इसी दौरान किसी ने पुलिस को इसकी सूचना दे दी। सूचना मिलते ही प्रभारी थाना प्रभारी नन्द जी राय फौरन सदल बल बरमसिया पहुंच गए।

# ऑनलाइन बेटिंग रैकेट का भंडाफोड़, सात साइबर अपराधी गिरफ्तार



संताल एक्सप्रेस

**पलामू ।** जिले में ऑनलाइन बेटिंग रैकेट का भंडाफोड़ पुलिस ने किया है। बेटिंग रैकेटसे जुड़े छतीसगढ-बिहार के सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी एसपी रीष्मा रमेशन ने सोमवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्?होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में मास्टरमाइंड छतीसगढ दुर्ग वैशाली भिलाई के राहुल सिंह लोधी, बिहार के औरंगाबाद मदनपुर के दलेल बिघा के सुजीत कुमार विश्वकर्मा और अजीत कुमार, औरंगाबाद मदनपुर के आजन के रोहित कुमार, बोकारो के जगेश्वर तिरला कुंदा के जुबेर अंसारी, रामगढ पतरातू के तालाटांड़ के अयाज आलम एवं रांची तमाड़ पुण्डीदीरी के अक्षय कुमार शामिल हैं। एसपी ने बताया कि यह ऑनलाइन गेमिंग और सट्टा के माध्यम से ठगी का धंधा तीन महीने से जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय के पीछे अनिल विश्वकर्मा के घर में चल रहा था। सभी छतीसगढ के महादेव बेटिंग एप के फ्रेंयाइजी 141 के नाम से खेलोयार साइट से जुड़े थे। एसी ने बताया कि खेलोयार साइट का संचालन दुबई से हो रहा है, जबकि इसका मास्टरमाइंड बिहार के औरंगाबाद और छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले हैं। बेटिंग एप साइट के सभी सर्वर दुबई में हैं, पूरा नेटवर्क का करीब 40 हजार करोड़ का कारोबार है। यह नेटवर्क क्रिप्टो करेंसी का इस्तेमाल करता है। फ्रेंचाइजी के जरिए 50 से 60 लाख का ट्रांजेक्शन होता है। आरोपितों के पास से एक लैपटॉप, एक टैब, म्यूल अकॉउंट से लिंक्ड 15 मोबाइल फोन, 9 एटीएम कार्ड सहित अन्य उपकरण बरामद किया गया है। कार्रवाई करनेवाली टीम में हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मोहम्मद याकूब टीम के साथ शामिल थे। एसपी ने बताया कि दरअसल हजारीबाग पुलिस को जानकारी मिली थी कि कुछ संदिग्ध म्युल अकाउंट खुलवाने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पूरी जानकारी पलामू पुलिस के साथ साझा की थी। इसके बाद अन्य संदिग्ध को पकड़ा गया था। उल्लेखनीय है कि यह नेटवर्क ट्रांजेक्शन के म्युल अकाउंट का इस्तेमाल करता है, जबकि क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल होता है।

# रांची में रेस्टोरेंट कारोबारी ने की आत्महत्या

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** रांची के प्रसिद्ध रेस्टोरेंट कुप्पुस्वामी के मालिक शंकर नारायण ने सोमवार को कांके थाना क्षेत्र के जगतपुरम कॉलोनी स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली। उनका शव घर के कमरे से बरामद किया गया। सूचना मिलने पर कांके थाना प्रभारी प्रकाश रजक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पुलिस निगरानी में नीचे उतारा गया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल से सुसाइड नोट की तलाश जारी है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि शंकर नारायण पिछले कुछ समय से भारी कर्ज में डूबे हुए थे, जिसके कारण वे मानसिक तनाव में रहते थे। कर्ज का दबाव उनकी आत्महत्या की मु य वजह बताई जा रही है। शंकर मूल रूप से केरल के रहने वाले थे। उनके बड़े भाई वेलाई का भी रांची के हजारीबाग रोड पर होटल का व्यवसाय है। वेलाई ने बताया कि दोनों भाई हर साल गांव के मंदिर में होने वाली पूजा में शामिल होने के लिए केरल जाते थे, लेकिन इस बार शंकर नहीं गए। पहले ही कर्ज को लेकर उनकी चिंता साफ दिख रही थी। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और पूरे मामले की विस्तृत छानबीन की जा रही है।-

# बार बेंदिया नदी में डूबने से युवक की मौत

**धनबाद।** धनबाद के निरसा क्षेत्र के बार बेंदिया नदी घाट पर रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहाँ नहाने के दौरान लगभग 35 वर्षीय युवक धनु रवानी की डूबने से मौत हो गई। जिसका शव सोमवार को गोताखोरों की मदद से नदी से बाहर निकाला गया।जानकारी के अनुसार मृतक धनु रवानी रविवार सुबह अपने कुछ दोस्तों के साथ नदी घाट पर पार्टी करने पहुंचा था, बताया जा रहा है कि लगभग 10—30 बजे नहाने के क्रम में धनु गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।इस घटना का सबसे चौंकाने वाला और दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह रहा कि साथ आए उनके दोस्तों ने उसे बचाने की कोई कोशिश नहीं की, बल्कि सभी मौके से भाग निकले। वे इतना घबराए हुए थे कि खाने-पीने की सामग्री भी वहीं छोड़कर फरार हो गए और तो और उन्होंने घटना की सूचना देना भी धनु के परिवार को उचित नहीं समझा। धनु के डूबने की खबर किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से उनके परिवार तक पहुँची।इसके बाद मृतक की पत्नी तुलसी रवानी ने एमपीएल ओपी पहुँचकर प्रभारी सुमन कुमारी को इस संबंध में लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की, लेकिन दिन डूबने और अंधेरा छा जाने के कारण रविवार को खोज अभियान सफल नहीं हो पाया। सोमवार सुबह पुलिस टीम ने बार बेंदिया नदी घाट पर दोबारा तलाशी अभियान शुरू किया।

# चोर गिरोह का बेखौफ आतंक ,तीन घरों में लूट

**दुमका–** शहर में चोरों की बेखौफ हरकतें लगातार बढ़ रही हैं और दुमका पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। शनिवार की रात गिलानपाड़ा मुहल्ले में एक ही रात तीन अलग-अलग घरों में चोरी की वारदातें सामने आईं।मकान मालिक सत्यवीर मंडल, उनके किरायेदार राजीव कुमार सिंह और पड़ोसी कांग्रेस प्रदेश सचिव अरबी खातून के घर को चोरों ने निशाना बनाया। चोरी की जानकारी पड़ोसी अरबी खातून को रविवार सुबह, जबकि सत्या निवास के मकान मालिक और किरायेदार को सोमवार शाम मिली।चार लाख नकद और जेवरात के साथ चोरी का खुलासा किरायेदार राजीव सिंह के घर की खिड़की का ग्रिल तोड़कर चोरों ने करीब चार लाख रुपये नकद और लगभग चार लाख रुपये के जेवरात पार कर लिए। राजीव सिंह उस समय अपने चाची के श्रद्ध कर्म में बांका गए हुए थे ।मकान मालिक सत्यवीर मंडल के घर की चोरी की जानकारी अभी तक नहीं हो सकी है, क्योंकि पूरा परिवार रांची में है।

# विश्व एड्स दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली




**धनबाद।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को शहर के सीएचसी कार्यालय से सदर अस्पताल और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी, छात्र-छात्राएं और आम लोग शामिल हुए। प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां लेकर एड्स से बचाव, सुरक्षित व्यवहार और जागरूकता से जुड़े संदेशों का प्रचार-प्रसार किया। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना, इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना तथा लोगों को इससे बचाव के तरीकों की जानकारी देना था। सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि विश्व एड्स दिवस जैसे अभियान लोगों को यह समझाने का माध्यम है कि जानकारी और जागरूकता ही इस बीमारी से बचने का सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि एड्स एक घातक बीमारी है, लेकिन सही जानकारी सावधानी और समय पर जांच से इसके प्रसार को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि संक्रमित व्यक्ति के साथ सामान्य संपर्क, हाथ मिलाने, भोजन साझा करने या साथ रहने से एचआईवी नहीं फैलता। यह केवल असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त चढ़ाने, साझा सुई के इस्तेमाल या गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान मां से बच्चे को हो सकता है।

# आजसू ने हॉस्पिटल के खिलाफ सीएस को दिया ज्ञापन

**गिरिडीह।** आजसू छात्र संघ गिरिडीह जिला सचिव अक्षय यादव के नेतृत्व में सोमवार को सिविल सर्जन गिरिडीह को ज्ञापन दिया गया। जिसमें साईं परमेश्वर हॉस्पिटल पर कई आरोप लगाए। कहा कि बरमसिया के कर्बला रोड स्थित उक्त हॉस्पिटल से 40 छात्र-छात्राओं को फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट दिया गया है, जो अत्यंत ही गंभीर मामला है। सिविल सर्जन को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पूर्व में भी इस हॉस्पिटल पर फर्जीवाड़ा का आरोप है। यह हॉस्पिटल को फर्जी काम करने के आरोप में बंद करा दिया गया था, पर यहां के निदेशक ने पुनः इस हॉस्पिटल को चालू कर दिया है।यहां फर्जी काम लगातार किया जा रहा है। सिविल सर्जन से जांच कर हॉस्पिटल पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर छात्र नेता कुंदन चंद्रवंशी, चंदन मंडल आदि उपस्थित थे।

# कार-ट्रक में टक्कर ,दो घायल

**बोकारो।** पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेड़ानी मोड़ के पास सोमवार को एक कार और ट्रक की भीषण टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पिंड्राजोरा पुलिस ने दोनों घायलों को सदर अस्पताल, बोकारो में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। दुर्घटना में जमशोदपुर सोनारी निवासी कार सवार संजीव दत्ता (52) का हाथ टूट गया, जबकि शिव कुमार पांडेय (47) का पैर टूट गया है। दोनों बोकारो से अपनी कार (जेएच05 सीक्यू 0109 ) से जमशेदपुर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बेड़ानी मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह धंस गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को अपनी निगरानी में ले लिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है।

# एसबीयू के प्रत्यूष ने जीता कांस्य पदक



**रांची ।** सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के बीबीए पांचवें सेमेस्टर के छात्र प्रत्युष कुमार ने 35वीं राष्ट्रीय स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग एवं इंक्लाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक (तीसरा स्थान) प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता 11 से 13 नवंबर 2025 तक पालजोर स्टेडियम, गंगटोक, सिक्किम में आयोजित की गई थी। जिसमें झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रत्युष ने कांस्य पदक हासिल किया। एसबीयू के माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने प्रत्युष कुमार के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# गैरमजरुआ जमीन की मालगुजारी रसीद बहाल करने की मांग

**बोकारो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र प्रेषित कर रैयतों की जोत दखल वाली गैरमजरूआ खास जमीन की मालगुजारी रसीद बहाल करने की मांग की गई है। कहा जा रहा है कि मालगुजारी रसीद भूमि स्वामित्व का प्रमाणिक दस्तावेज होता है, जिससे यह सिद्ध होता है कि संबंधित व्यक्ति सरकार को भूमि कर चुका रहा है और वह जमीन उसकी जोत में है। बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं का लाभ, जमीन की बिक्री अथवा उत्तराधिकार संबंधी कार्यवाही में यह दस्तावेज अत्यंत आवश्यक होता है। पेटरवार प्रखंड के चलकरी निवासी विस्थापित नेता काशीनाथ केवट ने उपरोक्त मांग करते हुए कहा कि रैयतों की भूमि पर उनकी पुश्तैनी, सामाजिक और कानूनी अधिकार वर्षों से स्थापित रहे हैं लेकिन वर्ष 2011 के बाद राज्य सरकार द्वारा गैरमजरूआ जमीन पर मालगुजारी रसीद काटने पर रोक और रघुवर दास के मुख्यमंत्रित्व काल में बनाए गए लैंड बैंक ने रैयतों के अधिकारों को गंभीर रूप से बाधित किया है।

## जन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करें : डीसी



**गोड्डा ।** उपायुक्त अंजली यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत निवारण को लेकर जन शिकायत कोषांग से प्राप्त आवेदनों की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान जन शिकायत कोषांग से संबंधित प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की विभागवार एवं प्रखंडवार 173 मामलों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन शिकायत निवारण से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत संज्ञान में लें ताकि लोगों का विश्वास जिला प्रशासन पर बनी रहे। बैठक में सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त कार्यालय से आए शिकायतों के निष्पादन को लेकर समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना, अंबेडकर आवास सहित अन्य योजनाओं के संबंध में उप विकास आयुक्त से लंबित मामलों की जानकारी ली एवं शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाते हुए सभी सुयोग्य लाभूको को योजना का लाभ मिले इसको लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त के द्वारा भू-अर्जन कार्यालय से संबंधित प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। प्रखंड के स्तर पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के क्रम में प्राप्त शिकायतों और उनके निष्पादन की जानकारी लेते हुए लंबित मामलों का उपायुक्त ने निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायत निवारण में आए हुए विभिन्न विभागों के सभी लंबित मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि आपकी योजना- आपकी सरकार -आपके द्वार÷ में प्राप्त 47690 आवेदनों में से अब तक 38442 आवेदन निष्पादित किए गए हैं। शेष बचे आवेदनों की निष्पादन प्रक्रिया संबंधित विभागों के द्वारा की जा रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी जिला भू -अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू सहित अन्य पदाधिकारीगण, संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी एवं सभी कार्यालय प्रधान मौजूद थे।

## पेंशनधारियों ने तेजी से करवाया दस्तावेज़ मिलान

**मिहिजाम।** मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र के हांसीपहाड़ी स्थित नगर भवन में सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा आयोजित चार दिवसीय पेंशन सत्यापन शिविर सोमवार से शुरू होते ही पेंशनधारियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में विभिन्न वार्डों के वृद्ध, विधवा और दिव्यांग पेंशनधारियों ने पहुँचकर अपने दस्तावेज़ों का सत्यापन कराया। सुबह से ही लाभुकों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। सत्यापन टीम ने लाभुकों के कागजातों की जांच के साथ उन्हें पेंशन योजना से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों की जानकारी भी दी। अधिकारियों ने बताया कि शिविर 4 दिसंबर तक चलेगा, इसलिए सभी लाभुकों के लिए समय पर दस्तावेज़ सत्यापन कराना आवश्यक है।

## चार तस्कर गिरफ्तार

**जामताड़ा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक राज कुमार मेहता ने सोमवार को बताया कि जामताड़ा पुलिस ने रविवार को अवैध शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गोविन्दपुर-साहेबगंज मुख्य मार्ग से एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ विकाश आनंद लागुरी के नेतृत्व में बनी विशेष टीम ने पाण्डेयडीह मोड़ के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान एक डीसीएम ट्रक एक हुंडई औरा और एक स्विफ्ट कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में डीसीएम ट्रक में कुरकुरे की बोरियों के पीछे छुपाकर रखी गई रॉयल स्टैग ब्रांड की 210 पेटी नकली विदेशी शराब, 78 पेटी स्पिरिट से भरे गैलन तथा स्कॉर्ट कर रहे दोनों वाहनों में कुल 225 पेटी अवैध शराब बरामद की गई। साथ ही 3120 लीटर स्पिरिट, 07 मोबाइल फोन, आधार-पैन कार्ड और 33,000 नकद भी जब्त किए गए। बरामद शराब का अनुमानित मूल्य 15.95 लाख रुपये आंका गया है।

## सुरजीत को मिला देशबंधु चित्तरंजन इंटरनेशनल अवॉर्ड



**गोड्डा ।** सुरजीत झा को रक्तदान सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट अवदान एवं योगदान के लिए वेक्सो इंडिया द्वारा देशबंधु चित्तरंजन मेमोरियल इंटरनेशनल अवॉर्ड प्रदान किया गया है। पश्चिम बंगाल के सुंदरवन में आयोजित अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान प्रदत उक्त सम्मान के लिए बड़ी संख्या में परिजनों एवं स्वजनों ने झा को बधाई दी है।

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की कार्यशाला संपन्न

**कर्माटांड़-** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल सभागार में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से एकदिवसीय रवि कार्यशाला 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अंचल अधिकारी चोनाराम हेंब्रम, बीटीएम रंजीत दास और विजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। यह कार्यशाला राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय और उसके बाद प्रखंड स्तर पर आयोजित की जा रही श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## गोड्डा टाइगर्स ने सुपरकिंग्स को 01 रन से किया पराजित



**गोड्डा ।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में गोड्डा प्रीमियर लीग के 12वें सीजन का भव्य उद्घाटन रविवार को स्थानीय गाँधी मैदान में विधायक प्रदीप यादव, अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी एवं जेएमएम जिलाध्यक्ष प्रेमनंदन मंडल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। खिलाड़ियों के द्वारा मार्च पास्ट के बाद सभी अतिथियों ने गुब्बारा उड़ाकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। संघ के पदाधिकारियों के द्वारा अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। प्रदीप यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी टीम ग्राउंड में अच्छा प्रदर्शन के साथ अनुशासित होकर खेलेगी वहीं विजेता बनेगी। प्रेमनंदन मंडल ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए जीपीएल शानदार प्लेटफॉर्म है। अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ उरांव ने कहा कि इतने सुव्यवस्थित तरीके से आयोजन के लिए जिला क्रिकेट संघ बधाई का पात्र है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि गोड्डा में लगातार क्रिकेट का बेहतर आयोजन होता है।उद्घाटन मुकाबला काफी रोमांचक रहा जिसमें गोड्डा टाइगर्स की टीम ने गोड्डा सुपरकिंग्स को 01 रन से पराजित किया। गोड्डा टाइगर्स ने 20 ओवर में 116 रन का स्कोर खड़ा किया। रौशन कुमार ने सर्वाधिक 25 रन की पारी खेली। जवाब में गोड्डा सुपरकिंग्स की टीम 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 115 रन ही बना सकी। एक समय सुपरकिंग्स की टीम काफी मजबूत स्थिति में नजर आ रही थी लेकिन अंतिम 2 ओवर में गोड्डा टाइगर्स के गेंदबाज एवं क्षेत्ररक्षण ने शानदार वापसी करते हुए 1 रन से मैच जीत लिया।

## टोटो और बाइक की टक्कर में बाइक चालक घायल

**मिहिजाम।** मिहिजाम थाना क्षेत्र के निर्मल महतो चौक के पास सोमवार सुबह करीब 11 बजे एक गंभीर सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें जामताड़ा की ओर जा रही टोटो और तेज रफ्तार ग्लैमर बाइक आमने-सामने टकरा गए। टक्कर में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि टोटो चालक को भी चोटें आईं। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर जुटे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। सूचना पाकर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुँची और दोनों घायलों को नज़दीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# सरकार झारखंड की खनिज संपदा लूटने के लिए एजेंट छोड़े हुए है : बाबूलाल

संताल एक्सप्रेस

**कुंडहित (जामताड़ा)।** कुंडहित प्रखंड के बाबूपुर गांव में सोमवार को भाजपा पार्टी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के तत्वाधान में एक जन चौपाल का कार्यक्रम जिला अध्यक्ष सुमित शरण की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी , पूर्व सांसद सुनिल सोरेन, माधव चन्द्र महतो, जिला परिषद अध्यक्ष राधा रानी सोरेन आदि,उपस्थित हुए ।इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा 2047 को सौ साल भारत की आजादी पूर्ण होगी। इसलिए 2047 तक भारत को आत्मनिर्भरता बनाना है। उन्होंने आत्मनिर्भर के फायदे ग्रामीणों को बताए और बताया कि कैसे दुनिया भारत को आज एक आत्मनिर्भर देश के रूप में देख रही है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का यह कमाल है कि जिस देश को कभी सोना गिरवी




रखना पड़ा था आज वह देश दुनिया की आर्थिक महाशक्तियों में शुमार है। साथ ही हेमंत सरकार को घेरते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा की हेमंत सरकार के सारे वादे झूठ साबित हो रहे हैं जितने लोग साल भर में सरकारी नौकरी से अवकाश प्राप्त करते हैं उससे भी कम लोगों को हेमंत सोरेन ने अभी तक 6 साल के कार्यकाल में नौकरी दी है। विद्यालय में शिक्षक की कमी, अस्पताल में चिकित्सक, नर्स की कमी, राशि के अभाव में सारे विभाग का विकास कार्य अबरोध हुआ है। झारखंड के खनीज समप्रदा को लुटने के लिए पूरी राज्य में एजेंट छोड़े हुए हैं।

सरकारी दफ्तरों में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए कर्मचारी अधिकारी को पैसा देना पड़ रहा है। मौके पर भाजपा नेता माधव चंद्र महतो ने कहा की नाला में झारखंड मुक्ति मोर्चा का आतंक फैला हुआ है । आम लोगों को इसका शिकार बनाया जा रहा है ।भारतीय जनता पार्टी इस विषय पर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। जिलाध्यक्ष सुमित शरण ने बताया किस प्रकार गांव-गांव आत्मनिर्भर भारत के लिए जागरूकता भाजपा चला रही है । उन्होंने कहा स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के ऊपर अनर्गल बयान अशोभनीय है ।मौके पर मंच संचालन जिला मंत्री गया प्रसाद मंडल ने किया और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने किया।इस अवसर राधा रानी सोरेन, विष्णु मंडल, परितोष सोरेन, राम सिंह यादव, आभा आर्या,सूरज झा, मनोज गोस्वामी, किरण बेसरा, तापस भट्टाचार्य, वरुण मंडल, बन माली मंडल , ठाकुर मणि सिंह, ओम प्रकाश यादव, सुभद्रा बाउरी , अमित कुमार, नितु मंडल, जगबंधु मंडल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर गरजी यूनियन, रेलकर्मियों के लिए त्वरित सुधार की माँग

संताल एक्सप्रेस

**चित्तरंजन।** चित्तरंजन के केजी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति को लेकर सीआरएमसी यूनियन ने नए पीसीएमओ डॉ. अजय कुमार से मुलाकात कर कई महत्वपूर्ण सुधारों की माँग रखी। यूनियन ने कहा कि मरीजों को हर 10-15 दिन पर दवा लेने के लिए बुलाना असुविधाजनक है। उन्होंने आग्रह किया कि नियमित मरीजों को एक महीने की दवा एक साथ दी जाए।'लोकल परचेज' वाली दवाइयों के लिए लंबा इंतज़ार बड़ी समस्या बनी हुई है। यूनियन ने स्पष्ट कहा कि एलपी दवाइयाँ 24 घंटे के भीतर मरीजों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए। साथ ही एक्स-रे विभाग में सुबह और शाम दो शिफ्ट



में कर्मचारियों की तैनाती की माँग भी की गई, ताकि जांच प्रक्रिया तेज़ हो सके।कोलकाता के बीआर सिंह, ऑर्थोपेडिक और गार्डनरिच अस्पताल जाने वाले मरीजों के लिए जीपी-19 पास केवल एक तरफ़ की यात्रा के लिए मान्य है।

यूनियन ने इसके स्थान पर 'चेक पास' लागू करने की माँग की, जिससे मरीज दोनों ओर आरक्षित सीट से यात्रा कर सकें। यूनियन के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि 9 जुलाई की पीएनएम बैठक में मुद्दे उठाने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। मौके पर संजीव शाही, नेपाल चक्रवर्ती, कृष्णेंदु चटर्जी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। यूनियन ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील की।

## गोड्डा रॉयल्स ने गोड्डा टाइगर को 3 विकेट से किया पराजित

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में स्थानीय गाँधी मैदान में चल रहे गोड्डा प्रीमियर लीग में आज के पहले मुकाबले में गोड्डा रॉयल्स ने गोड्डा टाइगर को 3 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोड्डा टाइगर की टीम 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 99 रन बना पाई। सौरभ सुमन ने 52 गेंद में 36 रन की पारी खेली। जहां नीरज सिंह ने 4 विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी में गोड्डा रॉयल्स की टीम ने 18 ओवर 3 गेंद में 7 विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाकर मैच जीत लिया। कुंदन सिंह ने 38 बॉल में 38 रन की पारी खेली। सुरेंद्र ने 2 विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नीरज सिंह को मधु स्थली के निदेशक राजेश साह के द्वारा दिया गया। दूसरा मैच गोड्डा ब्लास्टर बनाम नंदन वॉरियर्स के बीच खेला गया जिसमें नंदन वॉरियर्स ने 6 रन से जीत दर्ज की।




टॉस जीतकर नंदन वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 154 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। गुफरान ने लगातार दूसरे मैच में धमाकेदार पारी खेलते हुए सिर्फ 22 बॉल में नाबाद 59 रन की पारी खेली। अपनी पारी में गुफरान ने 3 चौका एवं 7 गगनचुंबी छक्का लगाया। कप्तान उत्तम झा ने 25 रन की पारी खेली। अजय यादव ने 3 विकेट प्राप्त किया। जवाब में गोड्डा ब्लास्टर की टीम 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 148 रन बना पाई। ऋषिकांत ने 26 बॉल में 35 रन एवं राहुल दत्ता ने 9 बॉल में 19 रन की पारी खेली। वैभव यादव ने 3 विकेट प्राप्त किया। दोनों मैच काफी रोमांचक रहा जिसमें काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। अंपायरिंग की भूमिका में जेएससीए के आलोक राजहंस एवं इफ्तेखार शेख थे। इस अवसर पर डॉक्टर विजय पासवान, शाहिद इकबाल, मनोज अकेला, सनोज कुमार, प्रीतेश नंदन, अमित सिंह, मुकेश मंडल, अंजन, राहुल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## ए टू ज़ेड एमडी इलेवन चैंपियन, विजेता टीम को मिला पुरस्कार

संवाददाता

**नाला(जामताड़ा)।** नाला प्रखंड अंतर्गत खैरा गांव में आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट खैरा प्रीमियर लीग सीजन-5 का सफल समापन हुआ। टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया।फाइनल मुकाबला छोटेलाल इलेवन और ए टू ज़ेड एमडी इलेवन के बीच खेला गया, जो रोमांच से भरपूर रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए छोटेलाल इलेवन ने 146 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में ए टू ज़ेड एमडी इलेवन ने तेरह ओवर में ही तीन विकेट रहते शानदार जीत दर्ज कर खिताब




अपने नाम कर लिया। विजेता टीम को 80,000 रुपए, जबकि उपविजेता टीम को 50,000 रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परेश यादव, वासुदेव हांसदा, भरत चंद्र गोराई, परितोष यादव, सफीक अंसारी, रुद्र प्रताप सिंह और विनय पांडेय उपस्थित थे। वक्ताओं ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज खेल के क्षेत्र में बेहतर करियर की संभावनाएँ हैं तथा झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सरकार द्वारा सीधे नौकरी भी प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमिटी के उस्मान अंसारी, भोला दे, जमाल अंसारी, आकाश दे, विवेक दे सहित कई अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## प्लास्टिक प्रतिबंध पर नपं की सख्त कार्रवाई में वसूले गए 24 सौ

**महागामा ।** नगर पंचायत क्षेत्र में प्लास्टिक प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए प्रशासन सक्रिय मोड में आ गया है। शनिवार को विभागीय निर्देश के आलोक में नगर प्रशासक अरविंद प्रसाद अग्रवाल के आदेश पर विशेष टीम ने पूरे बाजार में सघन छापेमारी व जन-जागरुकता अभियान चलाया गया साथ ही दुकानदारों को चेतावनी भी दी गई। जांच के दौरान टीम ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियम उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से कुल 2400 रुपये का जुर्माना वसूला गया। नगर पंचायत प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि प्लास्टिक मुक्त महागामा मिशन को सफल बनाने के लिए इस तरह की कार्रवाई लगातार होती रहेगी। उक्त अभियान के तहत टीम में शामिल अधिकारी व कर्मी में नगर प्रबंधक, राजस्व निरीक्षक, कनिष्ठ अभियंता तथा अन्य कार्यालय कर्मी, नगर प्रबंधक रोहित कुमार गुप्ता, राजस्व निरीक्षक गुड्डू कुमार, गार्डन अधिक्षक गुडन कुमार, कनिष्ठ अभियंता कृष्ण पाठक, सुनील उरांव तथा अन्य कार्यालय कर्मी

## रामेश्वर नाथ महादेव मंदिर प्रांगण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**महागामा ।** स्थानीय रामेश्वर नाथ महादेव मंदिर प्रांगण में रविवार को श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला, जब क्षेत्रवासी परंपरागत अगहन का डोरा पर्व मनाने बड़ी संख्या में पूजा के लिए मंदिर पहुंचे। सूर्य देव की उपासना को समर्पित यह पर्व सदियों से महागामा की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा रहा है। सुबह तड़के से ही मंदिर में महिलाओं, पुरुषों और युवा श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। व्रती महिलाओं ने उपवास रखते हुए डोरा पर्व की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की और सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया डोरा पर्व का महत्व = समृद्धि, स्वास्थ्य और शुभ फल की कामना अघन माह में मनाया जाने वाला यह पर्व सूर्य देव की कृपा प्राप्त करने, परिवार की सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। स्थानीय बुजुर्गों ने बताया कि यह पर्व गांव-समाज में एकता और परंपरा को मजबूत करने का संदेश देता है। स्थानीय लोगों की सक्रिय भूमिका, मंदिर समिति ने किए विशेष प्रबंध पूरे आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति और स्थानीय ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विश्व एड्स दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर




**गोड्डा ।** विश्व एड्स दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सोमवार को सदर अस्पताल के ओपीडी परिसर में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न गांवों से आये ग्रामीणों को एड्स के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सदर अस्पताल के आर्थोपैडिक सर्जन सह चिकित्सा पदाधिकारी डा. प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि जन जागरुकता से ही एड्स का बचाव संभव है। सावधानी बरतने पर ही एड्स से बचा जा सकता है। एड्स छूने, गले मिलने, हाथ मिलाने से नहीं फैलती है बल्कि असुरक्षित यौन संबंध, किसी एड्स पीड़ित व्यक्ति का संक्रमित खून किसी भी रूप में शरीर में आने से एड्स फैलने का खतरा रहता है। यह खून चाहे संक्रमित व्यक्ति की सूई या संक्रमित ब्लड चढ़ाने से संभव है। इसलिए इस दिशा में बराबर सावधानी बरतने की जरुरत है। अपने जीवन साथी के प्रति बफादार बनें। ऐसे में दूसरे शहर से आने के बाद उसके खून की जांच कराने की जरुरत पर बल दिया। अगर किसी को एड्स हो गया है तो उसके साथ अच्छा वर्ताव करें तकि उन्हें इसका एहसास नहीं हो। इसके अलावा पीएलवी नवीन कुमार व जायसवाल मांझी ने भी विचार व्यक्त किये। इस दौरान संक्रमित खून चढ़ाने, असुरक्षित यौन संबंध आदि पर विस्तृत विचार व्यक्त किए गए।

## रेनबो ने दी हीमैन धर्मेंद्र को भावभीनी श्रद्धांजलि



**गोड्डा ।** हिन्दी फिल्मों के सदाबहार नायक धर्मेंद्र जिन्हें फिल्म जगत ने प्यार से धरम पाजी तथा सम्मान से हीमैन की उपाधि से नवाजा था, के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके प्रशंसकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। रेनबो म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले स्थानीय शांति नगर स्थित स्लिंगशॉट एसोसिएशन ऑफ गोड्डा के कार्यालय में शनिवार शाम आयोजित श्रद्धांजलि सभा में रेनबो के संस्थापक अध्यक्ष सुरजीत झा, संस्थापक सचिव मनीष सिंह, संरक्षक मनोज कुमार पप्पु, संजीव झा, संयुक्त सचिव अमरेंद्र सिंह बिट्टू एवं दयाशंकर, समाजसेवी बबलू सिंह, दीप नारायण साह एवं नीरज कुमार ने स्व. धर्मेंद्र के तस्वीर पर पुष्पांजलि कर उन्हें दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी।

## केंदुआ की बड़ी मस्जिद में छत ढ़लाई का शुभ कार्य सम्पन्न

**जामताड़ा।** नारायणपुर के केंदुआ स्थित बड़ी मस्जिद में सोमवार को आयोजित छत ढलाई कार्यक्रम एकता और भाईचारे का मजबूत संदेश दे गया। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के प्रतिनिधि के रूप में अज़हरुद्दीन ने कार्यक्रम में शिरकत की, जहाँ उनका उलेमाओं, मस्जिद कमेटी के सदस्यों और बड़ी संख्या में मौजूद स्थानीय लोगों ने पुरअख़लाक स्वागत किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए अज़हरुद्दीन ने कहा कि मस्जिदें सिर्फ नमाज़ की जगह नहीं, बल्कि इंसानियत, अमन और मेल-मिलाप की प्रतीक होती हैं। बड़ी मस्जिद की छत ढलाई जैसे नेक काम में शामिल होना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों और मस्जिद कमेटी को दिल से मुबारकबाद दी और दुआ की कि अल्लाह इस मस्जिद को तरक्की, रौनक़ और बरकत से नवाज़े। साथ ही उन्होंने मंत्री डॉ. अंसारी की ओर से भी शुभकामनाएँ पहुँचाईं। कार्यक्रम में मौजूद लोगों की श्रद्धा, सहयोग और उत्साह ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया।अज़हरुद्दीन ने कहा कि ऐसे नेक कार्यों में शामिल होकर समाज को मजबूत बनाने का अवसर मिलता है और यह दिल में सुकून भर देता है।

## शाखा प्रबंधक के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह



**ठाकुरगंगटी ।** प्रखंड क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक चांदा शाखा के प्रबंधक बी एम दास को बैंक कर्मियों आदि ने सम्मानित कर विदाई दी। बताते चलें कि इस शाखा में पिछले करीब ढाई वर्षो से प्रबंधक बीएम दास कार्यरत थे और अब वे सेवानिवृत हो गए। ढाई वर्षो में उन्होंने जो सेवा प्रदान की है वह अपने आप में ऐतिहासिक है जिससे प्रभावित होकर बैंक अधिकारी, कर्मी, ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक समाजसेवी आदि । बीएम दास ने कहा कि शाखा के अधिकारियों, कर्मियों सहित ग्राहक सेवा केंद्र के संचालकों, प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, गणमान्यों, शिक्षाविदों और क्षेत्र के तमाम ग्राहकों, निवासियों से उन्हें बहुत अधिक सहयोग मिला।यह उन्हें जीवन भर याद रहेगा। वर्तमान शाखा प्रबंधक मनोज कुमार ठाकुर, लेखपाल राजीव कुमार, भवानी प्रताप, बिंदेश्वरी राम, बीमा पदाधिकारी राजीव रंजन झा, क्षेत्रीय संचालक हरियम गौरव मिश्रा, बसंती कुमारी, सीएचपी संचालक चंद्रशेखर साह, जहांगीर आलम, कुमार पुष्कर, रंभा देवी, चंदन कुमार, अभय यादव सहित दर्जनों क्षेत्रवासी शामिल थे।

## हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान



**मेहरमा ।** भाजपा के मंडल कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा के नेतृत्व में हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान चलाया। अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर लोगों को स्वदेशी सामान अपनाने के लिए जागरूक किया। जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को घर-घर पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सभी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है। बिहार चुनाव में एनडीए की जीत पर उन्होंने राज्य की जनता का आभार जताते हुए कहा कि बिहार ने जंगलराज को समाप्त कर विकास की राह चुनते हुए डबल इंजन की सरकार को मजबूत जनादेश दिया है। बिहार की जनता ने विश्वास जताया कि विकसित भारत के साथ विकसित बिहार का सपना भी पूरा होगा। अभियान के दौरान मेहरमा मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, मंडल उपाध्यक्ष हरिकिशोर मिश्रा, रिषि कुमार, निवेश कुमार, रोहित पासवान, सुनील कुमार पोद्दार, जितेन्द्र कुमार मंडल, गनौरी साह समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिक्षण संसाधनों की कमी को लेकर छात्रों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**महागामा ।** प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में उच्च शिक्षा से जुड़ी समस्याओं और छात्रों की लंबित मांगों को लेकर कांग्रेस के छात्र नेता सुमित कुमार ने झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को एक विस्तृत आवेदन सौंपा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब छात्र-युवा वर्ग की आवाज को गंभीरता से सुना जाए और महागामा को शिक्षा के क्षेत्र में उसका उचित अधिकार मिले। पीजी कोर्स शुरू होने से हजारों छात्रों को सीधे लाभ मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अध्ययन हेतु शांत, सुरक्षित और संसाधनयुक्त माहौल उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति दो वर्षों से लंबित। आदिवासी, दलित एवं ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति अब तक नहीं मिली है ।

## मानवीय व तकनीकी हस्तक्षेप से बेकाबू मौसम

वर्ष 2025 में जितनी प्राकृतिक आपदाएं भारत सहित दुनिया के देशों में आई हैं, उसने आम जन जीवन को भयभीत कर दिया है। इतिहास में एक साथ कभी भी इतनी बड़ी संख्या में प्राकृतिक आपदाएं नहीं देखी गई हैं। किसी भी देश के किसी भी हिस्से में कभी भी भीषण चक्रवात, बाढ़, सूखा, ओलावृष्टि, असामान्य गर्मी, असामान्य ठंड, अनायास बर्फबारी जैसी घटनाएं नहीं हुईं। लेकिन अब हर महीने विश्व के किसी न किसी कोने में इस तरह की घटनाएं सुनने को मिलती हैं। मौसम में यह बदलाव क्यों आ रहा है इसको लेकर पर्यावरण विद् चिंतित हो गये हैं। जिस तरह से सत्ता में बैठे हुए लोग प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके दुष्परिणाम बडी संख्या में देखने को मिल रहे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार ऊपरी हवाएं पश्चिम से पूर्व की ओर असामान्य गति से बहने लगी हैं। तीन महीने पहले हुई इस घटना ने मौसम विज्ञानियों की चिंता को बढ़ा दिया है। मौसम परिवर्तन का यह व्यवहार पूरी दुनिया को परेशान कर रहा है। अब हालात यहां तक पहुंच चुके हैं, मौसम जिस तरीके से अपने आप में बदलाव कर रहा है, उसने मौसम के जो शक्तिशाली कारण होते थे उनमें भी बदलाव करना शुरू कर दिया है। दुनिया भर में तेजी के साथ चक्रवात बन रहे हैं। बारिश और तापमान में अचानक वृद्धि देखने को मिल रही है। बे-मौसम बारिश हो रही है। बे मौसम तूफान आ रहे हैं। इस परिवर्तन के कारण दक्षिण पूर्व एशिया के वियतनाम, इंडोनेशिया, फिलिपींस विनाशकारी तूफान और बाढ़ से जूझ रहे हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। हिंद महासागर और पश्चिमी प्रशांत महासागर का तापमान अभी तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया है। वायुमंडल की वायु धारा में परिवर्तन मौसम की स्थितियों मे लगातार बदलाव आ रहे हैं। पिछले 1 वर्ष में जिस तरह से मौसम अप्रत्याशित और अनियंत्रित हो गया है, उसके बाद दुनिया के देशों में प्राकृतिक आपदाओं के कारण एक तरह से कोहराम देखने को मिल रहा है। वैश्विक जलवायु तंत्र एक ऐसी विषम स्थिति पर पहुंच चुकी है, जहां से जल्द मौसम को नियंत्रित कर पाना किसी के लिए संभव नहीं होगा। भारत में पिछले कुछ वर्षों से प्राकृतिक आपदाओं की घटनायें बड़ी तेजी के साथ बढ़ती चली जा रही हैं। बे मौसम बारिश और तूफान आने के साथ ही दुनिया के देशों में ज्वालामुखी विस्फोट देखने को मिल रहे हैं। बड़ी संख्या में भूकंप का प्रकोप देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार पृथ्वी की सतह से 20 से 30 किलोमीटर ऊपर बहने वाली हवाएं जो हर 28 से 30 महीने के बीच में अपनी धारा बदलती थी, अब इसमें जल्दी-जल्दी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मौसम में इन धाराओं में जो परिवर्तन जनवरी और फरवरी माह में देखने को मिलता था, इस साल वह नवंबर माह में ही देखने को मिल रहा है। जिसके कारण भारत सहित वैश्विक स्तर पर, जो मौसम परिवर्तन हो रहा है वह इतना शक्तिशाली है, कि हर जगह अब विनाश देखने को मिल रहा है। वायुमंडल की हवाओं में जिस तरह की टूटन देखने को मिल रही है, उसके कारण तेज गर्म हवाएं सूखा, बादल फटने और हिमस्खलन जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसमें भारी जन-धन की हानि हो रही है। विशेषज्ञों का अनुमान है, अगले एक महीने तक इसका प्रभाव और भी बढ़ेगा। मौसम की यह अस्थिरता 2026 में भी जारी रह सकती है। इस भारतीय मौसम विभाग ने चिंता जाहिर करते हुए कहा है, इस साल भारत में सर्दियों का मौसम बड़ा अनियमित रहेगा। जलवायु आपदा की कई घटनाएं भारत में देखने को मिलेंगी। वैज्ञानिक इसे कंपाउंड एक्सट्रीम वेदर नाम दे रहे हैं। भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन के कारण संकटो की अभी शुरुआत है आगे और भी भयावह स्वरूप देखने को मिलेंगे। पिछले तीन दशकों से जिस तरह से अंधाधुंध तरीके से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, भारत में भी विकास के नाम पर जंगल, पेड़ इत्यादि नष्ट किये जा रहे हैं, पहाड़ों को खोदा जा रहा है, प्राकृतिक संसाधनो के लिए जमीन के अंदर सेकडों फुट गहरी खुदाई की जा रही है, जिस तरह से हथियारों का परीक्षण किया जा रहा है, उसने वैश्विक पर्यावरण को पूरी तरह से तहस-नहस करके रख दिया है। पर्यावरण में बदलाव के कारण मौसम को लेकर जो घटनाएं हो रही हैं, उन्हें वैज्ञानिक शुरुआती बता रहे हैं। समय रहते इसे नियंत्रित नहीं किया गया, तो आने वाले समय में भारत सहित विश्व की एक बड़ी आबादी मौसम के बेकाबू होने के कारण भारी संकट में पडने जा रही है।

# नशे का बढ़ता प्रचलन और कारोबार - एक गंभीर अलार्म

**ललित गर्ग**

भारत में नशीले पदार्थों का बढ़ता प्रचलन एवं बढ़ता घातक कारोबार आज एक भयावह राष्ट्रीय संकट बन चुका है। आये दिन विभिन्न राज्यों में नशीले पदार्थों की बड़ी-बड़ी खेप बरामद होना इस संकट की भयावह तस्वीर उकेरता है। यह समस्या किसी एक राज्य या किसी सीमित क्षेत्र की नहीं रही, बल्कि हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित पूरे देश में यह अपने विकराल रूप में फैल चुकी है। विशेष रूप से किशोर और युवा पीढ़ी जिस तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रही है, वह एक खतरनाक भविष्य की चेतावनी है। नशा आज केवल व्यक्तिगत बीमारी नहीं, बल्कि सामाजिक विनाश की प्रस्तावना बन चुका है। अंधेरी गलियों में भटकते युवा, परिवारों का टूटता संतुलन, अपराधों में वृद्धि और जीवन मूल्यों का क्षरण-ये सब नशे की महामारी के दुष्परिणाम हैं। अब वयस्क ही नहीं, किशोर भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। फिर वे अपने नशे के लिए पैसा जुटाने के लिये अपराध की गलियों गुम होते जा रहे है, तरह-तरह के अपराध कर रहे हैं। हाल ही के कुछ गंभीर अपराधों का खुलासा होने पर किशोरों ने स्वीकार किया कि वे नशे हेतु पैसा जुटाने के लिए अपराध करने निकले थे। कमोबेश, ऐसा ही संकट नकली दवाइयों की आपूर्ति का भी है। पिछले दिनों देश के कई राज्यों में घातक कफ सिरप पीने से कई बच्चे अपनी जान गंवा बैठे। इस आसन्न संकट को महसूस करते हुए नकली दवाइयों और मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए सात राज्यों के ड्रग्स कंट्रोलरों, पुलिस और सीआईडी अधिकारियों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन चंडीगढ़ में आयोजित किया गया, जिसका मकसद इन अधिकारियों को एक मंच पर लाकर कार्रवाई को अधिक कारगर बनाना था। यह स्वागत योग्य है कि देश में पहली बार सात राज्यों ने इस संकट को महसूस करते हुए इस दिशा में साझी पहल की। निश्चित ही यह सम्मेलन इस घातक एवं गंभीर होती समस्या के समाधान में रोशनी बनेगा।

नशीले पदार्थों व नकली दवाइयों का कारोबार मात्र एक राज्य की समस्या नहीं है, बल्कि इससे कई राष्ट्रीय मुद्दे भी जुड़े हैं। पंजाब व देश के समुद्री सीमा से जुड़े राज्यों में नशीले पदार्थों की जो बड़ी खेपें बरामद हुई हैं, उसने पूरे देश की चिंता बढ़ाई है। सवाल यह भी उठा है कि यदि नशीले पदार्थों की इतनी बड़ी मात्रा बरामद हुई है तो चोरी-छिपे कितनी बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ देश में पहुंच रहा होगा। पंजाब के सीमावर्ती जिलों में सीमा पार से ड्रोन के जरिये लगातार नशीले पदार्थ व हथियार भेजने के मामले प्रकाश में आए हैं। हाल के वर्षों में सामने आए आंकड़े बताते हैं कि ड्रग व्यापार अब किसी सीमित भौगोलिक दायरे तक सीमित नहीं रहा। पंजाब, जिसकी आबादी देश की कुल आबादी का मात्र ढाई प्रतिशत है, वहां से देश में बरामद होने वाली हेरोइन का लगभग आधा हिस्सा पकड़ा गया है। यह अकेला तथ्य बताने के लिए पर्याप्त है कि नशीले पदार्थों का नेटवर्क कितना गहरा, विस्तृत और संगठित हो चुका है। हरियाणा की सीमावर्ती जिलों में पिछले पाँच वर्षों के दौरान राज्य के कुल ड्रग मामलों का लगभग नब्बे प्रतिशत भाग सामने आया है, जो स्पष्ट संकेत देता है कि तस्करी का रास्ता राज्यों की सीमाओं से गुजर कर पूरे समाज में फैलता जा रहा है। इसी प्रकार राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण बताते हैं कि नशे की आदत अब केवल युवाओं तक सीमित नहीं, बल्कि लाखों बच्चे और किशोर और विशेषतः महिलाएं-युवतियां विभिन्न नशीली वस्तुओं के संपर्क में आ चुकी हैं। यह स्थिति सिर्फ चिंता का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र की अगली पीढ़ी के भविष्य को लेकर गंभीर चेतावनी है। नशे की गिरफ्त में फंसकर बच्चे और युवा मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और शैक्षणिक जीवन में बुरी तरह पिछड़ रहे हैं। परिवार टूट रहे हैं, आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है, और अपराधों का ग्राफ निरंतर बढ़ता जा रहा है। नशे की वजह से चोरी, लूट, हिंसा, हत्या और यौन अपराध तक बढ़ते जा रहे हैं।

समस्या का यह दूसरा पहलू भी उतना ही भयावह है कि नशे का व्यापार अब सामान्य चोरी-छिपे किए जाने वाला धंधा नहीं रहा, बल्कि विशाल और संगठित तस्करी-तंत्र में बदल चुका है। ड्रोन के माध्यम से ड्रग तस्करी, अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क, नकली दवाओं का उत्पादन, कफ सिरप व अन्य औषधियों के दुरुपयोग का व्यापक कारोबार-ये सभी संकेत हैं कि नशा भारत के सामाजिक ढांचे को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। ड्रग माफिया, अपराधी गिरोह, भ्रष्ट तंत्र एवं पडोसी देश मिलकर एक ऐसी समानांतर व्यवस्था चला रहे हैं, जो कानून, नैतिकता और मानवीय जीवन के लिए बेहद खतरनाक है। चंडीगढ़ में आयोजित महत्वपूर्ण सम्मेलन में कई ऐसे तथ्य सामने आए जिन्होंने सभी को हिला दिया। यह स्पष्ट रूप से महसूस किया गया कि अब नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक राज्य की जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की प्राथमिकता है। राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी इस बात पर सहमत दिखे कि यदि अब भी सख्त और संगठित कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में हालात और भयावह हो सकते हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि नशे का यह संकट भारत की सामाजिक संरचना, युवाशक्ति और राष्ट्रीय प्रगति को गहरी चोट पहुँचा रहा है।

इस अनियंत्रित होते भयावह संकट को रोकने के लिए सरकार, पुलिस, न्याय तंत्र, समाज और परिवार-सबको मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। सिर्फ कानून बनाकर और कभी-कभार छापामारी करके इस समस्या का समाधान संभव नहीं। सबसे पहले कानूनों को मजबूत करने और उनके कठोर क्रियान्वयन की आवश्यकता है। ड्रग तस्करी, नकली दवाइयों का निर्माण और अवैध वितरण के खिलाफ ऐसी दंडात्मक व्यवस्था होनी चाहिए कि अपराधी इसके परिणामों से भयभीत हों। मौजूदा समय में कई बार अपराधी मामूली सजा या जमानत पर छूट जाते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ता है और अवैध कारोबार और तेजी से फैलता है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि कानून कठोर हों और उनका पालन बिना किसी समझौते के हो। दूसरा महत्वपूर्ण क्षेत्र है-नशामुक्ति और पुनर्वास। नशे की गिरफ्त में आए लोग सिर्फ अपराधी नहीं, बल्कि पीड़ित भी हैं। परिवार, समाज और सरकार को उन्हें समझना, सहारा देना और पुनर्वास का रास्ता उपलब्ध कराना आवश्यक है। देश में नशामुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन उनकी गुणवत्ता, सुविधाओं, चिकित्सा सहायता, काउंसलिंग और पुनर्वास कार्यक्रमों को और मजबूत करने की जरूरत है। नशे से बाहर आने वाले व्यक्ति को नये जीवन की शुरुआत के लिए सामाजिक सम्मान, परिवार का सहयोग और रोजगार के अवसर मिलना आवश्यक है; वरना वे दोबारा उसी अंधेरी राह में लौट जाते हैं।यह समय चेतावनी का समय है। यदि आज हमने नशे की इस राष्ट्रीय महामारी को गंभीरता से नहीं लिया, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें माफ नहीं करेंगी। नशा मानवता का शत्रु है। यह युवा शक्ति को अंधेरे में धकेलता है, परिवारों को तोड़ता है, राष्ट्र की प्रगति को रोकता है। इसलिए आज एक ही संकल्प होना चाहिए कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई को हम केवल सरकारी प्रयासों पर न छोड़ें,

बल्कि इसे अपनी सामूहिक जिम्मेदारी मानें। सरकार से यही अपेक्षा है कि वह नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के खिलाफ अधिक कठोर, अधिक पारदर्शी और अधिक प्रभावी नीति बनाए तथा उसका निष्ठापूर्वक पालन सुनिश्चित करे। समाज से यही अपेक्षा है कि वह नशे को शर्म का नहीं, जागरूकता और उपचार का विषय बनाए। और युवाओं से यही निवेदन है कि वे समझें-नशा न शक्ति देता है, न सुख; यह केवल जीवन और भविष्य को छीन लेता है। अब समय आ गया है कि भारत नशे के इस संकट को रोकने के लिए एकजुट होकर निर्णायक कदम उठाए। यही राष्ट्रहित है, यही समाजहित है और यही मानवता के भविष्य की रक्षा है।

## प्रदूषण की कैद में कैद होती पृथ्वी

**-श्वेता गोयल**

प्रतिवर्ष 2 दिसम्बर को भोपाल गैस त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों की याद में भारत में 'राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस' मनाया जाता है। विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक उस गैस त्रासदी में जहरीली गैस के रिसाव के कारण पांच लाख से भी अधिक लोगों की मौत हो गई थी, हालांकि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मौतों की संख्या 3787 घोषित की गई थी। उस गैस त्रासदी को इतने वर्षों बाद भी पूरी दुनिया में इतिहास की सबसे बड़ी औद्योगिक प्रदूषण आपदा के रूप में जाना जाता है। 1984 की उस गैस त्रासदी के दौरान प्राण गंवाने वाले लोगों को याद करने और प्रदूषण नियंत्रण कृत्यों के महत्व से हर व्यक्ति को अवगत कराने के लिए 2 दिसबर का दिन राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के रूप में चिह्नित किया गया। इस दिन का उद्देश्य प्रदूषण को रोकने में मदद करने वाले कानूनों के बारे में लोगों को जागरूक करना, औद्योगिक आपदाओं के प्रबंधन तथा नियंत्रण के प्रति जागरूकता फैलाना और औद्योगिक प्रक्रियाओं तथा मानवीय लापरवाही से उत्पन्न प्रदूषण को रोकना है। दरअसल आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम पर्यावरण का महत्व भूलते जा रहे हैं। इन दिनों देश के विभिन्न हिस्सों में पर्यावरण प्रदूषण को लेकर जो विकराल स्थिति बरकरार है, ऐसे में इस दिवस का महत्व कई गुना बढ़ जाता है।

देश में प्रदूषण को गंभीरता से नियंत्रित करने और रोकने के लिए कानून में कई धाराएं समाहित हैं, जिनमें 1974 का जल (रोकथाम और प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम, 1977 का जल उपकर अधिनियम, 1981 का वायु अधिनियम, 1986 का पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 का पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1989 का खतरनाक रासायनिक निर्माण, भंडारण और आयात का नियम, 1989 का खतरनाक अपशिष्ट नियम, 1989 का खतरनाक माइक्रो जीव अनुवांशिक इंजीनियर जीवों या कोशिकाओं के निर्माण, भंडारण, आयात, निर्यात और भंडारण नियम, 1996 का रासायनिक दुर्घटनाओं (इमरजेंसी, योजना, तैयारी और प्रतिक्रिया) नियम, 1998 का जैव चिकित्सा अपशिष्ट नियम, 1999 का पुनर्नवीनीकरण प्लास्टिक निर्माण और उपयोग नियम, 2000 का ओजोन क्षयकारी पदार्थ नियम, 2000 का ध्वनि प्रदूषण नियम, 2000 का नगरपालिका ठोस अपशिष्ट नियम, 2001 बैट्री (मैनेजमेंट और संचालन) नियम, 2006 महाराष्ट्र जैव कचरा नियंत्रण अध्यादेश, 2006 का पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना नियम इत्यादि प्रमुख हैं। इतने सारे अधिनियमों के बावजूद यह विड़म्बना ही है कि देश में प्रदूषण का स्तर निरन्तर बढ़ रहा है और वायु प्रदूषण के मामले में दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, आगरा, फरीदाबाद, वाराणसी, गया, पटना, जयपुर, पटियाला इत्यादि भारत के कई शहरों की गिनती अक्सर विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में होती रही है। बढ़ते प्रदूषण ने जलवायु परिवर्तन के खतरे को भयावह रूप से तीव्र कर दिया है। हिंदी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार, औद्योगिकीकरण, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई और शहरीकरण ने वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ाकर पृथ्वी के तापमान को असंतुलित कर दिया है। 'लांसेट' जर्नल की रिपोर्ट इस संकट की गंभीरता को रेखांकित करती है। रिपोर्ट के अनुसार विश्व के 30 देशों में जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के चलते कृषि उत्पादन में गिरावट का चरण शुरू हो चुका है, जो न केवल खाद्य सुरक्षा को प्रभावित कर रहा है बल्कि करोड़ों लोगों की आजीविका पर भी प्रत्यक्ष खतरा बन गया है।

**पाकुड़ की खबरें**

## नगर परिषद चुनाव फरवरी-मार्च के बीच, राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न



संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। सोमवार को समाहरणालय स्थित निर्वाचन कार्यालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में आगामी नगर परिषद चुनाव की तैयारी को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि नगर परिषद चुनाव फरवरी-मार्च 2026 के बीच संपन्न होने की संभावना है। इस बार चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव की निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तैयारी हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समयबद्ध रूप से की जा रही हैं। नगर परिषद क्षेत्र में मतदाताओं का मैपिंग अभी अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने सभी दलों से आग्रह किया कि वे मतदाताओं के अद्यतन एवं सत्यापन कार्य में सक्रिय सहयोग दें, ताकि निर्वाचन सूची अधिक सटीक एवं व्यापक हो सके। बैठक के दौरान उपायुक्त ने यह भी बताया कि अब तक केवल झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा ही बीएलए की सूची उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने अन्य सभी राजनीतिक दलों को निर्देश दिया कि वे भी अपने-अपने बीएलए की सूची शीघ्र उपलब्ध कराएँ, जिससे आगामी चुनावी कार्यों के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।बैठक में निर्वाचन प्रबंधन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी दलों के साथ सहयोगात्मक वातावरण में चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने पर जोर दिया गया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ठिका खोबोर**

भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता/पतरातू पूर्व मध्य रेल, पतरातू लेकमान आर गाखुड़ प्रतिष्ठानको बाडखान ठिकादारको ठेन खोन ई-ठिका सं. PH16Paint60 बाखरा खुला ई. ठिका नेवतायेत् काना।कामी रेयाक् जुतुम आर जायगाः (क) आरडीएसओ स्पेसिफिकैशन संख्या एम एंड सी/पीसीएन/100/2018 लेका रे 60 एचएचपी इंजनको रेयाक् इपॉक्सी सांवते पॉलीयूरेथेन पेंट ते पेंटिंग (ख) आरडीएसओ स्पेसिफिकैशन सं या एंड सी/पीसीएन/100/2015 लेका रे 19 एचएचपी इंजनको रेयाक् इपॉक्सी सांवते पॉलीयूरेथेन पेंट ते पेंटिंग। जायगा - पतरातू। कामी रेयाक् मोट पूंजीः 85,15,082.18 (पचयासी लाख पंद्रह हजार ब्यासि टाका आर अठराह पैसा सुमुङ)। बायना पायसाः 1,70,300/- (मित् लाख सत्तर हजार ती सौ टाका सुमुङ), ठिका जामाय आर बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः 08.12.2025 हिलोक् खोन 22.12.2025 हिलोक् 11:00 बजे ठिक् बोंदोक् हाबिच्। वेबसाइट रेयाक् बानाडाय जाहां रे दो ठिका कागोच जामोक्आः **IREPS** वेबसाइट **www.ireps.gov.in/**ठिका पेक्रेजको ओना रेयाक् मूल बाडखान सुधरावाकात् प्रस्ताव दो नोआ वेबसाइट दाराय ते ऑनलाइन तेको एम दाड़ेयाक्आ। नोआ ठिका तारी रे मैनुअल (ती तेयात्) ठिका दारखास दो बाङ आंगोचोक्आ आर नोडकानाक् जाहांटाक् मैनुअल ठिका दारखास रे दो धियान बाङ एमावाक्आ। पुराउ ठिका जेल लागित् सूचना पट्ट रेयाक् ओबोसताः डीजल लोको शेड, पतरातू रेयाक् नोटिस बोर्ड।

वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता/
पूमरे/पतरातू

पीआर/1355/एलएस/पीटीआरयू/डीआरएम/टीआरएस/टी/25-26/40

## गांव में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर

महेशपुर (पाकुड़ )प्रखंड अंतर्गत पंचायत अर्जुनदहा के ग्राम बलियापतरा के बुरू टोला में 25 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। यह कार्य झामुमो की केन्द्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी के अथक प्रयासों का परिणाम है। लंबे समय से खराब पड़े ट्रांसफार्मर के कारण ग्रामीणों को अंधेरे और बिजली संकट का सामना करना पड़ा रहा था।ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को समझते हुए उपासना मरांडी ने तत्परता दिखाते हुए विभागीय अधिकारियों से संपर्क साधा और नए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। उनके प्रयासों से अब गांव में फिर से रोशनी लौट आई है।नए ट्रांसफार्मर के लगने से ग्रामीणों में हर्ष और संतोष का माहौल है।

# अतिक्रमण को लेकर डांगापाड़ा मोड़ पर की गई मापी, कई दुकानदारों को नोटिस

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

हिरणपुर (पाकुड़)।अतिक्रमण की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए सोमवार को अंचल प्रशासन ने डांगापाड़ा मोड़ का विस्तृत सर्वेक्षण और मापी कार्य किया। सीओ मनोज कुमार के निर्देश पर सरकारी अमीन मिस्टर अंसारी, राजस्व कर्मचारी कैथरीना टुडू और अन्य कर्मियों की टीम मोड़ पर पहुंची और चारों दिशाओं में फैली सड़क किनारे की जमीन की मापी की गई। मापी के बाद कई दुकानों को अतिक्रमित क्षेत्र में पाए जाने पर चिह्नित भी किया गया। डांगापाड़ा मोड़ से पाकुड़, हिरणपुर, महेशपुर, अमड़ापाड़ा और लिट्टीपाड़ा की ओर जाने वाली चार महत्वपूर्ण सड़कें अलग-अलग दिशाओं में निकलती हैं। यह क्षेत्र लगातार बढ़ते यातायात दबाव का केंद्र बन चुका है। स्थानीय लोगों के



अनुसार, वर्षों से दुकानदारों ने सड़क के किनारे-किनारे अतिक्रमण कर दुकानें और ढांचे खड़े कर दिए हैं, जिसके कारण सड़क संकरी हो गई है और भारी वाहनों को निकलने में गंभीर परेशानी होती है।प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में ट्रक, कोयला वाहक, यात्री बसें और निजी वाहन इस मोड़ से गुजरते हैं। सड़क की संकीर्णता के कारण कई बार दुर्घटनाओं की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है।

ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से शिकायत की थी कि अतिक्रमण हटाया जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और यातायात सुगम हो सके। मापी टीम ने पूरे मोड़ का निरीक्षण करते हुए सड़क सीमा से बाहर बढ़ाए गए निर्माण को चिन्हित किया। अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि अतिक्रमण की पहचान कर ली गई है और संबंधित दुकानदारों को अब नोटिस भेजी जाएगी। नोटिस मिलने के बाद तीन दिनों के भीतर दुकानों से अतिक्रमण हटाना अनिवार्य होगा। सीओ मनोज कुमार ने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में दुकानदार स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो प्रशासनिक तौर पर कार्रवाई कर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा और जनता की सुविधा से समझौता नहीं किया जाएगा। स्थानीय जनता ने प्रशासनिक कार्रवाई का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही सड़क चौड़ी होगी तथा दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी

## सदर अस्पताल सोनाजोड़ी का डीसी ने किया औचक निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता।पाकुड़ । सोमवार को डीसी मनीष कुमार ने सदर अस्पताल, पाकुड़ का औचक निरीक्षण कर मलन्यूट्रिशन ट्रीटमेंट सेंटर के रिनोवेशन हेतु सदर अस्पताल के उपाधीक्षक को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अस्पताल की किचेन, खान-पान की गुणवत्ता, स्वच्छता और व्यवस्था पर विशेष ध्यान निरीक्षण कर किचन स्टाफ को भोजन की स्वच्छता, समय पर वितरण और पोषण मानकों का पालन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सदर अस्पताल की सभी सेवाओं का स्तर उच्च बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एमटीसी के रिनोवेशन, अस्पताल किचन की स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता और समय पर वितरण सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

## सड़क पर गिरा पेड़ आवागमन बाधित



लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा हिरणपुर मुख्य सड़क नवाडीह के समीप सोमवार को सड़क के बीचों बीच पेड़ गिर जाने से ढाई घंटे सड़क जाम रहा। घंटो बाद पुलिस के द्वारा जेसीबी के मदद से पेड़ को सड़क से हटाया और सड़क को जाम से मुक्त किया। जानकारी के अनुसार नवाडीह सड़क किनारे वर्षो पुराना शीशम का पेड़ दोपहर बारह बजे पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया।जिससे सड़क पूरी तरह जाम हो गया। सड़क जाम के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों का लंबी कतारे लग गया। सूचना मिलते पुलिसऔर वन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंच कर जेसीबी की मदद से लगभग ढाई बजे सड़क को जाम से मुक्त किया।

## पांच दुकानों में चोरी का प्रयास,गैस सिलेंडर लेकर भागे चोर



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़ ।शहर के बस स्टैंड के पास बीती रात अज्ञात चोरों ने पांच दुकानों में चोरी का प्रयास किया। दुकानों के ताले काटे गए और एक शटर को भी नुकसान पहुंचा। घटना के बाद से दुकानदार डरे हुए हैं। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु कर दी।सोमवार सुबह जब दुकानदार अपनी दुकान पर पहुंचे, तो उन्हें चोरी की कोशिश का पता चला। जांच के दौरान अधिकतर दुकानों का सामान सुरक्षित मिला, लेकिन चाऊमीन की दुकान से गैस सिलेंडर चोरी हो गया। चोरों ने डिल्लू, अशरफ शेख, खालिद अंसारी और सोहेल गैस सर्विस की दुकानों में भी घुसने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए ।सोहेल ने कहा कि रात में दुकान बंद करके वे घर चले गए थे। सुबह लौटे तो ताला टूटा मिला। शटर उठाने पर सामान तो सही मिला, लेकिन पास की चाऊमीन दुकान से गैस सिलेंडर गायब था।बस स्टैंड स्थित मैगी प्वाइंट में पहले भी चोरी हुई थी, लेकिन उस समय इसकी सूचना थाने को नहीं दी गई थी। इस बार दुकानदारों ने तुरंत पुलिस को जानकारी दे दी।स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी बस स्टैंड में तेजी से अतिक्रमण बढ़ रहा है। बाहर से आने वाले लोग सड़क किनारे झोपड़ी डालकर दुकानें लगा लेते हैं। रात में इन दुकानों के पास असामाजिक तत्व घूमते रहते हैं, जिससे चोरी और अनहोनी की आशंका बढ़ जाती है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

हिरणपुर (पाकुड़ ) पाकुड़ पुलिस ने आपराधिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पाकुड़ नगर थाना कांड संख्या 170/20 (आर्म्स अधिनियम) में वांछित चल रहे अभियुक्त अन्दीन मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया है।हिरणपुर थाना की पुलिस टीम ने विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अन्दीन मंडल (उम्र लगभग 24 वर्ष), पिता काजल मंडल, निवासी गोपालपुर, थाना हिरणपुर, जिला पाकुड़ को उसके आवास से गिरफ्तार किया।पुलिस सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। गिरफ़्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।यह गिरफ्तारी हिरणपुर पुलिस की तत्परता, सक्रियता तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## फुटबॉल मैच में एफ सी गाड़ा टोला विजय



लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)मांझी विजय मरांडी स्पोर्टिंग क्लब की ओर से आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन सोमवार को फाइनल मैच के साथ हुआ। फाइनल मुकाबला एफ सी गाड़ा टोला और एफ सी सरस्वती शिशु मंदिर लिट्टीपाड़ा के बीच खेला गया।रोमांचक खेल के बाद एफ सी गाड़ा टोला ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि एफ सी सरस्वती शिशु मंदिर लिट्टीपाड़ा उपविजेता रहा। मैच के उपरांत कमिटी के सदस्यों ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मौके पर कमिटी के अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हिरणपुर के युवाओं की पहल, घर-घर जाकर जुटा रहे गर्म कपड़े,असहाय के बीच करेंगे वितरण




संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़) हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बढ़ती ठंड को देखते हुए हिरणपुर के युवाओं ने हर साल की तरह इस वर्ष भी जरूरतमंदों की मदद के लिए गर्म कपड़े संग्रह अभियान की शुरूआत कर दी है। यह अभियान विकास दास और चंदन भगत के नेतृत्व में चलाया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। युवा टोली घर-घर जाकर पुराने परंतु उपयोगी गर्म कपड़े एकत्रित कर रही है, ताकि उन्हें असहाय, गरीब व जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया जा सके। इस पहल में रंजन साहा, शुभम दत्ता, पाथों रूज, भास्कर चक्रवर्ती, विकास दास, सुलभ मंडल, मंजीत दत्ता, हर्मेश साहा, सहित कई युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। युवाओं ने बताया कि उनके इस

अभियान का उद्देश्य है कि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान न हो और हर जरूरतमंद तक समय पर गर्म कपड़े पहुंच सकें। स्थानीय लोगों ने भी युवाओं के इस प्रयास की सराहना की है और कई परिवारों ने स्वेच्छा से कपड़ों का दान किया है। युवाओं का कहना है कि आने वाले दिनों में वह इस अभियान को और व्यापक करेंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके।

## एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता एवं भेदभाव-मुक्त समाज बनाने का संदेश




**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम के अनुरूप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक करना तथा भेदभाव-मुक्त समाज की दिशा में प्रेरित करना रहा। सिविल सर्जन डॉ. जुगल किशोर चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि एड्स लाइलाज नहीं,बल्कि समय पर जांच एवं नियमित उपचार से नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से भेदभाव न करें और समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने में सहयोग दें। डालसा सचिव संदीप निशि बारा ने कहा कि एड्स मरीजों को विधिक सहायता निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सकगण, नर्सिंग स्टाफ, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएँ तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

## स्वरोजगार बढ़ाने के लिए आरसेटी देवघर में सॉफ्ट टॉय मेकिंग प्रशिक्षण कल से

**देवघर ।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार जिले में स्वरोजगार के अवसरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान देवघर में चौदह दिवसीय सॉफ्ट टॉय मेकिंग एंड सेलिंग प्रशिक्षण तीन दिसंबर से शुरू किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के उन युवक और महिलाओं के लिए यह प्रशिक्षण विशेष रूप से उपयोगी होगा जिनकी आयु अठारह से पैंतालीस वर्ष के बीच है और जो स्वयं का रोजगार प्रारंभ करना चाहते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण, भोजन और छात्रावास की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही कॉपी, किताब, कलम, ड्रेस और प्रशिक्षण सामग्री संस्थान की ओर से प्रदान की जाएगी। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बीपीएल कार्ड या स्वयं सहायता समूह की सदस्यता में से कोई एक पहचान, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार की चार फोटो और बैंक पासबुक शामिल हैं। प्रशिक्षण स्थल आरसेटी देवघर, रोहिणी रोड में निर्धारित किया गया है। विस्तृत जानकारी के लिए 7004023316 और 7717766925 पर संपर्क किया जा सकता है।

## ब्लू बेल्स स्कूल के छात्रों ने प्रस्तुत की डिजिटल क्लास की जानकारी



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान ब्लू बेल्स स्कूल में कक्षा नौ के विद्यार्थियों ने डिजिटल क्लास विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने डिजिटल क्लास के महत्व,लाभ तथा तकनीक आधारित शिक्षा कैसे सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाती है,इस पर विस्तृत जानकारी साझा की। डिजिटल क्लास ऐसी शिक्षा प्रणाली है जिसमें शिक्षक और विद्यार्थी ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से जुड़ते हैं। यह विद्यार्थियों को घर बैठे सीखने की सुविधा देती है तथा उन्हें अपने समय और गति से अध्ययन करने की स्वतंत्रता प्रदान करती है। कक्षा 9 के छात्र विराट कुमार ने डिजिटल क्लास के लाभ बताते हुए कहा कि यह प्रणाली विद्यार्थियों को सुविधाजनक तरीके से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देती है। वहीं छात्रा श्रेयांशी ने बताया कि डिजिटल क्लास व्यक्तिगत शिक्षा को बढ़ावा देती है,जिससे हर छात्र अपनी गति से सीख सकता है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम झा ने कहा कि स्कूल में आधुनिक डिजिटल क्लासरूम उपलब्ध हैं,जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीक-सक्षम शिक्षा प्रदान करना है।

## मधुपुर महाविद्यालय में झारखंड छात्र मोर्चा की कॉलेज कमेटी का गठन



**मधुपुर।** स्थानीय मधुपुर महाविद्यालय में मंगलवार को झारखंड छात्र मोर्चा की कॉलेज कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुमित सोरेन के द्वारा कॉलेज कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर जिला सचिव उम्र बंटी, जिला उपाध्यक्ष शुभम शेखर तथा नगर मीडिया प्रभारी शाहनवाज नूर,आदित्या उर्फ बिट्टू मुर्मू की उपस्थिति में की गई। गठन की बैठक में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस दौरान जिला सचिव उम्र बंटी ने संगठन की मजबूती, छात्र हितों की रक्षा तथा कॉलेज परिसर में अनुशासित व सकारात्मक वातावरण बनाए रखने पर बल दिया। कालेज कमेटी के अध्यक्ष सत्यम कुमार ने कहा कि नई गठित कमेटी से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और महाविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। उन्होंने नव नियुक्त कॉलेज कमेटी के पदाधिकारियों को माला पहनकर और बधाई देते हुए कहा कि छात्र मोर्चा सदैव विद्यार्थियों की आवाज बनकर कार्य करता रहेगा। बैठक के अंत में नवगठित कमेटी के पदाधिकारियों का परिचय कराया गया और आगामी शैक्षणिक व संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा तय की गई। नव नियुक्त कॉलेज कमेटी पदाधिकारी में अध्यक्ष सत्यम कुमार, उपाध्यक्ष अनीश खान, निर्मल यादव, आमिर खान, सचिव जॉय हेंब्रम, कोषाध्यक्ष राजेश किस्कु, कॉलेज मीडिया प्रभारी सोनू कुमार, अयान शेख, सदस्य सचिन टुडू, शाहबाज अंसारी, सौरभ दानिश मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## शहर के गांधी चौक में अतिक्रमण करने वाले पर कार्रवाई, पांच सब्जी ठेला जब्त



**मधुपुर।** नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कु के निर्देश पर नगर प्रशासन ने सोमवार को गांधी चौक क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से लगे पांच सब्जी ठेला को जब्त कर पुलिस की सहायता से थाने लाया गया। नगर परिषद के राजस्व निरीक्षक इंद्रदेव महतो के नेतृत्व में चली कार्रवाई में नगर परिषद कर्मी और पुलिस दल मौजूद थे। अधिकारियों के अनुसार, गांधी चौक में लंबे समय से लग रहे अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित हो रहा था। कई बार समझाने और चेतावनी देने के बावजूद ठेला संचालकों द्वारा निर्धारित स्थान पर नहीं हटने के कारण प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी। जब्त किए गए ठेला को थाने में सुरक्षित रखा गया है। नगर प्रशासन ने बताया कि आगे की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संबंधित ठेला संचालकों से नियमानुसार जुर्माना वसूला जाएगा। नगर प्रशासन ने शहरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अतिक्रमण मुक्त मधुपुर बनाने में सभी की भागीदारी आवश्यक है।

# भाजपा के नवनिर्मित जिला कार्यालय में विधि-विधान से गृह प्रवेश, छह दिसंबर को जेपी नड्डा करेंगे उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** भाजपा के नवनिर्मित जिला कार्यालय में सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गृह प्रवेश संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गौ माता को कार्यालय भवन में प्रवेश कराने के साथ हुई, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक रीति से भवन में प्रवेश किया। कार्यालय परिसर में भगवान सत्यनारायण की पूजा-अर्चना की गई। बताया गया कि नवनिर्मित कार्यालय का औपचारिक उद्घाटन छह दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा किया जाएगा। गृह प्रवेश के दौरान जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने पूजा-अर्चना कर कार्यालय की मंगलकामना की।

जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता, कार्यालय और कार्यक्रम तीनों की आवश्यकता होती है। भाजपा के पास समर्पित कार्यकर्ताओं की विशाल फौज है और अब जिला कार्यालय भी सुसज्जित होकर तैयार है। वही गृह प्रवेश कार्यक्रम में जिला महामंत्री अधीर चंद्र भैया, संतोष




उपाध्याय, बबलू भगत, गौरी शंकर शर्मा, पूर्व विधायक नारायण दास, रीता चौरसिया, विशाखा सिंह, संजीव जजवाड़े, सुग्गा नरौने, विजया सिंह, सचिन सुल्तानिया, अभय आनंद झा, तुफान महथा, अमृत मिश्रा, धनंजय तिवारी, उमाशंकर प्रजापति, धनंजय खवाड़े, विनय चंद्रवंशी, विनिता पासवान, बबलू पासवान, पंकज सिंह भदोरिया, अमित कुमार, ममता गुप्ता, मुकेश पाठक, जूनियर बाबूलाल मरांडी, ललन दूबे, अजीत सिंह, प्रमेश राव, सौरभ सिंह, विष्णु राउत, अलका सोनी, सुनिता वर्णवाल, संध्या कुमारी, प्रेमलता वर्णवाल, व्यास मिश्रा, कुसुम सिंह, जय मिश्रा, सत्यजीत सिंह, मुरारी मंडल, नितिश चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इस्कॉन मंदिर में गीता जयंती का आयोजन, 700 श्लोकों का पारायण और यज्ञ



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** जसीडीह मुख्य मार्ग स्थित रोहिणी मोड़ के समीप इस्कॉन मंदिर में सोमवार को गीता जयंती का भव्य आयोजन किया गया। हिंदू परंपरा में यह तिथि अत्यंत पवित्र मानी जाती है। मान्यता है कि इसी दिन कुरुक्षेत्र की रणभूमि में कृष्ण ने अर्जुन को धर्म, कर्म, नीति और मोक्ष का वह दिव्य उपदेश दिया था जिसे आज श्रीमद् भगवद् गीता के नाम से जाना जाता है। गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक पक्ष को मार्गदर्शन देने वाला सनातन ज्ञान है जो युगों से समान रूप से प्रासंगिक बना हुआ है। ग्रंथों के अनुसार गीता महाभारत के शांति पर्व का अंग है। वेदों का सार उपनिषद तथा उपनिषदों का सार गीता मानी गई है, इसलिए इसे गीतोपनिषद कहा गया है। यह सभी हिंदू धर्मग्रंथों का निचोड़ और सार तत्व है। गीता कुल 18 अध्याय और 700 श्लोकों में विभक्त है, जिसमें 574 श्लोक कृष्ण, 85 श्लोक अर्जुन, 40 श्लोक संजय तथा एक श्लोक धृतराष्ट्र द्वारा कथित हैं।

## मधुपुर अधिवक्ता संघ का चुनाव 12 दिसंबर को, 12 पदों के लिए 23 उम्मीदवार मैदान में

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर ।** अनुमंडल अधिवक्ता संघ, मधुपुर के चुनाव में कुल 12 पदों के लिए 23 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, सोमवार को चुनाव पदाधिकारियों ने दाखिल सभी नामांकन प्रपत्रों की संवीक्षा की, किसी भी नामांकन प्रपत्र में त्रुटि नहीं पाई गई। चुनाव पदाधिकारी सतीश चन्द्र मंडल, नागेश्वर भैया और पंचम राय द्वारा संविक्षा के बाद अभ्यर्थियों के नामों की सूची का प्रकाशन किया गया।

अध्यक्ष पद-सुनील कुमार मुरारी प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष -विन्देश्वरी प्रसाद शाही, कौशल किशोर दूबे महासचिव -श्याम सुंदर भैया, समीर कुमार यादव, संयुक्त सचिव प्रशासन - जितेन्द्र कुमार, सरोज राम मिश्रा, संयुक्त सचिव पुस्तकालय- अनिल कुमार सिंह,संजय कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष -धनंजय प्रसाद शाही,छोटेलाल दास,सह कोषाध्यक्ष -शकील अहमद अवधेश कुमार ठाकुर कार्यकारिणी सदस्य -राजीव कुमार सिंह,उमेश प्रसाद शाही उमेश प्रसाद सिंह,चंद्र शेखर सिंहसरोज कुमार कुशवाहा,दशरथ प्रसाद पाण्डेय,मो.सोहेल अख्तर अंसारी,मो.जीशान अंसारी गणेश कुमार यादव जानकारी हो कि बुधवार 3 दिसम्बर को नाम वापसी तथा 12 दिसंबर को 10.30 बजे से 3ः00 बजे तक मतदान तथा 4ः00 बजे से मतगणना, जो पूर्ण होने तक जारी रहेगी। अनुमंडल अधिवक्ता संघ, मधुपुर के ऑफिस बियरर्स के कुल 12 पदों के लिए 204 अधिवक्ता मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जाएगा।

## पुलिस टीम पर हमला मामले का आरोपी जेल भेजा गया



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** पाथरोल थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर हमला मामले में फरार चल रहे सिरसा गांव निवासी धनंजय महरा, उम्र 25 वर्ष, को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। मामला पाथरोल थाना कांड संख्या 14/2024 से संबंधित है, जिसमें पुलिस के अनुसार सिरसा गांव में जांच के दौरान पुलिस टीम पर मारपीट की गई थी। घटना के बाद से आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम पर हमले को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा जाता है और इसी आरोप में धनंजय महरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में साइबर अपराधियों की सक्रियता बढ़ी है और कई आरोपी पहुँच पैरवी के बल पर छूट जाते हैं। जांच के दौरान कई बार साइबर धोखाधड़ी में संलिप्त आरोपी पुलिस टीम पर हमलावर हो जाते हैं। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि इलाके में असमाजिक तत्वों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

## जंगल से चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस ने सारवां थाना क्षेत्र के झारखंडी जंगल से चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया। एसपी सौरभ के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई से पहले गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ युवक फर्जी फ्लिपकार्ट कस्टमर केयर, अमेज़न कस्टमर केयर, एयरटेल पेमेंट बैंक अधिकारी, फोनपे हेल्पलाइन प्रतिनिधि और पीएम किसान योजना कर्मी बनकर ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने राहत अंसारी, इनामुल अंसारी, दिनेश्वर यादव और रकीब अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। बरामद मोबाइल और सिम कार्ड की प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ कि आरोपी गूगल पर अपनी फर्जी जानकारी कस्टमर केयर नंबर के रूप में अपलोड कर आमलोगों को जाल में फंसाते थे।

ये कैशबैक का लालच देकर फोनपे गिफ्ट कार्ड जनरेट करवाते, एयरटेल पेमेंट बैंक कार्ड बंद होने का बहाना बनाकर ठगी करते और पीएम किसान योजना व एसबीआई क्रेडिट कार्ड अपडेट के नाम पर लिंक भेजकर पीड़ितों को ठगते थे। गिरफ्तार आरोपियों में शामिल रकीब अंसारी पूर्व में भी देवघर साइबर थाना कांड संख्या 77/2021 में गंभीर आरोपों में आरोपित रह चुका है। पुलिस ने मौके से चार मोबाइल, आठ सिम और एक प्रतिबिंब सिम बरामद किया है।

## मधुपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : दुष्कर्म व मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर ।** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में वर्षों से फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के अनुसार, समकालीन अभियान में दुष्कर्म मामले में लंबे समय से फरार आमतला भेड़वा निवासी आरिफ़ अंसारी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसके आवास से छापेमारी कर पकड़ा। आरोपी के खिलाफ स्थानीय थाना में दुष्कर्म का मामला दर्ज था, जिसके बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। इधर मारपीट प्रकरण में फरार शेखपुरा निवासी राजकिशोर उर्फ किशोर चौधरी



और मणि चौधरी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों पर पूर्व में दर्ज मारपीट के मामले में न्यायालय द्वारा कई बार समन जारी किया गया था, लेकिन वे पेश नहीं हो रहे थे।तीनों आरोपितों को पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद सामान्य मेडिकल जांच जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद नईम ने बताया कि फरार आरोपियों के खिलाफ अभियान जारी है और किसी भी सूरत में कानून हाथ में लेने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में राहत का माहौल देखा जा रहा है।

## गायत्री में सभी समस्याओं का समाधान : वेदाचार्य



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में स्थानीय बी एड कालेज देवघर के पीछे नवनिर्मित यज्ञशाला में 5 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ के अन्तिम दिन गायत्री तीर्थ हरिद्वार के सुप्रसिद्ध कथावाचक वेदाचार्य बुधन महाराज,आचार्य भुवनेश्वर शास्त्री एवं स्थानीय वैदिक कर्मकाण्डी उमाकान्त के सानिध्य में सनातनी महिला, पुरुष, बच्चे,बृद्ध ने देव पूजन के पश्चात यज्ञवेदी में प्रज्वलित साक्षात अग्निदेव को गायत्री महामंत्र, मृत्युंजय महामंत्र, महाकाल गायत्री मंत्र से अभिमंत्रित आहूतियां समर्पित कर विश्व कल्याण आत्मकल्याण एवं अक्षय फल प्राप्ति की कामना की। वेदाचार्य बुधन जी महाराज ने श्रद्धालुओं को आत्मसात कराते हुए बताया कि गायत्री चारों वेदों की जननी है, सद्विचार की देवी है तथा कलियुग की कल्पतरु और कामधेनु है। जो सभी मनोकामनाओं को पूरा करने वाली है। विज्ञान भी गायत्री महामंत्र की सामर्थ्य को स्वीकार कर रही है। अखिल विश्व गायत्री परिवार युगद्रष्टा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के सद्विचारों के माध्यम से राष्ट्र जागरण कर रही है। जिससे सनातन संस्कृति से विमुख लोगों में सनातनधर्म की मर्यादा पुनः स्थापित की जा सके। गायत्री में ही विश्व की सारी समस्याओं का समाधान निहित है।यज्ञ पर्यावरण को शुद्ध करता है वहीं यज्ञ से स्वास्थ्य संवर्धन कीर्ति यश प्रतिभा आदि दैवीय विभूतियां मिलती है। गुरु दीक्षा, जन्मदिन, विवाह दिवस, पुंसवन संस्कार निःशुल्क संपन्न हुआ।यज्ञ हवन और प्रवचन का श्रवण कर श्रोता आत्मविभोर हुए। वैदिक शांतिपाठ, आरती पुष्पांजलि से समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने धरतीमाता की गोद में बैठ कर अमृतासन प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में जिला समन्वयक बरूण कुमार, मुख्य ट्रस्टी देवनारायण रजक, रामानुज कुमार, ब्रह्मचारी ज्ञानप्रकाश, अनुपमा देवी,रत्ना सिन्हा,उदय शंकर सिंह,निशा देवी,आदि लगे रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर कोचिंग का उद्घाटन



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवीपुर प्रखंड के सिरसिया गांव में सोमवार को भीम आर्मी सह आजाद समाज पार्टी द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर कोचिंग का उद्घाटन किया गया। कोचिंग संचालक उमेश कुमार दास के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष क्रांतिकारी कृष्णा कुमार ने फीता काटकर कोचिंग का शुभारंभ किया। कोचिंग संचालक उमेश कुमार दास ने बताया कि इस क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण कोचिंग की अत्यंत आवश्यकता थी। अब इस पहल के माध्यम से कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थी बेहतर शैक्षणिक तैयारी कर सकेंगे। जिलाध्यक्ष कृष्णा कुमार और रवि रंजन ने उपस्थित बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाया और उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी जिला प्रभारी संजय दास, मीडिया प्रभारी युवराज कुमार, छक्कू दास, मुचकुन्द दास, विनोद कुमार दास, मिथुन दास, अमित राजेश मंडल, सुरेश मंडल, माथुर तरी निरंजन दास समेत दर्जनों बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए डॉ अमित मंडल



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** प्रसिद्ध चिकित्सक सह कबीर पंथी डॉक्टर अमित मंडल की चौथी पुण्यतिथि सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन उनके पुत्र डॉक्टर विनोद कुमार मंडल,डॉक्टर कैलाश कुमार,मंडल डॉक्टर मनोज कुमार मंडल अपने पैतृक गांव फरकासिमर में समाधि स्थल पर किया गया। जबकि भजन संध्या व पूजा का भी आयोजन किया। मोहनपुर के समाजसेवी झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष श्रीकांत यादव , सह सचिव सिकंदर कुमार ,अमन गुप्ता, अभिषेक ठाकुर, सुधीर चौधरी ,बलराम यादव ,विकास मंडल, चंद्रशेखर यादव ,कबीर पंथ के महंत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर लोगों ने डॉक्टर की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## जूता और मोबाइल चोरी के आरोप में दो युवक धराए, दुकानदारों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के आरमित्रा स्कूल के पास सोमवार की शाम फुटपाथ दुकान पर हुई चोरी की घटना में दो युवक रंगे हाथ पकड़े गए। जानकारी के अनुसार करीब चार बजे तीन युवक जूता दुकान के पास पहुंचे और मौका देखते ही नया जूता एवं मोबाइल उठाकर भागने लगे। दुकानदारों ने शोर मचाते हुए पीछा किया और दो युवकों को पकड़कर नगर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। जूता दुकानदार आशुतोष कुमार ने बताया कि वह दुकान में बैठा था तभी तीन युवक पहुंचे। अचानक उनमें से एक ने जूता और मोबाइल उठाया, जिसके बाद तीनों भागने लगे। पीछा कर दो को धर दबोचा गया, जबकि एक भागने में सफल रहा। पकड़े गए युवक नंदन पहाड़ आस्था कॉलोनी और बरमसिया रिफ्यूजी कॉलोनी के रहने वाले बताए जा रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक नगर थाना पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही थी। पुलिस तीसरे युवक की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

# अति रुद्र महायज्ञ : कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा और संस्कृति झांकियों ने मोहा मन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** बाबा बैद्यनाथधाम की पवित्र धरा पर चल रहे अति रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का छठा दिवस अपनी भव्यता, दिव्यता और विराट आध्यात्मिक आभा के कारण ऐतिहासिक क्षणों में परिवर्तित हो गया।

सुबह से ही यज्ञशाला में प्रज्वलित अग्नि, वेद-मंत्रों की गूंज,भक्तिमय ध्वनियों का विस्तार और कथा-पंडाल में प्रवाहित हो रहे अमृत-सम ज्ञान के कारण पूरा परिसर एक जीवंत तीर्थ, एक सजीव गंगा-तट, एक दिव्य धाम बन उठा।

आज कथा-पंडाल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीला, गोवर्धन पूजा और 56 भोग की पावन प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विह्वल कर दिया।

बाल-कृष्ण की झांकी जब मंच पर अवतरित हुई तो पूरा परिसर 'जय



कन्हैयालाल की' के नारों से गुंजायमान हो उठा।

आचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री 108 विशेश्वरानंद भारती जी महाराज ने कहा– श्रीकृष्ण का अवतरण केवल पुण्य कथाओं का क्रम नहीं, बल्कि धर्म की पुनर्स्थापना और अधर्म के विनाश का शाश्वत संकल्प है।÷

गीता जयंती के पावन अवसर पर स्वामी सर्वेश्वरानंद जी ने 'यदा यदा हि धर्मस्यज' का विश्लेषण करते हुए बताया– जब भी संसार में अन्याय बढ़ता है, श्रीकृष्ण स्वयं धर्म-रूपी दीपक को पुनः प्रज्वलित करने अवतरित होते हैं।

यूरोप स्थित विश्व सनातन धर्म के अध्यक्ष इंद्रदेव बाबा (मास्टर जी )महाराज तुलसी के वैज्ञानिक, औषधीय और आध्यात्मिक महत्व पर विशेष अभियान चला रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को तुलसी पौधों का वितरण करते हुए बताया कि–

÷तुलसी केवल पौधा नहीं, यह हमारी संस्कृति का जीवन-श्वास है।÷ इंद्रदेव बाबा (मास्टर ) यह योग गुरु भी है यूरोप में महाराज अब तक विश्व के अनेक देशों में 1000 से अधिक बार 'रावण' का मंच-चित्रण कर चुके हैं। उनकी तुलसी-जागरूकता मुहिम को वैश्विक स्तर पर सम्मान प्राप्त हो रहा है।

**सांस्कृतिक संध्या बनी भक्ति-रस की सुर-सरिता**

संध्या में राजकुमार एवं उनकी जमशेदपुर टीम ने भव्य झांकियां, मनोहारी नृत्य और हृदय-स्पर्शी भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा परिसर रास-लीला, गोवर्धन लीला और भक्तिमय गीतों से भर उठा। हजारों श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक भोजन-प्रसाद ग्रहण किया। स्वच्छता, सुरक्षा, पीने के पानी, जूता-चप्पल गृह, कारपेट लगी परिक्रमा–प्रत्येक व्यवस्था अत्यंत सुचारू और प्रशंसनीय रही।

यज्ञ-स्थल में प्रवेश करते ही ऐसा प्रतीत होता है मानो गंगा स्वयं यज्ञ-अनुष्ठान को निहार रही हों। बाएँ ओर अति रुद्र महायज्ञ का विराट मंडप और दाएँ ओर भागवत कथा का भव्य पंडाल–दोनों मिलकर एक दिव्य आध्यात्मिक संगम का रूप ले चुके हैं। गंगा दर्शन स्थल के पास महामंडलेश्वर हरिहरानंद सरस्वती का आवास स्थित है।

वहीं परमहंस स्वामी शारदानंद सरस्वती महाराज का भाव-चित्र नमन स्थल भक्तों को अद्भुत शांति और शक्ति प्रदान कर रहा है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाताअमड़ापाड़ा(पाकुड़)।अंचल क्षेत्र के पचुवाड़ा नार्थ कोल ब्लॉक की एमडीओ कोल कंपनी बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड ने सोमवार को ग्रामीण स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पचुवाड़ा नॉर्थ कोल माइंस क्षेत्र में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।फसल कटाई के मौसम के बीच भी 184 ग्रामीणों की भागीदारी इस पहल की सफलता का संकेत देती है। शिविर में तीन विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनकी जांच की. वहीं रक्त जांच, मूत्र जांच और ईसीजी जैसी सुविधाएं शिविर स्थल पर ही उपलब्ध थीं। जिससे मरीजों को अतिरिक्त भागदौड़ से बचाया जा सका कई ग्रामीणों विशेषकर बुजुर्गों ने इसे बड़ी राहत बताते हुए कंपनी का आभार व्यक्त किया. वहीं शिविर में पहुंचने वाले हर मरीज को निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान की गई।साथ ही पोषण का ध्यान रखते हुए मरीजों को बन-ब्रेड और केले भी दिए गए।बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड के सीएसआर के महाप्रबंधक एवं पीआर संजय बेसरा ने बताया कि कंपनी का उद्देश्य केवल उपचार उपलब्ध कराना नहीं बल्कि लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता उत्पन्न करना भी है,इस दौरान ग्रामीणों को मौसमी रोगों से बचाव, पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता पर विशेष जानकारी दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी की ऐसी पहलें समय-समय पर होती रहती हैं और इससे स्थानीय आबादी को काफी सहूलियत मिलती है। कंपनी ने यह भी जानकारी दी है कि आने वाले महीनों में अन्य गांवों में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, मौके पर ग्रामीण मौजूद थे।

## वैसे सभी मतदाता जिनका बीएलओ ऐप से 2003 के वोटर लिस्ट से मैपिंग नहीं हुआ वे 5 दिसंबर तक मैपिंग करवा ले

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल- प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधी बैठक हुई. बैठक में मुख्य रूप से सभी बीएलओ सुपरवाइजर और न्यूनतम मैपिंग कार्य करने वाले बीएलओ शामिल हुए. एसडीओ सदानंद महतो ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि वैसे सभी मतदाता जिनका अब तक बीएलओ ऐप से 2003 के वोटर लिस्ट से मैपिंग नहीं हुआ उनका 5 दिसंबर तक मैपिंग करवा ले. साथ ही वैसे मतदाता या उनके अभिभावक जिनका नाम झारखंड राज्य के अलावा अन्य किसी राज्य की मतदाता सूची में नाम है वैसे मतदाता की सूची वहां के विधानसभा, मतदान केंद्र संख्या, सीरियल नंबर के साथ रिपोर्ट तैयार रखे. जैसे ही अन्य राज्य के मैपिंग हेतु ऐप में सुधार हेतु है वैसे ही कार्य को पूर्ण करेंगे. साथ ही उन्होंने ने सभी सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि स्थानीय जन प्रतिनिधि और आम जन के बीच एसआईआर से पूर्व की गतिविधि के बारे में विस्तृत जानकारी लोगो को दे. जिससे उनका मैपिंग हो पाए. शेष जो मैपिंग नहीं हुए मतदाता का सुनवाई की प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निर्देश में किया जाएगा. मौके पर सुर्यनारायण चौधरी, बीपीओ गगन बापू, शाहजहां अंसारी, कैलाश वर्मा, राकेश मंडल, मो मनावर हुसैन, श्रावण यादव, ललन किस्कू, भरत मंडल, विजय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे.

## दो चिकित्सकों ने किया योगदान

साहिबगंज- सोमवार को दो चिकित्सक ने विकास भवन स्थित संयुक्त स्वास्थ्य भवन स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में योगदान किया. मिली जानकारी के अनुसार डॉ देवजीत राम सदर अस्पताल व दंत चिकित्सक डॉ कुमार मोहन बरहेट सीएचसी में अपना कार्यभार संभालेंगे.

## बिना टिकट यात्रा कर रहे सैकड़ों यात्रियों से वसूला 75 हजार जुर्माना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-मालदा रेल मंडल के निदेश के आलोक में सोमवार को साहिबगंज व भागलपुर के बीच बिना टिकट के ट्रेन में सफर करने से यात्रियों को रोकने के उद्देश्य से विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया. सीआईटी एलएच कुमार और उसकी टीम ने सैकड़ों बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों से लगभग 75 हजार रुपए की राजस्व वसूली की. सीआईटी ने बताया कि साहिबगंज और भागलपुर के बीच चलने वाली कई ट्रेनों में सोमवार को विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया. इस दौरान लोगों को बिना टिकट यात्रा न करने को लेकर जागरूक भी किया गया.उन्होने कहा कि यात्रियों को बेहतर रेल सुविधा चाहिए तो उन्हें उचित टिकट लेकर ही यात्रा करनी चाहिए.

## बछड़ा चरा रही महिला बचने के लिए रेल पुल से कूदी, मौत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहेट-साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड के रक्सी गांव की 45 वर्षीय महिला टुपली देवी सोमवार को गांव के पास ही फरक्का एनटीपीसी एमजीआर रेल पटरी किनारे पशु चराने गई थी. जहां बछड़ा का मालगाड़ी के चपेट में आने से मौत हो गया.वही टुपली देवी मालगाड़ी से खुद बचने के लिए रेल पुलिया से नीचे कूद गई. पुलिया से कुदने से उसके सिर में गंभीर चोट लगने से वह गंभीर रुप से घायल हो गई.स्थानीय लोगों एवं परिजनों महिला को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया. जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया. घटना के संबंध में बताया गया कि पशु चराने के दौरान अचानक जब टुपली देवी ने बछड़ा को ट्रेन के सामने ट्रैक पर देखी तभी टुपली बछड़ा को बचाने के लिए बछड़ा की ओर भागी जब तक वह बछड़ा को भगा पाती तब तक बछड़ा ट्रेन की चपेट में आ गया था.और बछड़ा की मौत ट्रेन में कटने से हो गया.टुपली ने खुद को ट्रेन के सामने देख बचने के लिए रेल पुलिया से नीचे कूद गई .

## सड़क दुर्घटना में पिता व पुत्र घायल

साहिबगंज- जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में पिता व पुत्र घायल हो गया.स्थानीय लोगो ने दोनो घायल को इलाज के लिये सदर अस्पताल पहुंचा.जहां सदर अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ केशव कृष्णा ने दोनो घायल पिता व पुत्र का इलाज प्रारंभ कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार बिहार के कटिहार जिले के अहमदाबाद के रहने वाले अर्जुन ने स्वर्णकार 29 वर्षीय अपने साले के घर अपने 5 वर्ष के पुत्र शिबू कुमार को लेकर आया था. इस बीच सोमवार के सुबह अर्जुन स्वर्णकार अपनी 5 वर्ष के पुत्र को लेकर स्कूटी में सवार होकर जा रहा था. इस दौरान कोर्ट रोड में सड़क दुर्घटना हो गई.जिसमें पिता व पुत्र घायल हो गए. बरहाल दोनों घायल का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में किया गया .

## कांग्रेसी नेता की पत्नी का इंतेकाल

साहिबगंज - कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जैक पार्षद मुर्शाद अली की पत्नी का सोमवार सुबह करीब 9~30 बजे साहिबगंज के हबीबपुर स्थित पैतृक आवास पर इंतक़ाल हो गया. बताया गया कि वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं.जहां आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली.मौत की खबर फैलते ही शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं, कांग्रेसी नेताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों का आवागमन उनके आवास पर शुरू हो गया. शोक संवेदना बासुकीनाथ यादव, मोहम्मद कलीमुद्दीन, मोहम्मद सरफराज सहित कई लोग व्यक्त की.परिजनों एवं परिचितों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की.

## ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन का हंगर फास्ट विरोध प्रदर्शन आज

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन शाखा साहिबगंज के द्वारा मंगलवार की सुबह 11 बजे साहिबगंज कू बुकिंग लॉबी के सामने हंगर फास्ट विरोध प्रदर्शन किया जाएंगा.कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शाखा सचिव व अध्यक्ष ने बताया कि संगठन की विभिन्न लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण विरोध किया जाएंगा. एसोसिएशन ने कहा कि रेल कर्मियों से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान की दिशा में उचित पहल न होने के कारण यह कदम उठाया गया है. संगठन से जुड़े पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में इस हंगर फास्ट में शामिल होंगे.

## 21वीं क्षेत्रीय खेल- कूद प्रतियोगिता में साहिबगंज सशस्त्र पुलिस ने जीता तीन गोल्ड सहित अन्य मेडल

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज - झारखंड सशस्त्र पुलिस की 21वीं क्षेत्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता 2025 जैप- 2 रांची में 25 नवंबर से 28 नवंबर 2025 तक आयोजित हुई. जिसमें झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित सशस्त्र पुलिस बल के कई प्रतिभागियों एवं टीम ने भाग लिया.समादेष्टा महोदया जैप 9 कुसुम पुनिया के मार्गदर्शन में साहिबगंज जिला में स्थित झारखंड सशस्त्र पुलिस बल संख्या 9 के भी कई प्रतिभागियों एवं टीम ने भाग लिया साहिबगंज के सशस्त्र पुलिस बल ने इस प्रतियोगिता के विभिन्न खेलों में



अग्रणी प्रदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की हैं. जो इस प्रकार है

1.कुश्ती में एक गोल्ड मेडल एक सिल्वर मेडल.
2.पंजा लड़ाई में एक गोल्ड मेडल.
3.वेट लिफ्टिंग में एक गोल्ड मेडल.44 बैडमिंटन में थर्ड स्थान
4.टेबल टेनिस तथा फुटबॉल में उपविजेता के रूप में प्रदर्शन रहा

सभी खिलाड़ियों को समादेष्टा, पुलिस उपाधीक्षक, लाइन बाबू, सुबेदार तथा सभी जैप 9 परिवार की ओर से बधाई दी गई तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए उत्साहवर्धन किया गया.

## विश्व एड्स दिवस पर मंडल में कारा परिसर में मेडिकल कैंप का आयोजन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज - साहिबगंज मंडल कारा परिसर में सोमवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में कारा में कार्यरत सभी गृहरक्षकों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई.एड्स दिवस के तहत सीमित बंदियों को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक रहने, सुरक्षा के उपाय अपनाने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया. जागरूकता सत्र के दौरान विशेषज्ञों द्वारा एड्स से संबंधित भ्रांतियों को दूर किया गया और सही जानकारी उपलब्ध कराई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता काराधीक्षकपरमेश्वर भगत ने की. कार्यक्रम में डॉ. मोहन मुर्मू, कारा चिकित्सक उमेश कुमार



यादव, कारा मिश्रक जगत मोहन मंडल, कारा परिशायक उपस्थित थे.

इस पहल का उद्देश्य कारा परिसर में स्वास्थ्य सुरक्षा, जागरूकता एवं सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा देना है.

## स्वास्थ्य कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगीः उपाधीक्षक



संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल- राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल सभागार में सोमवार को अस्पताल उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू की अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक हुई.। बैठक में सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, बीटीटी, सहिया साथी एवं सभी विभाग के पर्यवेक्षक उपस्थित थे. बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करना एवं लाभ पहुंचाना था. बैठक में आयुष्मान आरोग्य मंदिर वार कुल 24 इंडिकेटर पर समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उपाधीक्षक द्वारा कहा गया की कार्य मे कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. मौके पर प्रखंड लेखा प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विकास फ्रांसिस खालको, प्रखंड डाटा प्रबंधक नितिन मुर्मू, विश्व स्वास्थ्य संगठन के बासुकीनाथ यादव एवं अन्य उपस्थित थे.

## छात्रों की उपस्थिति में कमी पर कॉलेज प्रशासन ने जताई गंभीर चिंता

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज -मॉडल कॉलेज राजमहल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि कॉलेज के विभिन्न सत्रों—2022-26, 2023-27, 2024-28 एवं 2025-29—की कक्षाएं नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं. हाल ही में किए गए कक्षा निरीक्षण के दौरान कई कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति में काफी कमी पाई गई है. जिस पर कॉलेज प्रशासन ने गंभीर चिंता व्यक्त की है.प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि नियमित उपस्थिति न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के लिए आवश्यक है. बल्कि विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए भी अनिवार्य है. उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल वैसे छात्र-छात्राएं जिनकी उपस्थिति 80त्न या उससे अधिक होगी उन्हें ही परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति प्रदान की जाएगी.छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की गई है कि वे समय-सारणी के अनुसार नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहें और कॉलेज की शैक्षणिक अनुशासन व्यवस्था का पालन करें.अनावश्यक अनुपस्थिति को अनुपयुक्त माना जाएगा.प्राचार्य ने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया है कि वे अपनी-अपनी कक्षाओं में छात्र छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के प्रति सजग रहें .कॉलेज प्रशासन ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है और सभी से सहयोग की अपेक्षा की जाती है



विधायक ने की क्षेत्र दौरा,ग्रामीण समस्याओं से हुई अवगत

## पशुपालन विभाग की अतिक्रमित जमीन का जिला प्रशासन ने कराया सीमांकन,जल्द होगी घेराबंदी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज- जिला प्रशासन की टीम ने सोमवार को पशुपालन विभाग की अतिक्रमित जमीन का मापी कराने के साथ ही सीमांकन कराया.मिली जानकारी के अनुसार डीसी हेमंत सती को पशुपालन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण की सूचना मिलने के बाद अपर समाहर्ता गौतम भगत के नेतृत्व में सदर एसडीओ अमर जॉन आईद, अंचलाधिकारी बासुकीनाथ टुडू,सीआई संजय गुप्ता की मौजूदगी में अमीन कन्हाई रजक, ओमप्रकाश



राय,बबलू महतो व नूर हसन ने भूमि की मापी की.सीमांकन के दौरान कुल रकबा तीन बीघा, एक कट्ठा और आठ धुर जमीन पाया गया. अधिकारियों ने बताया कि जिस हिस्से में अतिक्रमण की आशंका थी. उसे चिन्हित कर दिया गया है.जल्द ही इस भूमि की घेराबंदी कर विभागीय सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी.

कार्रवाई के दौरान अंचल अधिकारी बासुकीनाथ टुडू, अमीन कन्हाई रजक, ओमप्रकाश राय,बबलू महतो व नूर हसनसहित अन्य राजस्व कर्मी मौजूद थे.

## स्वास्थ्य विभाग व मंथन संस्था ने किया जागरुकता कार्यक्रम

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज-विश्व एड्स दिवस पर सोमवार को पुराना सदर अस्पताल के प्रांगण में स्वास्थ्य विभाग व मंथन संस्था की ओर से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमे आईसीटीसी के बसंत महतो ने बताया कि एड्स कोई छुआछूत बीमारी नहीं है.एक साथ खाने-पीने या एक-दूसरे का कपड़े पहने से या एक ही शौचालय का उपयोग करने से किसी को एड्स नहीं होता है. यह असुरक्षित यौन




संबंध बनाने से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को होता है. यह बीमारी एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति के रक्त का प्रयोग करने, एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने, एचआईवी सुई का प्रयोग करने से एड्स होने की संभावना रहती है. मौके पर आईसीटीसी लैब टेक्नीशियन श्वेतांबर सिंहा, एआरटी से सपना कुमारी मंथन के प्रोग्राम मैनेजर अपूर्व महतो, नवीन कुमार, सुमन कुमारी, नाहिद परवीन आदि मौजूद थे.

## जिला निवार्चन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मनीष कुमार ने सोमवार को ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस से संबंधित विधि-व्यवस्था के सभी आवश्यक पहलुओं की जांच की और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वहां रखी ईवीएम मशीनों, सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य उपकरणों की स्थिति और उनके रखरखाव का भी जायजा लिया।निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रत्येक माह वेयरहाउस के बाहरी हिस्से और प्रत्येक तिमाही में आंतरिक हिस्से का निरीक्षण करना होता है। साथ ही रखरखाव तथा तकनीकी उपकरणों की स्थिति संबंधी प्रतिवेदन मंत्रीमंडल निर्वाचन विभाग, रांची को भेजना आवश्यक होता है। इसी क्रम में उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद निर्वाचन कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए और विभाग को प्रतिवेदन भेजने को कहा। निरीक्षण के समय उप निर्वाचन पदाधिकारी, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष/सदस्य तथा निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

## फोर लेन सड़क को गौचर जमीन पर शिफ्ट करने को लेकर महिलाओं का धरना



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र के डिहारी, पटवर टोला व भोलीया टोला गांव की सैकड़ों महिलाएं अपनी दो प्रमुख मांगों को लेकर दयानिधि ओझा शिव मंदिर डिहारी में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठी हैं. महिलाओं का कहना है कि सिमरतल्ला झील अगर बर्ड सेंचुरी नहीं तो गौचर भूमि पर एयरपोर्ट भी नहीं चाहिए. ग्रामीण महिलाओं ने गांव के बीच से बनने वाली प्रस्तावित फोर लेन सड़क को गौचर जमीन पर शिफ्ट करने तथा सिमरतल्ला झील को बर्ड सेंचुरी घोषित करने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन पर है. महिलाओं का कहना है कि फोर लेन सड़क गांव के बीच से गुजरने पर कई परिवार प्रभावित होंगे और गांव के उजड़ने की स्थिति बन जाएगी. इसलिए सड़क निर्माण कार्य को रोका जाए और ग्रीनफील्ड मार्ग को गौचर जमीन पर बनाया जाएं .दूसरी ओर सिमरतल्ला झील को प्राकृतिक रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए महिलाओं ने इसे बर्ड सेंचुरी घोषित करने की मांग की है. ताकि पर्यावरण संतुलन सुरक्षित रह सके और पक्षियों के संरक्षण को बढ़ावा मिले. सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं ने पंकज कुमार ओझा द्वारा गांव और पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे प्रयासों का समर्थन करते हुए जिला प्रशासन और सरकार से तत्काल कार्रवाई की अपील की है. प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी तथा मुफस्सिल थाना प्रभारी को शांतिपूर्ण आंदोलन की जानकारी देते हुए आवेदन सौंपा गया है. पंकज कुमार ओझा ने बताया कि जब तक गांव की सुरक्षा व झील के संरक्षण से जुड़ी दोनों मांगें पूरी नहीं होती तब तक यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा. मौके पर रूपा भारती, नुतन देवी, अर्पना देवी, सोनी कुमारी, भागवती देवी, पुतुल देवी, शांति देवी, शियावती देवी, ज्योति देवी, मंजू ओझा, आशा देवी, लक्ष्मी देवी, महेश्वरी देवी, शंजू देवी, ललीता ओझा, सुनिता देवी, मीरा देवी, अरिला देवी, जानकी देवी, पुनम देवी, रिना देवी, सोनी देवी, श्यामा देवी, गीता देवी समेत बड़ी संख्या में आसपास के तीन गांव और आठ टोले की महिलाएं मौजूद थी.

## विधायक ग्रामीणों की समस्याओं से हुई अवगत

संताल एक्सप्रेस बरहरवा-बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के बिंदुपाड़ा पंचायत अंतर्गत बिंदुपाड़ा, चाउलछल्ला और लघोपाड़ा गांवों में सोमवार को पाकुड़ विधायक निसात आलम ने जमीनी स्तर पर ग्रामीण समस्याओं को समझने के उद्देश्य से दौरा किया. इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना.दौरे के दौरान ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष कई मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं. ग्रामीणों ने बिजली की अनियमित आपूर्ति, पेयजल की किल्लत,कच्ची व खराब सड़कों की समस्या,म्यूटेशन से जुड़ी दिक्कतें,चापाकलों की खराबी,नाली-निकासी व्यवस्था की समस्या, वहीं महिलाओं ने विशेष रूप से बताया कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने के बाद भी राशि नहीं मिली.राशन कार्ड में परिवार के सदस्यों का नाम जोड़ने में परेशानी,अन्य सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं में भी बाधाएं,लघोपाड़ा के ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं लिखित आवेदन के माध्यम से विधायक को सौंपा.ग्रामीणों की बात ध्यानपूर्वक सुनने के बाद विधायक ने आश्वासन देते हुए कहा कि आपकी हर समस्या का सामाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता है. विभागीय अधिकारियों से बात कर समाधान के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे. मैं स्वयं आपके बीच इसलिए आई हूं .ताकि आपके विश्वास पर खरा उतर सकूं. आपने मुझे झारखंड में सर्वाधिक मतों से जीताकर जो जिम्मेदारी दी है. उसे मैं पूरी ईमानदारी से निभाऊंगी.विधायक के दौरे में जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास,जिला सोशल मीडिया चेयरमैन नेहाल अख्तर, सुभोजित मिश्रा, शारिक रब्बानी, अजीत कुमार रॉय, मोतिउर अंसारी, मोफ्क खैरुल इस्लाम, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## चलाया सघन वाहन जांच अभियान,19 वाहनों से लगभग 27900 रुपया का जुर्माना वसूला

संताल एक्सप्रेस संवाददातासाहिबगंज- जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के निर्देशानुसार सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार के नेतृत्व मे सघन वाहन जांच अभियान जिरवाबाड़ी थाना के समीप चलाया गया. जांच अभियान में सभी छोटे बड़े वाहनों का जांच की गई.साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया गया एवं ऐसे वाहन चालक जो बिना हेलमेट, लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस जैसे चालकों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना किया गया. साथ ही सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा मानक को अपनाकर एवं ओवर स्पीडिंग ना कर यातायात करने को कहा गय.।इस सघन वहां जांच अभियान में कुल 40 वाहनों की जांच की गई.जिसमे 19 वाहनों से लगभग 27900 रुपया का जुर्माना वसूला गया मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, अनुज पराशर, आई टी सहायक राजहंस एवं जिरवाबाड़ी पुलिस बल शामिल थे.

**दक्षिण मध्य रेलवे ता़री रे नॉन-इंटरलॉकिंग का़मी ला़गित् ते ट्रेनको रेयाक् चालाव-बानाव बेबो़सता**

दक्षिण पूर्व रेलवे रेयाक् काजीपोट-बल्हारशाह अनुभाग रे तेसार लाइन ट्रिपलिंग बेनाव का़मी बाबो़त रे, मंदमारी स्टेशन रे प्री प्री नॉन-इंटरलॉकिंग (मा़हित 30.12.2025 खो़न 19.01.2026 हा़बिच् = 21 दिन), प्री नॉन-इंटरलॉकिंग (मा़हित 24.01.2026 खो़न 12.02.2026 हा़बिच् = 20 दिन) आर नॉन-इंटरलॉकिंग (मा़हित 24.01.2026 खो़न 12.02.2026 हा़बिच् = 20 दिन) आर नॉन-इंटरलॉकिंग (मा़हित 13.02.2026 खो़न 14.02.2026 हा़बिच् = 2 दिन) का़मी होयोक्आ। ओना ला़गित् ते, **07005 चर्लपल्ली-रक्सौल स्पेशल** [सांगार एहो़ब रेयाक् ता़रीक 26.01.2026, 02.02.2026 आर 09.02.2026 (ओ़तेमाहां)] आर **07006 रक्सौल-चर्लपल्ली स्पेशल** [सांगार एहो़बो़क् रेयाक् ता़रीक 29.01.2026, 05.02.2026 आर 12.02.2026 (सा़रदीमाहां)] मिमित् रेयाक् पे ट्रिप सांगार दो़ जिरा़उ गे ताहेंना आर **17008 दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस** दरभंगा खो़न मा़हित 13.02.2026 हिलोक् **1 घंटा 15 मिनट ला़गित् गोटाआरोक्आ।** ओ़सुबिता ला़गित् दुक मेनाक्आ।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

नो़ंडे पांजालेपेः : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# एनपीयू रे बिड़ाउ आर रिजल्ट रे आ़डी बिला़म होयोक्‌कान ते पा़ठवा़को मुसकिल एना

खोबोरिया

**पलामू ।** विश्व विद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी दो़ दिसा़म भोर रेयाक् हाई एजुकेशन संस्थानको रे बेडिसीप्लिन शैक्षणिक सत्र बाखरा ते केटेज तेको खो़ज केदा। आयोग दो़ साफ तेय मेन केदा जे जुदी गोटावाकात् सो़मो़य लेकाते बिड़ाउ आर डिग्री बाय हा़टिञेत् खान जो़तो़ संस्था रे डांडोमे लागावा। बाडायाक् काना जे यूजीसी दो़ 19 जून 2024 सेरमाहिलोक् नोटिसे जा़री लेदा। ओना एनकातेत् रे हों नीलांबर-पीतांबरविश्वविद्यालय एनपीयू ला़ई ते



संस्थानको रे मेनाक् अपेक्षित सुधा़र बाडहोय आकाना। यूजीसी दो़ जो़ता़ विश्व विधालय रेयाक् सत्र डिसिप्लीन बेनाव लागाव ला़गित् ते, बिड़ाउ सो़मो़य ओराम ला़गितत् आर पाठपा़को दो़ बिड़ाउ रेयाक् 180 दिन भितरी ते डिग्री बेनावको रेयाक् हुकुमे जा़री लेदाय। आयोगाक् मेमेन दो़ नोआ काना जे बिड़ाउ आर डिग्री रेबिला़म होयोक्‌कान खा़तिर ते पा़ठवा़कोवाक् रोजगार ला़गित् ते ओ़पसो़र चापो़टो़क्‌कानताकोआ। हाई एजुक्शन रे भा़रती ला़गित् ते आयमा सो़मो़य हों पा़रो़मो़क् काना।

# झारखंड ताइक्कांडो संघ रेयाक् चुना़व होयेना, नावांनको कार्यकारिणी दो़को सामबड़ाव केदा कमान

## महुआ मांझी चेयरमैन, मथुरा महतो अध्यक्ष, मा़नती स्मिता आनंद दो़ महासचिव



खोबोरिया

**दुमका।** झारखंड ताइक्कांडो संघ रेयाक् त्रैवार्षिक चुना़व दो़ आठवार हिलोक् धनबाद रेयाक् धनसार चौक रे मेनाक् द ग्रैंड मिराज, रेडिसन ब्लू होटल रेयाक् ग्रेस हॉल रे होय एना। माड़ाङ रे निट का़मीहो़रा लेकाते सेताक् 11 बजे मतदान आर निर्वाचन का़मीहो़रा एहो़प् एना।पुरा़उ दिन शांति सालाक् माहो़ल रे चालावेन प्रक्रिया तायो़म बो़छो़र 2025-2029 ला़गित् नावांन कार्यकारिणीको गो़ठेन केदा। पो़नो़त भोर खो़नको सेटेरेन प्रतिनिधि दो़ नावांन आ़युर रे भोरसा दो़हो़यतुलुच् ताइक्कांडो खेल नावां हो़र एमावाक् आसाको सो़दो़र केदा।

**महुआ मांझी चेयरमैन, मथुरा महतो अध्यक्ष ए चुना़उ एना चुना़व परिणाम लेकाते राज्यसभा रेन सांसद**

महुआ मांझी संघ रेन चेयरमैन ए बाछाव एना। नोते, विधायक मथुरा प्रसाद महतो टुंडी दो़ संगठन रेन बागडोर अध्यक्ष रूप रेको एमावादेया। कार्यकारी अध्यक्ष रूप रे पूर्वी सिंहभूम रेन गोपाल कुमार आर कार्यकारी चेयरमैन रूप रे रांची रेन मिथिलेश कुमार सिंहए बाछाव एना।

पेया उपाध्यक्ष, पेया एसोसिएट उपाध्यक्षको बेनाव एना। उपाध्यक्ष हुदा़ रे प्रभात कुमार शर्मा धनबाद, विजय शंकर विश्वकर्मा जामताड़ा आर अशोक कुमार कोडरमा रेनको बाछाव एना। एसोसिएट उपाध्यक्ष रूप रे स्वपन गांगुली धनबाद, मनोहर सिंह पूर्वी सिंहभूम आर विजय भारती बोकारो रेनको जिममा़वात्‌कोआ।

**महासचिवे बेनावेना संजय शर्मा आर तुरूई गो़टेच् दो़ संयुक्त सचिव**

महासचिव हुदा़ रे बोकारो जिला रेन संजय कुमार शर्मा, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, राँची चुना़वेनाको। संयुक्त सचिव हुदा़ रे सुमीर कुमार शर्मा, कमलेश कुमार पांडे, मा़नती स्मिता आनंद, अजय कुमार महतो, अमित स्वर्णकार आर पूजा कौर ताकोको बाछाव एना। एसोसिएट संयुक्तसचिव रूप रे बोकारो रेन प्रणव कुमार ए बाछाव एना। कोषाध्यक्ष हुदा़ रेयाक् जिमा़दारी दो़ दुमका जिला रेन लक्ष्मीकांत सिन्हा ए सामबड़ाव केदा।

**कार्यकारी समिति रे मो़ड़ें रा़सिया़, मित्‌टेन एसोसिएट कार्यकारी रा़सिया़**

कार्यकारी रा़सिया़ हुदा़ रे अमर बाउरी गुमला, भोला कुमार महतोबोकारो, गिरिधारी यादव देवघर, हेमंत कुमार हजारीबाग आर दीपक मैसी देवघर रेनको बाछाव एना। एसोसिएट कार्यकारी रा़सिया़ रूप रे दो़ लोहरदगा जिला रेन कुलदीप कुमार रवि बाछवेनाय। चुना़उ तायो़म नावां बाछाव पदाधिकारी दो़ सामूहिक रूप तेको मेन केदा जे झारखंड रे ताइक्कांडो खेल रेयाक् लोकप्रियता बाढ़ाव, खिला़ड़ीकोला़गित् उन्नत प्रशिक्षण बेबो़साय विकसित आर पो़नो़त ता़री तेयाक्‌हापारावको जावगे ओराम प्राथमिकता एमावाकोआ। उनीय मेन केदा जे संघ खेल भावना, पारदर्शिता आर अनुशासन दो़ चेतानता़र प्राथमिकता एमावाक् तुलुच् खिला़ड़ीकोवाक् भा़लाई रे योजना लेकाते ढो़ंग तेय का़मीया।

## स्मार्ट सिटी खो़न मित् हो़ड़ाक् मा़ंड़ीको ञाम केदा, राबाङ ते गो़च् आकान रेयाक् दिगधा़

**रांची।** पुलिस दो़ रांची रेयाक् धुर्वा थाना टोठा रेयाक् स्मार्ट सिटी टोठा खो़न मित्‌टेन आ़ना़ड़ी हो़ड़ाक् मा़ंड़ी ओ़तेमाहांहिलोक्‌को ञाम केदा। मा़ंड़ी ञामाकान रेयाक् खो़बो़र लेका रे टोठाकिया़ हो़ड़ हो़ंको जारवायेना। खो़बो़र रे धुर्वा थाना रेन पुलिस ओ़न्डेको सेटेरेना आर मा़ंड़ी दो़ आपनार गो़बो़ल रेकोदो़हो़ केदा आर लाहा सेयाक् कार्रवाई रेको जुटा़वेना। मा़ंड़ी रेयाक् ओ़बो़सता ञेलाते नोडका बुझ़ाक् काना जे राबाङ ते हाड़ाम हो़ड़ दो़य गो़च् आकाना। गो़च् आकान रेयाक् ओ़जे दो़ पोस्टमार्टम रिपोर्ट हिजुक् आनेच् गे बाडाय दाड़ेयाक्‌आ। थाना प्रभारी दो़य ला़ई केदा जे गो़च्‌एन हो़ड़ दो़ को़य बाड़ा कातेय आ़सुलो़क्‌कान ताहेंकाना। मा़ंड़ी दो़ पोस्टमार्टम ला़गित्‌को कोलकेदा। पुलिस दो़ आ़ना़ड़ी मा़ंड़ी ञामेन बाबो़त रे मामलाको ओ़ल राकाप् केदा आर जांच रेको लागावेना।

## प्लास्टिक जांच रे काथा राकाप् एना, विरोध ओ़कते रे निगम टीम दो़ एकेन तीको रूवा़ड़ेना

**पूर्वी सिंहभूम।** प्लास्टिक रे प्रतिबंध ला़गूय कुरूमुटू रे मानगो नगर निगम रेन टीम दो़ सोमवार हिलोक् आजादनगर थाना टोठा रे मेनाक् ओल्ड पुरूलिया रोड रेयाक् गरीब कॉलोनी रे आ़डी विरोध रे सामना होयेनताकोआ। दुकान रे प्लास्टिक बेबो़हार जांच ओ़कते टोठारिया़ दुकानदार आर हो़ड़ आचका गेको रांगाव एना, नोआ ताला टीम दो़कुड़पाड़ ताक रे रोकाव कातेको रूवा़ड़ हेच् एना। घो़टो़ना ओ़कते जेमो़न गे निगम का़मिया़को दो़ दुकानको रे प्लास्टिक सेंदरायको एहो़प् केदा, दुकानदारको धुपुच् का़री एना। हो़ड़ दो़नारेबाजी हो़हो़य तुलुच् कुड़पाड़ बिरोधको लागाव एना आर ताक रे टेंसो़न रेयाक् माहौल बानाव एना। हालो़त सामबड़ाव ला़गित् तायो़म ते पुलिस बल हों तो़यनात होयेनताकोआ। दुकानदाराक् आरो़प ताहेंकाना जे प्लास्टिक प्रतिबंध रे बाङ दो़ लाहारेको ला़यात्‌कोआ आर बाडदो़ निगम सेच् खो़न जागरूवार अभियानको चालाव केदा।

## का़मी चालाक्‌कान बिल्डिंग खो़न का़मी हो़ड़े ञुरहा़ गो़च् एना, पुलिस जाँचको धुरावेना

**रांची।** जिला रेयाक् मेन रोड रे मेनाक् द केन ञुतुमान होटलबेनाक्‌कान ओ़ड़ाक् खो़न का़मिया़ हो़ड़ सोमवार हिलोक्‌एञुरहा़ गो़च् एना। बाडाय ञाम आकान लेका रे का़मीहो़ड़ दो़ चोट ताला रेय का़मीकान ताहेंना, उन ओ़कते आचका गेय लेंजेत्‌एन तेय ञुरेना। तायो़म ते उनी दो़ ओण्डे गेय गो़च् एना। टोठा रेन हो़ड़ाक् मेमेन दो़ नोआ काना जे मुंजुरी का़मी हो़ड़ दो़ बेगो़र से टी बेल्ट आर हेलमेट ते चोट रेय कामीकान ताहेंना। नोआ ओ़ड़ाक् रे बेगो़र सेफ्टी मेत् लुतुरान ते का़मी दो़ चालाक् काना। घो़टना रेयाक् खो़बो़रको ञाम केत् सांवते गे हिंदपीढ़ी थाना पुलिस दो़ ओण्डेको सेटेर एना आर जाँचको एहो़प् केदा। थाना प्रभारी दो़य ला़ई केदा जे घो़टना रेयाक् खो़बो़रले ञाम केत् तायो़म आसो़ल कार्रवाई दो़ चालाक् काना आर मामला दो़ तोंगे गेया।

## एड्स दो़ जाहांन कलंक बाङ , सो़मो़य रे रान-मुरगा़न होय लेनखान पुरा़ ते कांट्रोल होय दाड़ेयाक्‌आः डॉ बिनोद

**पूर्वी सिंहभूम।** विश्व एड्स दिवस 2025 ताक रे टाटा मेन हॉस्पिटल जमशेदपुर दो़ सोमाज एचआईवी-एड्स बाबो़त रे जागवारको ला़गित् आरआजार आकान हो़ड़ सो़मो़य रे सुही रान-मुरगा़न बेबो़सताय ला़गित् ते आयाक् एकराड़े दो़ड़हा केदा। नोआ ताक रे अस्पताल रेयाक् कंसल्टेंट आर इंचार्ज, त्वचा विज्ञान विभाग, डॉ बिनोद कुमार दो़य मेन केदा जे एड्स दो़ जाहान दो़स बाङ काना, बिचको़म मित्‌टेन नोडकान वायरस काना, नोआ दो़ सो़मो़य रे आर मो़ंज ते रान-मुरगा़न होय लेन खान पुरा़ ते कांट्रोल होय दाड़ेयाक्‌आ आर आजार आकान हो़ड़ दो़ मो़ंज ते जियो़नको खान्डाव दाड़ेयाक्‌आ।

## एनडीआरएफ टीम दो़ रामगढ़ रे आपदा बचाव सिखिना़ते चेत्‌आत्‌कोआ, इसकुल आर आतो हो़ड़े जागवार केत्‌कोआ

**रामगढ़, दुमका।** गृह मंत्रालय, भारत सरकाराक् 9वीं बटालियन आपदा मोचन, बिहटा पटना टीम दो़ सोमवार हिलोक् प्रखंड कार्यालय छाटका रेस्कूली गिदरा़, जनप्रतिनिधिको आर आतो हो़ड़को आपदा राहत आर बचावरेयाक् ता़रीकाय बाडाय ओचोकेत्‌कोआ। टीम लीडर एसआई बलरामसिंह दो़ हार्ट अटैक, कार्डियक अरेस्ट, दाक् रे उनुमोक्, भूकंप,सेरमा बिजली, बिञ गेर आर जा़सतीकाय मायामो़क् लेकान प्राकृतिकआपदाको रे तुरा़ंत गो़ड़ों आर बचाव रेयाक् प्रैक्टिकल ता़रीकाको बुजहा़वात्‌कोआ। एनडीआरएफ रा़सिया़ दो़य ला़ई केदा जे प्राकृतिक आपदा ओ़कते बो़तो़र बाडकाते हिमा़त ते सही पोंथाराकाब जा़रूड़ गेया आर पा़ंसावाकान हो़ड़ाक् घरेलू संसाधो़नको ते चेकाते गो़ड़ों दाड़ेयाक्‌आ। बलराम सिंह दो़य मेन केदा जे बाडाय बाङ रे हजारके हो़ड़ाक् जिवी चालाक् काना, ओनाइया़ते सरकाराक् नोआ जागरूकता पोंथा जियोन जोगाव ला़गित् जा़रूड़ान गेया। का़मीहो़रारे कांस्टेबल अखिलेश कुमार, पवन कुमार, वजीर आलम, विकासकुमार सांवते कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, प्लस टू उच्चविद्यालय, बालक मध्य विद्यालय रेन पा़ठवा़ आर प्रखंड कार्यालय रेन जो़तो़ कर्मचारीको ताहेंकाना। नोआ सिखिना़त दो़ आपदा प्रबंधन ला़गित्‌टोठारिया़ समुदाय रेनको जागवार बाढ़ाव रे गो़ड़ोंवानाक् सा़बितो़क्‌आ।

## कुंड़ा़ल ञापाम आजार दो़ इड आर लिबिडो ते दाबड़ाव दाड़ेयाक्‌आः डॉ विनोद

**दुमका।** संताल परगना कॉलेज रेयाक् मनोविज्ञान विभाग होतेते ओरामेन मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र आर मेंटल हेल्थ मिशन इंडियाता़किनाक् कुरूमुटू ते विभागाध्यक्ष सांवते केंद्र निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मावाक् आ़युर रे मनोविज्ञान विभाग रे 'विश्व एड्स दिवस'को



मानाव केदा। का़मीहोरा ताला रे डॉ विनोद कुमार शर्मा दो़य मेन केदा जे एड्स दो़ इड आर लिबिडो ते दाबड़ाव दाड़ेयाक् गेया। सांवते रे स्कूल सांव-सांवते सामुदायिक स्तर रे हो़ड़ दो़ ''बांचावो़क् गे रान'' रेयाक् हो़हो़ रा़गा़उ तुलुच् हो़ड़को जावारको रेयाक्‌हों ला़कती मेनाक्‌आ। नोआ दो़ मित् कुंड़ा़ल ञापाम ते आरजावाक् आजार काना। नोआ सिरजा़उलेन खान एमान तेयाक् अवसरवादी आजार (टी वी आर मलेरिया) हों सिरजा़क्‌आ। ओनका रे हो़ड़ाक् आ़ञ्झा़उ दो़ आरतेत् गे ढेरो़क्‌आ। नोआ दो़ आयमा लेकाते पासनावो़क् काना आर हो़ड़मो़ रे रोग प्रतिरोधक क्षमताय को़मेत् काना। एड्स तेबो़तो़र आर लाजावो़क् बाङ काते नोआ खो़न ला़ड़हा़यो़क् रेयाक्‌साहो़ंस होयोक् लेक काना।

## विराट ला़गित् रन बेनाव दो़ आले ला़गित् चाय बेनाव सोमान : सहवाग

**नावां दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम रेन पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग दो़ अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहलीय सारहाव आकादेया। रांची रे आठवार हिलोक् दक्षिण अफ्रीका खिलाफ विराटआक् शतकीय पारी तेसहवाग आ़डीय प्रभावित आकाना। उनी दो़ कोहली सारहावे तुलुच्‌एमेनाकादा जे उनी ला़गित् रन बेनाव उना़क् गे आलगावा, तिना़क् दो़आले ला़गित् बेनाव। सांवते गेय मेन केदा जे किंग किंग गेय ताहेंनकाना। विराट दो़ 120 बॉल रे 135 रन मो़ंज पा़रीय एनेच् लेना। नोआ ओ़कते उनी दो़ 11 चौका आर 7 छक्काय माराव लेदा। लाहा मैच रे विराट आर रोहित शर्माता़किनाक् जोड़ी लय रे ञेलेना। विराट दो़ नोआ मैच रे 52वां शतक ए लागाव केदा। नोंकाते उनी दो़ मित्‌फॉर्मेट रे आ़डी जा़सती शतक रेन सचिन तेंदुलकराक् रिकॉर्डए पारो़म केदा। विराटाक् पा़री सारहाव तुलुच् सहवाग दो़य ओ़ल केदा- 'विराट कोहली दो़ आरहोंय उदुक् केदा रन बेनाव उनी ला़गित् उना़क् गे आलगावा तिना़क् दो़ आले ला़गित् चाय बेनाव। 52वां ओडीआई शतक। कोहली रिकॉर्ड रेयाक् बाय पीछायेत् काना, रिकॉर्ड कोहलीयाक्‌ए पीछायेत् काना। तेहेञ हों रेंगेच् नोते, जुनून नोते। किंग तो़बे किंग गे ताहेंन काना।'

## गाडा रेय उनुम गो़च् एना मित्‌टेन कोड़ा, उनी बांचावे बाडकाते आच् रेन गाते गेको दा़ड़ केदा

**धनबाद ।** निरसा टोठा रेयाक् बार बेदिया गाडा घाट रे आठवार हिलोक् सेताक् मित् घो़टो़ना सामाङ हेच् एना, जाहां दो़ डा़बरा़क् ओ़कते मुटामुटी 35 उमा़र रेन कोड़ा धनु रवानीय उनुम गो़च् एना।मा़ंड़ीं दो़ सोमवार हिलोक् गोताखोरकोवाक् गो़ड़ों ते गाडा खो़नको ओडोक केदा। बाडायाकान लेकाते गो़च्‌एन धनु रवानी दो़ आठवारहिलोक् सेताक् आच् रेन आदो़म गातेको सांवते गाडा घाट रे पार्टीय ला़गित्‌ए सेटेर लेना, ला़येत् कानाको जे सेताक् रे डा़बरा़क्‌ओ़कते धनु दो़ खा़ंदरी दाक् सेच्‌ए चालाव एना आरे उनुमेना। नोआघो़टो़ना ते जो़तो़कोय ठाक ओचोकोवान पहलू ताहेंयाकाना जे आच्‌सांवते हेच्‌एन गाते कोड़ाकोताय दो़ उनी बांचावे बाडकाते ताक रेकोदा़ड़ केदा। नुना़क्‌को बो़तो़राकान ताहेंना जे जो़म ञुवाक् सामान हों ओण्डेको ञिर बा़गीयादा आर घो़टो़ना काथा दो़ धनु ताको ओ़ड़ाक् रेन ला़याको हों ठिक बाको बुजहा़उ लेदा।


## कार्यालय, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पाकुड़

dairypakur@gmail.com

**आम सूचना**

सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत पाकुड़ जिला में गव्य विभाग द्वारा दिनांक– 03.12.2025 को बजार समिति मैदान, पाकुड़ में पूर्वाहन 11:00 बजे दुधारू पशु मेला एवं गव्य प्रर्दशनी का आयोजन किया गया है, सभी प्रखंड के प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी/सभी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी एवं पशुपालकों को उक्त मेला हेतु आमंत्रित किया जाता है। साथ ही साथ वित्तीय वर्श 2024–25 में डी0बी0टी0 प्राप्त शेष लाभुकों को पुनः निदेश दिया जाता है कि वे अपने खातें में लाभुक अंशदान की राशि यथा ीघ्र जमा कर उक्त मेले में अपनी पसन्द से पशु क्रय करना सुनिश्चित करें। विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, निश्चितपुर, मालपहाड़ी रोड, पाकुड़ आकर सम्पर्क कर सकते है।

निवेदक
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पाकुड़

PR.NO.367411 Animal Husbandry(25-26):D



## नगर परिषद कार्यालय, मधुपुर

E-mail – nagarparshadmadhupur@gmail.com

**सूचना**

मधुपुर नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत नया बस स्टैण्ड के समीप अर्थात मुख्य निकास द्वार के दक्षिण दिशा पर अवस्थित मेन रोड के सामने एवं नया बस पड़ाव के अन्दर पश्चिम दिशा के सामने खाली भू–खण्ड पर कुल 25 (पचीस) स्टॉल, माप (10′– 0″ X 10′– 0″) का निर्माण हेतु मधुपुर नगर परिषद क्षेत्र के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार तथा स्थानीय शिक्षित महिला बेरोजगार को भूमि आवंटन हेतु इस विज्ञापन के माध्यम से आमंत्रण दी जा रही है। मधुपुर नगर परिशद क्षेत्र के वैसे व्यक्ति तथा महिला सदस्य, जो शिक्षित बेरोजगार हैं तथा जिन्हें पूर्व में मधुपुर नगर परिषद के स्तर से कोई भी दुकान आवंटित नहीं की गई है या रोजगार हेतु कोई भी अपनी दुकान अथवा नौकरी नहीं है, वैसे ही व्यक्ति या महिला सदस्य इस विज्ञापन में आवेदन के माध्यम से भाग ले सकते हैं। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन के साथ नीचे वर्णित कंडिकावार भात्तें एवं आवेदन की प्रक्रिया में संलग्न कागजात की विवरणी निम्नवत है। आवेदन देने की तिथि दिनांक 02.12.2025 से 06.12.2025 तक की तिथि निर्धारित की गई है। इसके पश्चात आवेदन प्राप्त करना वैध नहीं माना जायेगा। खाली भूमि का आवंटन निर्धारित प्रस्तावित स्थान से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से नगर परिशद कमिटि के सदस्यों की उपस्थिति में की जायेगी। भूमि आवंटन के पश्चात PPP मोड पर अर्थात स्वीकृत इच्छुक आवेदकों के द्वारा प्राक्कलन के आधार पर आवेदक के खर्च से प्राक्कलित राशि के अनुसार स्टॉल का निर्माण किया जायेगा। स्टॉल निर्माण के पश्चात् प्राक्कलन के आधार व्यय की गई राशि का समायोजन आधी राशि नगद एवं आधी राशि का समायोजन मासीक भाड़े में समायोजित किया जायेगा। इच्छुक आवेदकों को 1000.00 (एक हजार रू०) मात्र का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी हो, जो कार्यपालक पदाधिकारी, मधुपुर नगर परिषद के नाम देय होगा। आवेदन के साथ नीचे वर्णित कागजातों के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो वापस नहीं होगा।

**आवेदन के साथ संलग्न की जाने वाली कागजातों की सूची तथा नियम एवं शर्त्त :–**

1. आवेदक को आवेदन के साथ आधार कार्ड/मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति, जो स्वअभि प्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. आवेदक को अद्यतन धृति कर का भुगतान करना अनिवार्य होगा।
3. मधुपुर नगर परिशद के द्वारा किसी भी तरह का स्टॉल आवंटन किये जाने के फलस्वरूप आवेदक को इस सम्बंध में स्टॉल आवंटन नहीं होने का शपथ–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. किसी भी आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति को स्टॉल निर्माण का आवंटन नहीं किया जायेगा। इस संबंध में भापथ–पत्र के माध्यम से घोशणा देना अनिवार्य होगा।
5. मधुपुर नगर परिषद शहरी क्षेत्र के निवासियों, दिव्यांग एवं महिलाओं को ही प्राथमिकता दी जायेगी।
6. आवेदक को तत्कालीक पासपोर्ट साईज का दो फोटो संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. स्वीकृत आवेदन के पश्चात प्राक्कलन के आधार पर स्टॉल निर्माण में व्यय की जाने वाली राशि का खर्च आवेदक के द्वारा किया जायेगा। स्टॉल निर्माण हो जाने के फलस्वरूप आवेदक को एकरारनामा करना अनिवार्य होगा।
8. एकरारनामा की अवधि 05 वर्ष की होगी, जिसमें प्राक्कलन के आधार व्यय की गई राशि का समायोजन निर्धारित भाड़े के आधार पर आधी राशि नगद एवं आधी राशि मासीक भाड़े में समायोजित किया जायेगा।
9. स्टॉल आवंटन के पश्चात् आवेदक को जमानत के रूप में 25,000.00 (पचीस हजार रू०) मात्र का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी हो, जो कार्यपालक पदाधिकारी, मधुपुर नगर परिषद के नाम देय होगा, सुरक्षित राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।
10. स्टॉल आवंटन के बाद स्टॉल धारकों को स्टॉल के स्ट्रक्चर में छेड़छाड़ की अनुमति नहीं होगी।
11. कार्यालय के स्तर से अन्य कागजात माँगने की स्थिति में उसका अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

प्रशासक,
नगर परिषद, मधुपुर।

PR.NO.367439 Deoghar(25-26):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय सिंचाई प्रमण्डल, पाकुड़

Email-Id- wrdeepakur@gmail.com.

पत्रांकः–............/ पाकुड़, दिनांक.............

**शुद्धि– पत्र।**

इस कार्यालय द्वारा निकाले गए ई–निविदा आमंत्रण संख्या–WRD/IRR.DIV. PAKUR F2-12/2025-26 दिनांक 21.11.2025 जिसका PR No. 366871(25-26)D में आंशिक संशोधन किया जाता है, जो निम्नवत् हैः–

| पूर्व में निकाली गई तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|
| वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि–24.11.2025 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि–29.11.2025 |
| ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय,दिनांक 24.11.2025 से दिनांक 29.11.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय,दिनांक 29.11..2025 से दिनांक 06.12.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 01.12.2025 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 08.12.2025 |

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमण्डल, पाकुड़।

PR.NO.367468 Irrigation(25-26):D



## झारखण्ड सरकार
## उद्योग विभाग
### हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय
### कार्यालय, सहायक उद्योग निदेशक(रेशम),संथालपरगना, दुमका

email id:- adidumka1967@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निलामी सूचना सं0–01/2025–26 (PR no- 366819 (Industries) 2025-26(D) में आंशिक संशोधन किया जाता है जो निम्नवत हैः–

1. कंडिका–06 कोविलोपित किया जाता है।
2. पूर्व कंडिका– 07 में तकनीकी एवं वित्तीय कागजात अलग–अलग लिफाफा में के स्थान पर तकनीकी कागजात सील बंद लिफाफे में पढ़ा जाय।
3. पूर्वकंडि का– 10 में से वित्तीय लिफाफा को विलो पित किया जाता है।
4. पूर्व कंडिका–12 में नीलामी हेतु गठित समिति द्वारा उच्च बोली लगाने वाले ईकाई/प्रतिशठान को को कून विक्रय करने की अनुशंसा करने के उपरांत क्रेता द्वारा 07 दिनों के अन्दर संबंधित अग्रपरियोजना केन्द्रों को कोकून की गणना के अनुसार राशि का भुगतान सुनिश्चित करना होगा पढ़ा जाय।

ह0/–

शेष सभी कंडिका एवं शर्तें यथावत रहेगी। सहायक उद्योग निदेशक (रेशम)
संथाल परगना, दुमका

PR 367409 (Industries)25-26*D



## कार्यपालक अभियंता (याँत्रिक) का कार्यालय सिंचाई याँत्रिक प्रमंडल, देवघर

Email Id – eeimddeoghar@gmail.com

**ई– प्रोक्योरमेंट सूचना**

अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं०–
WRD/IMD/DEOGHAR/06F$_2$/2025–26 दि० 28.11.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | पुनासी जलाशय योजना के मुख्य नहर के चेन सं०–21 के नई असैनिक संरचना में एक अदद E.R गेट सभी अवयवों के साथ निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 14,21,231.00 (चौदह लाख इक्कीस हजार दो सौ इकतीस मात्र) |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 90 दिन |
| 4 | अग्रधन की राशि (रुपये में) | 28,500.00 |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथी एवं समय | 02.12.2025 (अपराहन 5.00 बजे) |
| 6 | आनलाईन बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 15.12.2025 (अपराहन 5.00 बजे) |
| 7 | ई–निविदा खुलने की तिथी एवं समय | 17.12.2025 (पूर्वाह्न 11.00 बजे) |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, देवघर। |
| 9 | ई–प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8405978740 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं० | 0651–2491232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

PR 367442 Water Resource(25-26).D

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई याँत्रिक प्रमण्डल, देवघर



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गोड्डा

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्याः–03/2025-26/ N.R.E.P,Godda**

email Address:-eenrepgodda@gmail.com

| क्रम संख्या | कार्य का विवरण | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र का मुल्य | प्राक्कलित राशि (रूपये में) लाख में | | अग्रधन की राशि (रूपये में) लाख में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | अंक में | अक्षर में | | | |
| 01 | डी०एम०एफ०टी० मद | मेहरमा प्रखंड के ग्राम पंचायत कसबा के ग्राम आजाद कसबा में UPG GOVT +2 HS B.JHA AZAD KASBA में चहारदिवारी निर्माण कार्य | 5,000.00 | 20.90700 | बीस लाख नब्बे हजार सात सौ रूपये मात्र | 0.42 | 06 (छह) माह | प्रथम |
| 02 | डी०एम०एफ०टी० मद | मेहरमा प्रखंड के ग्राम पंचायत मड़पा के ग्राम मड़पा में GOVT HS MARPA (1-8) में चहारदिवारी निर्माण कार्य | 1,250.00 | 8.57700 | आठ लाख संतावन हजार सात सौ रूपये मात्र | 0.18 | 06 (छह) माह | प्रथम |
| 03 | डी०एम०एफ०टी० मद | मेहरमा प्रखंड के ग्राम पंचायत ईटहरी के ग्राम ईटहरी esa UPG GOVT HS ITHARI में चहारदिवारी निर्माण कार्य | 750.00 | 4.97700 | चार लाख संतानवे हजार सात सौ रूपये मात्र | 0.10 | 06 (छह) माह | प्रथम |
| 04 | डी०एम०एफ०टी० मद | मेहरमा प्रखंड के ग्राम पंचायत मधुरा के ग्राम मधुरा में UPG GOVT HS MADHURA में चहारदिवारी निर्माण कार्य | 2,500.00 | 11.34200 | ग्यारह लाख चौंतीस हजार दौ सौ रूपये मात्र | 0.23 | 06 (छह) माह | प्रथम |
| 05 | डी०एम०एफ०टी० मद | मेहरमा प्रखंड के ग्राम पंचायत शंकरपुर के ग्राम शंकरपुर झल्ला टोला में SCHOOL JHALLA TOLA SHANKARPUR में चहारदिवारी निर्माण कार्य | 2,500.00 | 13.78700 | तेरह लाख अठहत्तर हजार सात सौ रूपये मात्र | 0.28 | 06 (छह) माह | प्रथम |
| 06 | डी०एम०एफ०टी० मद | ठाकुरगंगटी प्रखंड के ग्राम पंचायत तेतरियामाल के ग्राम कजरैल में UPG GOVT HS KAJRAIL में चहारदिवारी निर्माण कार्य | 5,000.00 | 17.67800 | सतरह लाख सड़स्ठ हजार आठ सौ रूपये मात्र | 0.36 | 06 (छह) माह | प्रथम |
| 07 | डी०एम०एफ०टी० मद | ठाकुरगंगटी प्रखंड के ग्राम पंचायत रूंजी के ग्राम आशा खापर में UPG GOVT ASHA KHAPER में चहारदिवारी निर्माण कार्य | 5,000.00 | 15.19500 | पन्द्रह लाख उन्नीस हजार पाँच सौ रूपये मात्र | 0.31 | 06 (छह) माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 05.12.2025 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 13.12.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ई–निविदा खोलने की स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०,गोड्डा
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–15.12.2025 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०,गोड्डा ,
6. ई:निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाष संख्या :– 93045–83101
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** में स्वीकार्य होगी। निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा,उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जिम्मेवारी आपकी (संवेदक) होगी।
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ सकती है,तदनूसार परिमाण विपत्र की राशि का 2% राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
9. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताये निविदा रद्ध करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा
10. भवन निर्माण विभाग/ पथ निर्माण विभाग/ ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड,राँची से निबंधित संवेदक भाग ले सकते हैं। **Form Of Bid** एव **Bill of Quantity** में दर भिन्न रहने पर निविदा अमान्य समझा जायेगा। **Solvancy Certificate** प्राक्कलित राशि का 10% प्रतिशत जमा करना होगा।
11. एनेक्सर–2 में दिये गये प्रपत्र में ही शपथपत्र देना है। विशेष परिस्थिति में ई–निविदा Jharkhand tender portal एवं www.godda.nic.in वेबसाईट में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन०आर०ई०पी०,गोड्डा

PR 367422 (NREP) 25-26 (D)

# युवाओं के लिए स्वदेशी बनेगा नई उम्मीद : बाबूलाल

## स्वदेशी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लिम्स में कारीगरों का बढ़ाया हौसला



**संवाददाता**

**दुमका।** तेलियाचक स्थित लिम्स परिसर के दौरे पर सोमवार को पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्वदेशी नवाचार और स्थानीय उद्यमिता को नई दिशा देने की जरूरत पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बांस और जलकुंभी से निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता, विविधता और आकर्षक डिज़ाइन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वदेशी उत्पाद ग्रामीण आजीविका को मजबूती देने के साथ आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हैं। मरांडी ने परिसर में बने बांस के कॉटेज को सतत विकास और स्वदेशी कारीगरी का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर लिम्स के निदेशक जोएल वर्गिस ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्थानीय कारीगरों के कौशल विकास तथा स्वदेशी वस्तुओं के निर्माण संबंधी विस्तृत जानकारी दी। मरांडी ने कहा कि ऐसे संस्थान ÷लोकल फॉर लोकल÷ की सोच को ज़मीनी मजबूती प्रदान करते हैं और ग्रामीण युवाओं के लिए नए रोज़गार अवसर तैयार करते हैं। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और प्रचार-प्रसार को जनआंदोलन बनाने की अपील की। इस दौरान पूर्व सांसद सुनील सोरेन समेत कई स्थानीय भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्र समन्वय समिति ने बाबूलाल से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन



**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की छात्र समन्वय समिति के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष को परिसदन में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों के छात्रों को सत्र 2024-25 की छात्रवृत्ति अब तक प्राप्त नहीं हुई, जिससे लाखों विद्यार्थी गंभीर संकट में हैं।

छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार ने छात्रों को लगातार गुमराह किया है। ज्ञापन सौंपने वाले छात्र नेताओं में डॉ. श्यामदेव हेंब्रम, राजेंद्र मुर्मू, दास सोरेन, रोहित मुर्मू, परेश मुर्मू, सूरज, जूलियस मरांडी, विष्णु सोरेन, सूरज किस्कू, सुलिश सोरेन, संजय हांसदा, शिवलाल मरांडी, संजय किस्कू, मंगल सोरेन, जयर्नेश कुमार, मार्शल सोरेन, रवि मरांडी, प्रेम कुमार टुडू, मनोज कुमार, अनिल कुमार, बिमल मरांडी, जसवान बास्की, विश्वजीत मुर्मू समेत कई छात्र मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने नेता प्रतिपक्ष से हस्तक्षेप की लगाई गुहार

**दुमका।** जिले के पेलनीबांध और भोड़ीसिमल गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी से मिलकर आंगनवाड़ी केंद्र में जारी अनियमितताओं के खिलाफ लिखित शिकायत सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि पेलनीबांध केंद्र की सेविका ओरफा हांसदा पर लंबे समय से लापरवाही, पोषहार घोटाला और अवैध गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई निर्णायक कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीण पहले ही बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, स्थानीय विधायक और जिला उपायुक्त को तीन अलग-अलग आवेदन दे चुके हैं। उनका कहना है कि केंद्र में बच्चों को पर्याप्त पोषहार नहीं मिल रहा, कुपोषण बढ़ रहा है और शिकायत करने वालों को डराया-धमकाया जा रहा है। ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच, दोषी सेविका को हटाने, पोषहार वितरण की पारदर्शी निगरानी और केंद्र के सुचारू संचालन की मांग की। इस पर मरांडी ने भरोसा दिलाया कि संबंधित विभागों को निर्देशित कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा गरीब और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राम प्रधान मताल हेंब्रम सहित कई ग्रामीणों ने आशा जताई कि नेता प्रतिपक्ष के हस्तक्षेप से अब स्थिति में सुधार होगा।

## दुमका पुलिस परिवार ने दी विदाई, सदर के पुलिस निरीक्षक शिवलाल टुडू सेवानिवृत्त



**दुमका।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में सोमवार को एक गरिमापूर्ण और भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सदर प्रभाग के पुलिस निरीक्षक शिवलाल टुडू को उनकी लंबी और समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के इस खास अवसर पर जिले के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) विजय कुमार महतो, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (जरमुंडी) अमित कछप, एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ईकुड डुंगडुंग ने विशेष रूप से शिवलाल टुडू को उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए सम्मानित किया। जरमुंडी, जामा, मसलिया, रानीश्वर, टोंगरा समेत अन्य थाना प्रभारी भी समारोह में उपस्थित थे, जिन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर सेवानिवृत्त निरीक्षक को शुभकामनाएं दीं। पुलिस परिवार के सदस्यों ने शिवलाल टुडू की निष्ठा, समर्पण और कर्तव्यपरायणता की सराहना की और उनके उज्जवल, स्वस्थ एवं सुखमय भविष्य की कामना की। इस भावभीनी विदाई समारोह ने पुलिस विभाग के एक अनुशासित और समर्पित अधिकारी के समर्पण की मिसाल पेश की।

## डिजिटल आंगनबाड़ी से स्मार्ट क्लास तक, नीति आयोग को नई रफ्तार दे रहा दुमका प्रशासन

**दुमका।** जिले में संचालित विकासात्मक योजनाओं की गति तेज करने के उद्देश्य से उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को नीति आयोग से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गई। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि समेत आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति का बारीकी से मूल्यांकन किया गया। उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा में हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। बैठक में नीति आयोग से प्राप्त राशि से संचालित प्रमुख योजनाओं डिजिटल आंगनबाड़ी, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी डेवलपमेंट, ट्राइबल युवाओं के लिए स्किल इंप्रूवमेंट इनिशिएटिव, बम्बू मेकिंग सैड आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। कई परियोजनाएँ पूर्णता के अंतिम चरण में पाई गईं, जिनके शीघ्र हैंडओवर और संचालन शुरू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी सहित विभिन्न वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## एड्स दिवस पर डालसा ने जागरूकता अभियान चलाकर दिया भेदभाव-मुक्त समाज का संदेश



**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विश्व एड्स दिवस पर जिले के विभिन्न प्रखंडों व पंचायतों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। सोमवार को पैरा लीगल वॉलिंटियर्स ने लोगों को बताया कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर महामारी के प्रति हर आयु वर्ग में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है, इसलिए समय पर जांच और उपचार जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान लोगों से अपील की गई कि एचआईवी से प्रभावित व्यक्तियों और बच्चों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें, क्योंकि उनके साथ भेदभाव अमानवीय और असंवैधानिक है। प्राधिकार के सचिव ने स्पष्ट किया कि भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और सम्मान का मौलिक अधिकार देता है, चाहे वे एचआईवी से प्रभावित हों या नहीं। उन्होंने कहा कि समाज का दायित्व है कि वह उनके अधिकारों की रक्षा करे और सम्मानजनक वातावरण प्रदान करे।

## धरमपुर में प्रस्तावित कचरा प्रबंधन प्लांट (एस डब्ल्यू एम) का ग्रामीणों ने किया विरोध



**जरमुंडी।** बासुकीनाथ नगर पंचायत के धरमपुर में प्रस्तावित कचरा प्रबंधन प्लांट को लेकर ग्रामीणों का तीव्र विरोध होना शुरू हो गया है। धर्मपुर मौजा के 16 आना रैयतों के साथ आस पास के आधा दर्जन गांवों के लोगों ने कचरा प्रबंधन प्लांट के विरोध को लेकर मुहिम रखा है। रैयतों एवं ग्रामीणों के बढ़ते विरोध के मद्देनजर बीते दिन अंचलाधिकारी जरमुंडी की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई। जिसमें ग्रामीणों के साथ अंचलाधिकारी की देर तक राय शुमारी हुई। बातचीत के क्रम में प्रस्तावित कचरा प्लांट के स्थल चयन को लेकर विरोध कर रहे ग्रामीण पक्षों के बीच गतिरोध बना रहा। जिससे ग्रामीणों के साथ अंचलाधिकारी की वार्ता विफल हो गई। इधर ग्राम पंचायत ठेकचा घोघा की मुखिया उर्वशी हांसदा ने बताया कि नगर पंचायत बासुकीनाथ द्वारा ग्रामीण इलाके में कचरा डंपिंग कर प्रदूषण फैलाने का काम कर रहा है। इससे ग्रामीणों की सेहत के साथ-साथ भूमि एवं भू गर्भ जल के प्रदूषण का खतरा पैदा हो गया है। मालूम हो कि जरमुंडी अंचल अंतर्गत धर्मपुर मौजा के थाना नंबर 16 खाता संख्या 38 दाग संख्या 4 रकबा 5 एकड़ परती कदीम भूमि नगर पंचायत बासुकीनाथ के कचरा प्रबंधन प्लांट हेतु नगर विकास एवं आवास विभाग को हस्तांतरित किया गया है, जो निर्माण के पहले ही विवादों में फंस गया है।

## विश्व एड्स दिवस पर जन शिक्षण संस्थान में जागरूकता व शपथ कार्यक्रम आयोजित



**दुमका।** जन शिक्षण संस्थान, दुमका में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को एक भव्य जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थी, प्रशिक्षक, स्थानीय समुदाय के सदस्य और संस्थान के अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीपक कुमार सिंह द्वारा एचआईवी/एड्स की मूल जानकारी, संक्रमण के तरीके, बचाव के उपाय और समय पर जांच के महत्व पर चर्चा से हुई। उन्होंने सामाजिक भेदभाव समाप्त करने और सही जानकारी फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे एड्स से जुड़े मिथकों को खत्म करेंगे, सुरक्षित जीवनशैली अपनाएंगे और समाज में जागरूकता फैलाएंगे। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीराम कुशवाहा ने युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, जागरूकता ही बचाव है। इस आयोजन को सफल बनाने में दीपक कुमार सिंह, दर्शन हेम्ब्रम, श्रीराम कुशवाहा, प्रदीप कुमार शर्मा, सविता किस्कू, आनंद कुमार और मनोज हेंब्रम सहित सैकड़ों प्रतिभागियों ने अहम भूमिका निभाई।

## विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**गोपीकांदर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोपिकान्दर में एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉ. हेमंत मुर्मू ने की, जिसमें स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मचारियों और सिनी संस्था के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डॉ. मुर्मू ने उपस्थित लोगों को एचआईवी संक्रमण के कारण, बचाव के तरीके और उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हर किसी को अपनी वर्तमान एचआईवी स्थिति की जांच करवानी चाहिए। डॉ. मुर्मू ने स्पष्ट किया कि एचआईवी से संक्रमित व्यक्ति, चाहे वह पुरुष हो, महिला हो या किशोर/किशोरी, नियमित रूप से एड्स केंद्र से दवाएँ लेकर सामान्य और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

# शीतलहर से राहत के लिए प्रशासन अलर्ट

## डीसी ने सभी चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराने का दिया निर्देश



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** लगातार बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए दुमका जिले का प्रशासन सक्रिय मोड में आ गया है। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने आमजन को राहत पहुंचाने को लेकर सोमवार को सभी अंचल अधिकारियों और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश के अनुसार बाजारों, बस स्टैंड, अस्पताल परिसरों, भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों तथा प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था बिना विलंब के की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि ठंड का असर सामान्य जीवन पर न पड़े, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि अलाव नियमित रूप से जले, सुरक्षित रहे और जरूरतमंद लोगों तक इसकी सुविधा सहज रूप से पहुँचे। इसके लिए सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों को क्षेत्र में स्वयं निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की समीक्षा करने और आवश्यक सुधार करने को कहा गया है।

उपायुक्त ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी क्षेत्र में अलाव की आवश्यकता महसूस हो, तो संबंधित अंचल कार्यालय या नगर परिषद को तुरंत सूचित करें ताकि तुरंत व्यवस्था की जा सके। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि शीतलहर के बीच जनता को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## 87 सोलर हाई मास्ट लाइटों से जगमग होंगे चौक-चौराहे : डीसी

**दुमका।** जिले में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में दुमका प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 87 सोलर हाई मास्ट लाइटें स्थापित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में ज्रेडा रांची द्वारा संचालित इस परियोजना की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई।

उपायुक्त ने बताया कि जिले के प्रमुख एवं संवेदनशील चौक-चौराहों पर लगाई जा रही ये सोलर हाई मास्ट लाइटें रात के समय उजाले की गुणवत्ता को बढ़ाएँगी। बेहतर प्रकाश से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और ग्रामीणों की रात्रिकालीन आवाजाही अधिक सुरक्षित एवं सहज होगी। प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ होने से स्थानीय सामाजिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

सौर ऊर्जा आधारित यह व्यवस्था पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ बिजली पर निर्भरता कम करेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों को निरंतर, किफायती और स्वच्छ ऊर्जा से युक्त प्रकाश उपलब्ध होगा।

उपायुक्त ने एजेंसी को निर्देश दिया कि अगले पाँच वर्षों तक सभी हाई मास्ट लाइटों का संपूर्ण मेंटेनेंस उसी द्वारा सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

## रंगामटिया में एसबीआई का सीएसपी केंद्र शुरू



**मसलिया।** मसलिया प्रखंड के मसानजोर पंचायत अंतर्गत रंगामटिया गांव में सोमवार को एसबीआई के हाईटेक ग्राहक सेवा केंद्र सह प्रज्ञा केंद्र का शुभारंभ किया गया। रानीघाघर शाखा प्रबंधक रवि रितेश केरकेट्टा और पंचायत के मुखिया वीरेंद्र किस्कु ने संयुक्त रूप से फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। बताया जा रहा है कि दुमका जिले में ग्राम स्तर पर खुलने वाला यह पहला हाईटेक सीएसपी केंद्र है, जिससे मसलिया के साथ-साथ फतेहपुर प्रखंड के कई गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। केंद्र के संचालक मदन पंडित ने जानकारी दी कि इस केंद्र पर ई-केवाईसी, बड़ा पासबुक, ऋण संबंधित कार्य, भारी राशि का लेनदेन, पेयजल व बैठने की उचित व्यवस्था उपलब्ध होगी। सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक सीएसपी संचालक राजेश कुमार पंडित और रोहन कुमार पंडित ग्राहकों को सभी सेवाएं प्रदान करेंगे। मौके पर पुरोहित आशुतोष झा, अरुण पंडित, ग्राम प्रधान रामदुर्लभ पंडित, हरिनारायण पंडित, अर्जुन पंडित, नंदकिशोर झा, रूपलाल पंडित, निशिकांत झा, फटिक मंडल, माणिक पंडित सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## एड्स दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना का आयोजन



**रानीश्वर (दुमका)।** सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाइयां 2, 3, 4 और 5 ने एम जी डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर नब कुमार पाल की अध्यक्षता में विश्व एड्स दिवस का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर सभी वालंटियर्स के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट लेखन प्रस्तुत कर सफलता प्राप्त की। कार्यक्रम में आईक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर प्रोफेसर आबिद राजा भी उपस्थित थे। उत्कृष्ट लेखन के लिए यूनिट 2 से सुकुल मरांडी, अरनेल हेमब्रम; यूनिट 3 से नूपुर भंडारी; यूनिट 4 से रूबी साहा और सुभांकर धीबर को विशेष सम्मान दिया गया। इसके अतिरिक्त रूबी साहा, सौरभ गोराइ, अतोसी रॉय, जय कुमार साह, ऋतू यादव, किरण हांसदा, सेमअल मरांडी और सुकाल मरांडी सहित अन्य वालंटियर्स भी कार्यक्रम में मौजूद थे। इकाई 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. स्वर्ण कुमार सिंह, इकाई 3 की डॉ. रूपम कुमारी, इकाई 4 के डॉ. प्रशांत पातर और इकाई 5 के प्रोफेसर आशीष कुमार मंडल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## ग्रामीणों ने की एप्रोच रोड बनाने की मांग




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** ग्रामीणों ने एन 114 ए पर सिंघनीपोखर- हथनंगा के बीच एप्रोच रोड बनाने की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बिना रोड के पुल पर गाड़ियों का चढ़ना उतरना खतरे से खाली नहीं है।

एनएच 114 ए पर इस स्थान पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटना की आशंका काफी बढ़ गई है। सिंघनीपोखर और हथनंगा के क्रमशः सनातन दास, नव कुमार दास, लक्ष्मण राय, गोपाल दास, कटकी दागरी, जनार्दन पुजहर, राजू दास, पवन कुमार दास सहित दर्जनों अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग जरमुंडी ब्लॉक और जरमुंडी मार्केट को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग भी है। इसलिए यहां ढलान एप्रोच रोड का निर्माण आवश्यक है। बता दें कि सिंघनीपोखर- हथनंगा के इस क्षेत्र में करीब 1000 घरों वाले हजारों की संख्या में एक बड़ी आबादी यहां निवास करती है। ऐसे में यहां एनएच 114 ए पर ढलान एप्रोच पथ का निर्माण नहीं होने से आवागमन में ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ढलान पर बिना अप्रोच पथ के एन एच रोड पर आवागमन के दौरान गाड़ियों और राहगीरों का चढ़ना और उतरना खतरे से खाली नहीं है। एनएच पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटना की आशंका काफी बढ़ गई है।

## डॉ. श्वेता को लायन्स क्लब ने किया सम्मानित



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** लायन्स क्लब ऑफ दुमका के सदस्यों द्वारा जे.पी.एस.सी. परीक्षा में राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली डॉ. श्वेता स्वराज का सोमवार को भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। डॉ. स्वराज को हाल ही में फुलो झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, दुमका में पदस्थापना मिली है। इस उपलब्धि पर क्लब के अध्यक्ष लायन सतीश कुमार ने उन्हें पारंपरिक शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं, सचिव लायन प्रदीप्त मुखर्जी ने पुष्प गुच्छ भेंट किया और वरिष्ठ सदस्या लायन डॉ. अमिता रक्षित ने स्मृति चिन्ह देकर उनका हौसला बढ़ाया।

समारोह में लायन्स क्लब के सभी सदस्यों ने डॉ. श्वेता के उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके कठोर परिश्रम को सराहा। सचिव प्रदीप्त मुखर्जी ने कहा कि यह सफलता सभी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अध्यक्ष सतीश कुमार ने कार्यक्रम का समापन करते हुए सभी सदस्यों और उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद किया।

यह सम्मान समारोह डॉ. श्वेता स्वराज के निखरते करियर की एक नई शुरुआत साबित होगा और दुमका जिले में युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

## ट्राईबल स्किलिंग सेंटर में विश्व एड्स दिवस



**दुमका।** ट्राईबल स्किलिंग सेंटर शिवपहाड़ में सोमवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का किया गया। मुख्य अतिथि विभास कुमार, डिप्टी मेनेजर, एड्स डिपार्टमेंट ने एचआईवी/एड्स के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने और भ्रांतियों को दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने संक्रमण के कारण, रोकथाम के उपाय और समय पर जांच की आवश्यकता को बारीकी से समझाया। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों, प्रशिक्षणार्थियों और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर सामूहिक शपथ ली कि वे सही जानकारी को फैलाएंगे, संक्रमितों के प्रति भेदभाव नहीं करेंगे और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूकता बढ़ाएंगे। इस दौरान युवाओं ने भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर उत्साहपूर्ण विचार साझा किए। कार्यक्रम पदाधिकारी सोनाली सोरेन ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ इस पहल की सफलता को सराहा और भविष्य में ऐसे आयोजन नियमित करने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों, प्रशिक्षकों और कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा।

# बालिका उच्च विद्यालय में छात्राओं की तबियत खराब, दो बार बेहोशी की घटनाओं से मचा हड़कंप

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**गोपीकांदर।** प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में एक बार फिर छात्राओं की अचानक बेहोशी की घटनाओं ने स्कूल परिसर में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। 14 वर्षीय मिरु हांसदा, जो ओडमो गांव की रहने वाली है, सोमवार को प्रार्थना के बाद अचानक बेहोश होकर विद्यालय में गिर गई। मिरु की तबियत बिगड़ने पर प्रधानाध्यापिका नोमिता किस्कू एवं स्कूल स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए उसे तत्काल गोपीकांदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।



प्रधानाध्यापिका ने बताया कि मिरु की मां ने बताया कि पिछले वर्ष भी इसी प्रकार की घटना हुई थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. हेमंत मुर्मू द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देख, बेहतर इलाज हेतु मिरु को दुमका के फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

यह घटना कुछ दिन पहले की उस घटना से मिलती-जुलती है, जब इसी विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा दुलड़ हांसदा भी अचानक मूर्छित होकर रास्ते में गिर गई थी। उस समय भी पत्रकार की सहायता से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विद्यालय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को लेकर सतर्क हैं और छात्राओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान दे रहे हैं।

## बदमाशों ने जलाया धान का खलिहान



**रामगढ़ (दुमका)।** भालसुमर पंचायत के कबिलास पुर गांव में असमाजिक तत्वों ने प्रतिमा देवी के धान के खलिहान में आग लगा दी, जिससे सारा धान जलकर राख हो गया। प्रतिमा देवी ने बताया कि इस बार उनकी धान की फसल पहले मोंथा चक्रवात और रहस्यमयी बीमारी से काफी प्रभावित हुई थी, लेकिन थोड़ी बची फसल उन्होंने महाजन से कर्ज लेकर उगाई थी। दुर्भाग्यवश, बदमाशों ने उनके मेहनत की कमाई को आग के हवाले कर दिया। प्रतिमा देवी का कहना है कि अब पूरे परिवार के सामने खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल धान की जल चुकी फसल का आकलन कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है ताकि वे अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें। स्थानीय ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधि भी इस घटना की कड़ी निंदा कर रहे हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील कर रहे हैं। शिक्षक प्रभात कुमार का कहना है कि किसानों की मेहनत पर ऐसी साजिशें न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी गंभीर हैं। किसानों को सुरक्षा और सहायता देकर उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ाई जानी चाहिए ताकि वे आत्मविश्वास से खेती कर सकें। प्रशासन को चाहिए कि वह शीघ्र कार्रवाई करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686